ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण कृष्ण पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 13 जुलाई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-267 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

कोर्टरूम ड्रामा 'द ट्रायल' में नोयोनिका के ... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

एक दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे सीबीआई के डायरेक्टर

रांची। सीबीआई के डायरेक्टर प्रवीण सूद बुधवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीबीआई के अधिकारी उन्हें लेकर रवाना हो गए। सीबीआई के डायरेक्टर बनने के बाद प्रवीण सूद का यह पहला झारखंड दौरा है। बताया गया है कि प्रवीण सूद रांची स्थित सीबीआई की आर्थिक शाखा, एंटी करप्शन ब्यूरो और चिटफंड की शाखा की समीक्षा करेंगे। साथ ही दर्द के शो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेंगे।उल्लेखनीय है कि वह 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी है।

फांसी के फंदे से लटका युवक

विश्रामपुर। विश्रामपुर थाना क्षेत्र के वर महल्ला के एक मकान से 40 वर्षीय व्यक्ति का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला है। जिसकी पहचान वृक्ष दास पिता स्वर्गीय शंकर दास के रूप में हुई है। घटना बुधवार दोपहर बाद की बताई जा रही है।वहीं मौके पर पहुंची बिश्रामपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए, परिजनों से घटना से संबंधित पूछताछ की कवायद शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं डेड बॉडी को अंतिम परीक्षण हेतु जिला अस्पताल मेदनी नगर भेजा जा रहा है। मौके पर एएसआई संजय सिंह, आरक्षी शीतल कुमार,कमरूदीन अंसारी सहित स्थानीय लोगो कि काफी भीड़ मौजूद थी।

ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है नाबार्ड : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ग्रामीण अर्थ व्यवस्था, कृषि और सहकारी समितियों के विकास की रीढ़ है। बिना नाबार्ड के गांवों के विकास की कल्पना करना संभव नहीं है। शाह बुधवार को नाबार्ड के 42वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1982 में नाबार्ड कृषि वित्त में अल्पकालिक ऋण सिर्फ 896 करोड़ रुपये था, लेकिन आज 1.58 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। दीर्घकालिक ऋण की बात करें तो नाबार्ड आज 2300 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। शाह ने कहा कि नाबार्ड अपनी अब तक की यात्रा में 14 फीसदी की वृद्धि के साथ 20 लाख करोड़ रुपये ग्रामीण अर्थ व्यवस्था में फाइनेंस कर चुका है।

जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर 19 को होगी सुनवाई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सेना के कब्जे वाली जमीन सहित अन्य भूमि की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका पर ईडी की विशेष अदालत में 19 जुलाई को सुनवाई होगी। आरोपित अफसर अली की ओर से अधिवक्ता शम्भू अग्रवाल और अक्षय शर्मा पक्ष रखेंगे जबकि ईडी की तरफ से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार बहस करेंगे। इससे पूर्व अफसर अली ने 11 जुलाई को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमानत याचिका दायर की थी। उल्लेखनीय है कि रांची में अवैध तरीके से जमीन की बड़े पैमाने पर हुई खरीद-फरोख्त के मामले में ईडी ने बीते 13 अप्रैल को झारखंड, बंगाल और बिहार के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन अफसर अली सहित अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था।

अब तक की जांच में ईडी अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। अफसर अली से पहले अमित अग्रवाल और दिलीप घोष ने भी जमानत याचिका दाखिल की थी लेकिन ईडी कोर्ट ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

भूमि अधिग्रहण केस : पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, आशुतोष मिश्रा समेत 23 बरी

रांची। टंडवा में आम्रपाली प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान हुए आंदोलन से जुड़े केस में रांची सिविल कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समेत 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया। साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपों से मुक्त हो गये। जिन्हें कोर्ट ने बरी किया है, उसमें पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, आशुतोष मिश्रा, बद्री साव, मुकेश यादव, विनोद बिहारी पासवान, लाल किसुन यादव, राजेंद्र साहू, विनोद यादव समेत 24 लोगों का नाम शामिल है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्याययुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने इस मामले मे फैसला सुनाया है।

भूमि अधिग्रहण के दौरान मारपीट करने को लेकर सभी पर केस दर्ज : आम्रपाली कोल परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान मारपीट करने को लेकर सभी के खिलाफ टंडवा थाना में कांड संख्या 91/2015 दर्ज की गयी थी। केस के सूचक विनोद साव थे। पुलिस ने केस साबित करने के लिए दो गवाह प्रस्तुत किये थे। जबकि बचाव पक्ष ने एक भी गवाह पेश नहीं किया।

शिबू सोरेन के लोकपाल मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। लोकपाल मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो सह प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सॉलिसिटर जनरल की व्यस्तता की वजह से सुनवाई टली। मामले में अब अगली सुनवाई 17 अगस्त को होगी। बता दें, आय से अधिक संपत्ति मामले में जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन के खिलाफ कोर्ट ने लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जिसपर अदालत ने आगामी 17 अगस्त तक का विस्तार दिया है। कपिल सिब्बल रख रहे शिबू सोरेन की ओर से पक्षः इस मामले में अधिकार क्षेत्र के आधार पर शिबू सोरेन ने सीबीआई को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी है। मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सुनवाई के दौरान लोकपाल की तरफ से सॉलिसिटर जेनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता अपना पक्ष रख रहे हैं। जबकि देश के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल शिबू सोरेन की तरफ से अपना पक्ष रख रहे हैं।

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ : घायल डिप्टी कमांडेंट को

एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची, अभियान जारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। चाईबासा के गोइलकेरा इलाके में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में घायल डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार तिवारी को एयरलिफ्ट कर रांची ले आया गया है। घायल डिप्टी कमांडेंट का इलाज रांची के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति खतरे से बिल्कुल बाहर है।

पहले से अलर्ट थी रांची पुलिस : चाईबासा पुलिस के द्वारा रांची पुलिस को डिप्टी कमांडेंट के घायल होने की सूचना पूर्व में ही दे दी गई थी। जिसके बाद खेल गांव स्थित ग्राउंड में रांची पुलिस के अफसर एंबुलेंस के साथ पहले से ही तैयार खड़े थे। जैसे ही हेलीकॉप्टर खेलगांव ग्राउंड पर लैंड किया, तुरंत डिप्टी कमांडेंट को एंबुलेंस के माध्यम से आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार डिप्टी कमांडेंट की स्थिति खतरे से बाहर है।

सर्च अभियान के दौरान हुआ मुठभेड़ : पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चाईबासा के गोइलकेरा इलाके में नक्सलियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी। सूचना पर कोबरा 209 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार तिवारी फोर्स के साथ नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान पंचलताबुरु के घने जंगलों में छिपे नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। नक्सलियों के द्वारा फायरिंग किए जाने के बाद पुलिस ने भी तुरंत जंगल में मोर्चा ले लिया और जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान डिप्टी कमांडेंट दीपक तिवारी को नक्सलियों की एक गोली लग गई। गोली लगने के बाद भी असिस्टेंट कमांडेंट नक्सलियों से लोहा लेते रहे। इसी बीच पुलिस को अपने ऊपर भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की तरफ भागने लगे। जिसके बाद कोबरा के जवानों ने उनका काफी दूर तक पीछा किया अनुमान लगाया जा रहा है कि इस इनकाउंटर में नक्सलियों को भी गोली लगी है। फिलहाल इलाके में पुलिस बल का सर्च ऑपरेशन जारी है।

जंगल से निकाल कर लाया गया हेलीकॉप्टर तक

नक्सलियों की गोलीबारी बंद होने के बाद घायल डिप्टी कमांडेंट दीपक कुमार तिवारी को कोबरा के जवानों ने जंगल से सुरक्षित निकालकर हेलीकॉप्टर तक पहुंचाया जिसके बाद उन्हें एअरलिफ्ट कर रांची भेजा गया।

पलामूवासी ट्रक ड्राइवर पर्यावरण का दे रहा संदेश, हरियाली जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के नीलांबर पीतांबरपूर अंतर्गत ग्राम कठोंधा निवासी योगेश प्रसाद सिंह ने नयी मुहिम शुरू की है। इस मुहिम की शुरूआत वो खुद से किए। अपने घर के आस-पास करीब 1.5 एकड़ में फलदार वृक्ष लगाकर उसे अमृत बगान का नाम दिया। योगेंद्र सिंह ने बताया की वर्ष 2013 से पहले वो ट्रक चलाते थे। असम, नेपाल समेत देश के कई राज्यों में जाते थे। जहां की हरियाली देखकर अपने जिले को भी पेड़-पौधे से अच्छादित करने की शुरूआत की। उन्होंने बताया की गाल के आरामबाग में नर्सरी देख प्रेरणा ली। जिसके बाद से बगीचा और आम समेत सभी प्रकार के पौधे लगाना शुरू किये। अपने अमृत बगान में उन्होंने लंगड़ा आम, मालदाह आम, सुकुल आम, आम्रपाली आम, खास गुलाब आम, 12 मासी आम, अनार , नारियल, लिच्ची, अनार मौसमी, कटहल समेत विभिन्न तरह के पेड़ लगाए हैं। साथ ही विदेश में सबसे महंगा बिकने वाला आम अल्फाइन कोलकाता से लाकर अपने बगान में लगाए है। योगेश ने बताया की बड़ी-बड़ी गाडियां लेकर वो असम , सिल्लीगुड़ी, रक्सौल, गौवहाटी, नेपाल जाते थे। जहां से जो पौधे मिलते, उसे अपने बगान में लाते थे। आज गाडियां छोड़ घर-घर घूमकर पेड़ लगाने के प्रति लोगों को जागरूक करते है। उन्होंने बताया कि अब तक 500 से अधिक पौधे बांट चुके है। साथ ही रांची, रामगढ़, बगोदर के रहने वाले लोग भी मेरे पास से पौधे ले गए है। पलामू में वर्षा नहीं होने से किसान परेशान रहते है। अगर किसान पेड़ों की खेती करे तो वर्षा भी होगी और फलदार वृक्ष से किसानों को लाभ भी होगा। ज्ञातव्य है कि पलामू जिला हमेशा से सूखा प्रभावित रहा है। गर्मी के मौसम में गर्मी अधिक पड़ती है। सालों साल जिले में अकाल की स्थिति भी बनी रहती है। पलामू के किसान भुखमरी की स्थिति में पलायन भी करते है। पलामू जिले का एक किसान जो कभी ट्रक चलाता था। आज लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। उसका कहना है कि जिले को अकाल से मुक्त करने के लिए वृक्षों को लगाना आवश्यक है। इतना ही नहीं अपने खर्च से लोगों को निः शुल्क पौधे भी बांटता है।

सचिवालय घेराव मामला : सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर आज बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उन्हें मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 23 अगस्त तक बढ़ा दी। सांसद निशिकांत दुबे ने सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की थी। इस याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा।अब अदालत को इस मामले में 23 अगस्त को सुनवाई करेगा। बता दें कि साल 2023 के अप्रैल माह में भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, 5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया। जिसका कांड संख्या 107/2023 है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं।

टेंडर कमीशन मामले में हरीश यादव गिरफ्तार

ईडी ने विष्णु अग्रवाल को 17 जुलाई को बुलाया

रांची। टेंडर कमीशन मामले ईडी ने निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के सहयोगी हरीश यादव को बुधवार गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर ईडी ने जमीन घोटाले मामले में न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल को समन भेजकर 17 जुलाई को ईडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

पूर्व में वीरेंद्र राम के तीन सहयोगी को किया था गिरफ्तार : टेंडर कमिशन मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को ईडी ने बीते 24 जून को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे।वीरेंद्र राम की काली कमाई खपाने में तारा चंद, नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया शामिल थे। ये तीनों ने उसकी काली कमाई खपाने में उसका सहयोग करते थे। नीरज मित्तल तीन फर्जी कंपनियों के माध्यम से वीरेंद्र राम के काले धन को चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल के कर्मियों व रिश्तेदारों के खाते में ट्रांसफर करता था। राम प्रकाश भाटिया फर्जी बिल बनाने से लेकर ब्लैक मनी को खातों में जमा कराने तक में शामिल था।

जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल से होगी पूछताछ : जमीन घोटाले मामले में ईडी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि झारखंड में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ व चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में मनी लांड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही ईडी ने बीते 22 जून को विष्णु अग्रवाल से नौ घंटे तक पूछताछ की थी। विष्णु अग्रवाल सुबह करीब 10.50 में ईडी कार्यालय गए थे। इस दौरान उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए मेडिकल टीम भी आई थी। ईडी ने उनसे रांची के पूर्व उपायुक्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन व प्रेम प्रकाश से रिश्ते, विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री मामले के अलावा फजीवाड़ा करने में सहयोग करने वालों के बारे में भी जानकारी ली थी।

शिविर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

विधायिका व कार्यपालिका का समन्वय जरूरी : स्पीकर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा में बुधवार को विधि निर्माण की प्रक्रिया एवं कार्यपालिका का दायित्व विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने प्रशिक्षुओं और विशेषज्ञ अतिथियों को प्रमाणपत्र दिया। कहा कि विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय बहुत ही जरूरी है, क्योंकि विधायिका कानून बनाती है, लेकिन इसको अमल में कार्यपालिका ही लाती है। इस प्रशिक्षण से दोनों के बीच और ज्यादा समन्वय स्थापित होगा, क्योंकि कार्यपालिका विधायिका की सहयोगी है। सदन में मंत्रीगण जो उत्तर देते हैं, उसे अधिकारी ही तैयार करते हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। कहा कि इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है और आगे भी ऐसे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होता रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि कम समय में तमाम विषयों का अध्ययन हुआ और व्यस्तता के बीच सभी अधिकारी आये, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

इंदुगम ने संसदीय विशेषाधिकार पर चर्चा की : तीन दिनों तक चली इस कार्यशाला में लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य, लोकसभा के पूर्व अपर सचिव देवेंद्र सिंह ओसवाल, आईआईपीए के सुरेंद्र लाल त्रिपाठी, पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के चक्षु राय और लोकसभा की उपसचिव मिरांडा इंदुगम के अलावा झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव मिथिलेश मिश्र और मधुकर भारद्वाज ने अपने व्याख्यान दिए। कार्यशाला के अंतिम दिन सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय, चक्षु राय ने विधि निर्माण की प्रक्रिया के पुनर्स्थापन और मिरांडा इंदुगम ने संसदीय विशेषाधिकार पर चर्चा की। मिथिलेश मिश्र ने सदन की समिति की व्यवस्था से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया।

कई जिज्ञासाएं शांत हुईं- विजय कुमार भगत

स्वास्थ्य विभाग के उपसचिव ध्रुव प्रसाद ने कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। कई वक्ताओं ने अंग्रेजी में अपने व्याख्यान दिये। अगर वे हिंदी में देते, तो ज्यादा उपयोगी होता। ग्रामीण कार्य विभाग के उप सचिव विजय कुमार भगत ने कहा कि 3 दिनों का यह प्रशिक्षण शिविर काफी प्रेरक रहा। इससे विधि निर्माण की प्रक्रिया में सरलता आएगी। यहां आकर कई जिज्ञासाएं शांत हुईं। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भारतीय प्रशासनिक सेवा,राज्य प्रशासनिक सेवा और सचिवालय संवर्ग के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने किया।

हर दिन कुछ नया सीखने को होता है : सुनील सिंह

कार्यशाला के अनुभव को साझा करते हुए उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव सुनील सिंह ने कहा कि मनुष्य के लिए हर दिन कुछ नया सीखने को होता है। किसी को अगर भ्रम है कि वह सब कुछ जानता है, तो ये गलत है। इस शिविर में आकर उन्हें कई नयी जानकारियां मिलीं। इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है, जिसके लिए वे आभार प्रकट करते हैं।

ज्योति मौर्य प्रकरण : होमगार्ड कमांडेंट मनीष निलंबित

लखनऊ। पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के मामले में होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के खिलाफ करायी गई जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर होमगार्ड महानिदेशक विजय कुमार मौर्य के संस्तुति के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। ज्योति प्रकरण में होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे का नाम सामने आया था। उन पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। इस मामले की जांच को लेकर डीजी होमगार्ड ने पुलिस महानिरीक्षक होमगार्ड प्रयागराज रेंज संतोष कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। डीआईजी होमगार्ड ने अपनी रिपोर्ट डीजी को सौंपी थी। इसके बाद वही रिपोर्ट डीजी होमगार्ड ने शासन को भेजी।

जांच रिपोर्ट के मुताबिक, मनीष मोबाइल पर ज्योति से उसके पति आलोक को रास्ते से हटाने की बात कह रहे हैं। उनके खिलाफ कई साक्ष्य मिले हैं। महिला होमगार्ड ने भी उन पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था। आलोक को धमकाने को लेकर जब मनीष से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह आलोक से तलाक की बात कह रहे हैं। इसकी पुलिस जांच होना अति आवश्यक है। जांच के दौरान मिले साक्ष्य के आधार पर मनीष दुबे को निलंबित और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की गई थी। जांच रिपोर्ट के बाद शासन ने उन्हें निलंबित कर दिया है।

NEWS इन ब्रीफ

मुहर्रम इंतजामिया कमिटी ने प्रशासनिक पदाधिकारियों को किया सम्मानित

पांकी। पांकी प्रखंड के मुहर्रम इंतजामिया कमिटी के खलीफा एनामूल आजाद व अन्य सदस्यों ने बुधवार को पांकी प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात कर मुहर्रम के सफल आयोजन मे सहयोग मांगा। खलीफा व सदस्यों ने प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित कुमार चौहान, सीओ निर्भय कुमार, बीडीओ चन्दन कुमार सिंह, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, पुलिस इंस्पेक्टर तथा थाना प्रभारी रंजीत यादव से मुलाकात की तथा बुके व शॉल देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि मुहर्रम का आयोजन सरकारी गाइडलाइन के अनुसार किया जायेगा। सभी पदाधिकारियों ने मुहर्रम मे हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि नेहाल अंसारी, एजाज अहमद खान, कैसर अंसारी, रिंकू अंसारी, गुलशन अंसारी, सद्दाम बादशाह, साबिर अंसारी, अफजल अंसारी, इरशाद अंसारी, मो अफरोज, एजाबुल हसन, पप्पू यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हरी सब्जी के दामों में हुई काफी बढ़ोत्तरी

पांकी। मानसून ने गर्मी से राहत दी लेकिन सब्जियों की कीमत काफी बढ़ गयी है। राज्य के कई हिस्सों में टमाटर, हरी मिर्च सहित दूसरी सब्जियों का दाम बढ़ गया है। पांकी में हरी मिर्च 150 रुपए किलो के भाव से बिक रही है। टमाटर का भाव 120/150 रुपए किलो तक पहुंच गया है। खाने का स्वाद बढ़ाने वाली धनिया भी 125 के नीचे आने को तैयार नहीं है। मूली 40 रुपये, फूलगोभी 80 रुपये, परवल 60 रुपये, बोदी 40 रुपये, नेनुआ 40 रुपये, बैंगन 50 रुपये, केला 60 रुपये, कद्दू 40 रुपये, भिंडी 50 रुपये, करेला 60 रुपये, खेकसा 80 रुपये, गाजर 50 रुपये, हरी मिर्च 150 रुपये, पालक साग 50 रुपये, आलू और प्याज अभी स्थिर है।

करोड़ों रूपये की लागत से बना जपला पथरा रोड जर्जर

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पीपरा प्रखंड के दुबटीया मोड़ से पीपरा बाजार होते हुए जपला-पथरा पीडब्ल्यूडी रोड़ काफी जर्जर और बदहाल हो चुका है। वहीं सड़क में सैकड़ों बड़े- बड़े गढ्ढे बनने और कई निर्मित पुलिया ध्वस्त हो जाने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि बरसात के दिनों में बड़े-बड़े गड्ढों से होकर वाहनों का परिचालन करना चालकों की विवशता है। ग्रामीणों ने बताया कि चार साल पहले ही तातेया कंट्रक्शन

के द्वारा करीब 52 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कराया गया था। इस दौरान घटिया सामग्री लगाए जाने से सड़क की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है। इसे लेकर निर्माण कार्य के आरम्भ से ही ग्रामीणों ने कई बार सड़क की गुणवत्त पर सवाल भी खड़े किए थे। किंतु संबंधित अधिकारियों द्वारा कभी भी संज्ञान नहीं लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के संवेदक के साथ ही इलाकेभर के क्रेशर संचालक भी सड़क बदहाली के जवाबदेह हैं। जिनके द्वारा रात दिन सड़क पर गिट्टी, स्टोन डस्ट ओवर लोडेड हाईवा ट्रकों का बेरोकटोक परिचालन किया जाता है। इस कारण सड़क पर धूल की परत जम जाने से आवागमन के दौरान राहगीरों को परेशान होना पड़ता है। जबकि बारिश होने पर गड्ढों में पानी व कीचड़ भर जाने से लोगों व वाहन चालको को परेशानी होती है। खराब सड़क होने के कारण आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं होना आम बात हो गयी है।

रेलवे की लापरवाही से महीनों बंद रहता है अंडरपास रास्ता, लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। डीडीयू रेल खंड जपला रेलवे स्टेशन के बक्शी उच्च विद्यालय के समीप रेल अंडर पास पुल में पानी भरने से शहर के आधी अबादी का रास्ता तीन से चार माह के लिए बन्द हो गया हैं । रेल लाईन की विस्तार के साथ साथ आम जनता के सुरक्षित यातायात हेतु बना रास्ता आज जनता की सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। जबकि वह रास्ता बजार एवं हैदरनगर, मोहम्मदगंज समेत हजारों लोगों की प्रतिदिन का आवागमन हैं,उतना ही नहीं प्रखंड कार्यालय हो या डिग्री कॉलेज देवरी कुसुआ समेत दर्जनों गांवों में जाने वालों लोगो के लिए मात्र यही एक रास्ता हैं । वहां एक पिकअप वैन गाड़ी यह समझ कर पार कर रहा था कि पानी कम है, परंतु यह गाड़ी बीच पानी में जाकर बंद हो गई। आस पास के कुछ युवाओ ने फिर पानी मे घुसकर किसी तरह गाड़ी को बाहर निकाला। इधर लोगों का कहना हैं कि इस रेलवे के अधिकारियों की उदासीनता के कारण आम लोगों का पैदल चलना दुश्वार हो गया हैं। क्योंकि ओवर फ्लाई ओवरब्रिज भी बना है पर उस पार करने के लिए दो किलोमीटर दूर घुमकर सिद्धनाथ पेट्रोलियम के पास से जाना पड़ेगा। इधर पुराना रेल फाटक दिन भर रेलगाड़ी आवागमन और कार्य के चलते हमेशा बन्द ही रहता हैं। जिसके कारण सभी लोग बहुत परेशान है, वहीं छोटे- छोटे स्कूली बच्चों को भी दो से तीन किलोमीटर घूमना पड़ रहा है।

सड़क दुर्घटना में महिला घायल, सीएचसी ने किया रेफर

विश्रामपुर। बुधवार को विश्रामपुर - इटकों मुख्य मार्ग पर नावाडीह गांव के समीप अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसकी पहचान सुनीता देवी पति उपेन्द्र पासवान के रूप में हुई है।जों की पांडु थाना क्षेत्र के बसडीहा गांव की रहने वाली बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,महिला अपने पति के साथ बाइक द्वारा इटको से बसडिहा जा रही थी। तभी नावाडीह गांव के समीप अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिससे महिला के सर में काफी चोट लग गई।जिसे स्थानीय लोगो ने आनन फानन ने सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने महिला के प्रथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया है।

हर-हर महादेव,जय भोलेनाथ... के जयकारे से गूंजा विश्रामपुर

ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में भी कांवरियों ने की पूजा-अर्चना

सावन के पवित्र महीने में बाबा भोले की पूजा-अर्चना से हर मनोकामना पूरी होती है : मुन्ना

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। नगर परिषद मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद 20 कांवरियों का जत्था बाइक से बाबानगरी देवघर के लिये रवाना हुआ। स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने बाबाधाम जा रहे श्रद्धालुओं को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि सावन के पवित्र महीने में बाबा भोले की पूजा-अर्चना से हर मनोकामना पूरी होती है।वो भगवान भोले से क्षेत्र के अमन-शांति व हरियाली-खुशहाली का दुआ मांगेंगे। मौके पर विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि, दामोदर यादव सहित कई लोग मौजूद थे। टीम में शामिल युवा समाजसेवी रजनिश चंद्रवंशी उर्फ बबलू डिश ने बताया कि बाइक सवार कांवरियों का दल बोधगया, सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ होते हुये राजगीर के बाद इसबार भारत के पड़ोसी देश नेपाल के काठमांडू पशुपतिनाथ मंदिर तक कि यात्रा तय क रेगा। बाबाधाम जानेवालों में कौशल किशोर चंद्रवंशी, चंद्रदेव चौधरी कुकू, सत्यनारायण सोनी, जितेंद्र चौधरी, दया शम्भू चंद्रवंशी, विनय महाजन, मनोज चंद्रवंशी पिंटू,धर्मेंद्र गोस्वामी, जोगिंद्र यादव, नितेश कुमार गोलू, नीरज कुमार, राजन कुमार, विक्की सोनि सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

बीएमसी नेउरा के कई छात्र विद्यालय में हुए पुरस्कृत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उत्कृष्ट विद्यालय पलामू में चयनित होने पर रा.उर्दू उत्क्र.मध्य विद्यालय बीएमसी नेउरा में चार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत विद्यार्थियों में जांनिसार अंसारी, जीनत परवीन, गुलनाज गौहर, तमीना जीनत के नाम शामिल हैं। प्रधानाध्यापक एम.जे.अजहर ने कहा कि बच्चों के लगन और शिक्षकों की मेहनत से अच्छा रिजल्ट आया है। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा है कि इससे पलामू जिले में विद्यालय परिवार की प्रतिष्ठा बढ़ी है। बीएमसी नेउरा विद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को कॉपी, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, कलम, मिठाई आदि देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, रेणु कुमारी जायसवाल, रेशमा कुमारी, रामप्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

सगुना पंचायत में अंबेडकर भवन निर्माण की मांग

पाटन। सुगना पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने पलामू उपायुक्त को ज्ञापन देकर बताया कि ग्राम पंचायत सगुना में अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम सभा कर बार-बार डॉक्टर बाबा अंबेडकर भवन निर्माण हेतु मांग की जा रही है। इसे ग्राम सभा में पारित भी किया गया है फिर भी भवन निर्माण का लाभ नहीं मिल सका है। अतः मुखिया ने भीमराव अंबेडकर आवास निर्माण के लिए पलामू उपायुक्त से आग्रह किया है।

नगर पंचायत गठन के 15 सालों के बाद भी नहीं बदली सूरत

हुसैनाबाद। वर्ष 2008 में हुसैनाबाद को नगर पंचायत का दर्जा मिला था। तब लोगों को उम्मीद जगी थी किअब इस क्षेत्र का कायाकल्प होगा और मॉडल शहर जैसी सुविधाओं का विस्तार होगा। साथ ही लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना नहीं पड़ेगा। परंतु समय बीतता रहा व लोगों के अरमानों का गला घुटता रहा, लेकिन इस 15 सालों के बाद भी शहर के वार्डों के साथ- साथ इस नगर पंचायत की सूरत नहीं बदली। वर्तमान में हुसैनाबाद की अनुमानित जनसंख्या करीब चालीस हजार बताई जाती है । वहीं अगर 2011के आधार पर नगर पंचायत की जनसंख्या 29,541थी, 2008 के नगर पंचायत की पहले चुनाव में शहर को 13 वार्डों में विभाजित किया गया था, वहीं दूसरी बार वर्ष-2013 के नगर निकाय चुनाव में वार्डो की संख्या 13 से 16 कर दिया गया , तीसरी बार 2018 में चुनाव हुआ था। 15 सालों में देखा जाए तो सिर्फ.नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों का चेहरा ही बदलता रहा। लेकिन इन 15 सालों में विकास के नाम पर वार्डो में सिर्फ.नालियां और पक्की सड़क, शौचालय निर्माण, सामुदायिक भवन, टाउन हाल, स्ट्रीट लाइटें, हाई मास्क लाइटें और अन्य छोटी बड़ी कार्यों को कराकर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि वार्डो और शहर को विकसित कराने का दंभ भरते है, लेकिन आज भी शहर की सूरत नहीं बदली। इसका सबसे बड़ा कारण है कि कोई कार्य प्लानिंग के तहत नहीं हुआ, आज भी बरसात के दिनों में सड़को पर पानी का जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अबतक सब्जी मंडी स्थाई रूप से नहीं बनाया गया, जिस कारण सब्जी विक्रेता सड़कों को अतिक्रमण कराने के कारण बाजार की मुख्य सड़के संकीर्ण हो चुकी हैं, वहीं इस नगर पंचायत में करीब 25 प्रतिशत लोगों को ही पानी टंकी से शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाती है। बाकी 75 प्रतिशत आबादी वाले घरों के लोग शुद्ध पेयजल से वंचित है। वहीं शहर को मॉडल शहर देखने का सपना भी अधूरा रह गया।

अनुमंडल 32 वर्षों के बाद भी सुविधाओं से हैं वंचित

व्यवहार न्यायालय,उपकोषागार में कई वर्षों से रिक्त पड़े हैं पद

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सरकारी उदासीनता व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा के कारण आज 32वर्षों के बाद भी हुसैनाबाद अनुमंडल कई सुविधाओं से वंचित है। हुसैनाबाद प्रखंड को पूर्व विधायक दशरथ कुमार सिंह के प्रयास से एकीकृत बिहार झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने 30 अप्रैल 1991 को हुसैनाबाद अनुमंडल का दर्जा दिलाया था। उस वक्त इस अनुमंडल के पहले अनुमंडल पदाधिकारी क्रांति देव पांडेय और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में भोला सरकार की प्रतिनियुक्ति हुई थी। काफी लंबे समय तक अनुमंडल कार्यालय प्रखंड कार्यालय रोड स्थित गईता पोखर के समीप भवन निर्माण कर संचालित होता था। इस अनुमंडल के अंतर्गत तीन प्रखंड, तीन अंचल व एक नगर पंचायत आता है। जिसमें मोहम्मदगंज, हैदरनगर, हुसैनाबाद प्रखंड व हुसैनाबाद नगर पंचायत आती है, वहीं प्रखंड पंचायतों की संख्या 42 है। जनसंख्या भी करीब तीन लाख से अधिक है।

वर्षो से रिक्त पड़ा है डीसीएलआर,

कार्यपालक दंडाधिकारी का पद :-

सरकार ने भूमि संबंधित विवाद निपटारे को लेकर आमजनों को त्वारित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने को लेकर डीसीएलआर कोर्ट की स्थापना की थी पर इन दिनों अनुमंडल में वर्षो से डीसीएलआर, कार्यपालक दंडाधिकारी दोनों का पद खाली पड़ा है, जिससे लोगों को न्याय पाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग छोटे छोटे मामलों के लिए सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर मजबूर हो रहे हैं। वहीं अब तक अनुमंडल मुख्यालय में व्यवहार न्यायालय नहीं बन सका। लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सिविल कोर्ट जाना पड़ता है। पर इसे देखने वाले सरकार के आला अधिकारी नहीं है वहीं इस 32 वर्ष के बीच कई पार्टी के सांसद, विधायक, मंत्री बने, कई सरकारें बदली, लेकिन हुसैनाबाद अनुमंडल की तस्वीर व तकदीर नहीं बदली, अनुमंडल में अभी कई सुविधाओं से लोग वंचित है। इस पर कई राजनीतिक दलों के लोगों के साथ आज के जनप्रतिनिधि लोगों को सिर्फ जिला बनवाने के लेकर क्षेत्र की जनता को सपने दिखा रहे हैं। अब देखना है कि अनुमंडल की जनता की इस समस्या का समाधान आखिर कब तक होता है।

कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार।
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)
पत्रांक : /(ITDA) लातेहार, दिनांक :–
–: अति अल्पकालीन निविदा :–

लातेहार जिला अन्तर्गत सभी कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय एवं सभी आवासीय विद्यालयों में आवश्यकतानुसार Library Book Shelves, Library Table, Library Chair , Bunk bed & 08 Seater Dining Table क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

I.	कार्य का नाम	:	Library Book Shelves, Library Table, Library Chair, Bunk bed & 08 Seater Dining Table क्रय
II.	Library Book Shelves, Library Table, Library Chair, Bunk bed & 08 Seater Dining Table आपूर्ति की समय सीमा।	:	15 दिन
III.	लातेहार जिला के वेबसाईट (www.latehar.nic.in) में निविदा प्रकाशन की तिथि	:	12.07.2023
IV.	अग्रधन की राशि	:	01.00 लाख (एक लाख) रू0 जो उपायुक्त, लातेहार के नाम से लातेहार में भुगतेय हो
V.	निविदा जमा करने का स्थान	:	परियोजना निदेशक आई0टी0डी0ए0, लातेहार
VI.	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	:	तिथि :21.07.2023, समय : 01.00 PM
VII.	निविदा खोलने का स्थान	:	कार्यालयः परियोजना निदेशक आई0टी0डी0ए0, लातेहार
VIII	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:	तिथि :21.07.2023, समय : 03.00 PM
IX.	प्रजेंटेशन	:	तिथि :21.07.2023, समय : 04.00 PM
X.	सम्पर्क नम्बर	:	8340500638

PR 302109 Welfare(23-24)D
परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 लातेहार।

आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो का करेगी स्वागत

मेदिनीनगर। दिनांक 12 जुलाई दिन बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी। जिसमें आगामी 23 जुलाई को पलामू प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मलेन एवं अगस्त के प्रथम हफ्ते मे संभावित प्रदेश महाधिवेशन पर चर्चा कर रूप रेखा तय की गयी। प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मलेन में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो उपस्थित होंगे ।छात्र नेता अभिषेक राज ने बताया की केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो का पलामू आगमन हमारे लिए सौभाग्य की बात है । आज पलामू प्रमंडलीय सभी आजसू छात्र नेताओं के साथ तीनों जिलों के जिला अध्यक्षों की अध्यक्षता में बैठक की गयी । बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने एवं सुदेश महतो का भव्य स्वागत पलामू की धरती पर करने पर विचार - विमर्श किया गया और पदाधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये गये। केद्रींय अध्यक्ष के पलामू प्रवास के दौरान सभी प्रखंड के आजसू छात्र संघ के कार्यकर्ता अपने अपने प्रखंड मे केद्रींय अध्यक्ष का भव्य स्वागत करेंगे। पलामू जिला अध्यक्ष राहुल कुमार मिश्रा ने कहा की पलामू जिले के अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करना ही हमारा लक्ष्य है। गढ़वा जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी ने कहा की सुदेश सर के आने से हम सभी युवाओं में ऊर्जा बढ़ेगी और गढ़वा से अधिक से अधिक छात्र नवजवान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बैठक मे जयनंद कुमार, नितीश मिश्रा, मुकेश पासवान , विपिन शुक्ला, ऋषिकेश प्रकाश, छोटू दुबे, दिवाकर आदि मौजूद थे।

पांकी पूर्वी मुखिया ने किया दो विकास योजनाओं का शिलान्यास

पांकी। पांकी प्रखंड अंतर्गत पांकी पूर्वी पंचायत में बुधवार को नाली निर्माण कार्य का एवं शौचालय निर्माण का शिलान्यास पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद एवं पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद,उप मुखिया अनारीक राम, पुजारी वीरेंद्र पांडे द्वारा विधिवत रूप से पूजा पाठ कराकर एवं सखानंद के द्वारा नारियल फोड़कर शिलान्यास कराया गया। 15 वें वित्त आयोग के मद से ये काम होना है। मुखिया प्रेम प्रसाद ने कहा कि नाली नहीं रहने के कारण सड़क पर पानी जमा हो जाता था और राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती थी। बरसात के दिनों में समस्या और बढ़ जाती थी। प्रेम प्रसाद ने कहा की बाजार में पूर्व में शौचालय का निर्माण तो हुआ था लेकिन गंदगी के कारण शौचालय बंद रहता था, जो आज मैं शौचालय का सुंदरीकरण कराने का काम कर रहा हूं। गुप्ता ने कहा कि बाजार में आए हुए सभी ग्रामीण शौचालय का उपयोग कर सकते हैं। मौके पर उप मुखिया अनारीक राम, वार्ड सदस्य विमला पांडे आदि मौजूद थे।

बुधुंआ माइनर की मरम्मत के बाद मुल्की पाइन का जीर्णोद्धार

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। बुधुंआ माइनर के टूट जाने से दर्जनों गांव के किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचने की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक कोटा की राशि से मंगलवार को टूटे हुए भाग की मरम्मत युद्धस्तर पर कराकर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का काम किया गया। संबंधित गांव के किसानों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रति आभार जताया है। पोलडीह क्षेत्र के किसानों ने भी विधायक कमलेश कुमार सिंह को बताया कि सावन का महीना चल रहा है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अगर सिंचाई की व्यवस्था नहीं की गई तो किसानों के समक्ष बड़ी समस्या उत्पन्न हो जायेगी। किसानों की मांग पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आठ गाँव के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विलुप्त हो चुकी मुल्की पाइन के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कराने का काम करवाया है। जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने से नीमहत, हादना, गांवखाप, बेनी कला, तिवारी बिगहा, सिढा, सदाजल, टेंटा, बेनी खुर्द आदि गांव के किसानों को सुखाड़ से राहत मिलेगी।

बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग वर्षो से कर रहे है ग्रामीण

दो करोड़ की लागत से बना अस्पताल भवन दस सालों से पड़ा है बेकार

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। सरकारें बदलती रही। राजनीतिक दावे होते रहे। लोगों को आश्वासन मिलता रहा, परंतु स्वास्थ्य व्यवस्था आज भी बीमार है। पिपरा प्रखंड के बभंडी पंचायत अंतर्गत तरवन कला में बीमार व्यवस्था की दो करोड़ का अस्पताल भवन पोल खोल रही है। प्रखंड क्षेत्र के तरवन कला गांव के समीप 10 साल पहले बना अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र भवन आज भी बेकार पड़ा हुआ है। अस्पताल भवन का उपयोग आज तक नहीं हुआ है। वहीं अस्पताल भवन अब धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होने लगा है। अस्पताल के खिड़की दरवाजे सभी टूट चुके हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि भवन का निर्माण होते हुए भी देखा और जीर्ण शीर्ण होते हुए भी देख रहे हैं। लोगों का कहना है कि करोड़ो रुपए खर्च कर बनाए गए भवन में आज तक गेट ग्रील का ताला नहीं खुला। समाजसेवी संदीप पासवान बताते हैं कि ठेके के लिए सरकार भवन का प्रारूप बनती है, लेकिन भवन के इस्तेमाल के लिए कोई कार्य योजना नहीं होती है। सिर्फ और सिर्फ सरकारी धनराशि का दुरुपयोग होता है। पिपरा प्रखंड की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर निर्मित विशाल भवन को देख कर लोग स्तब्ध रह जाते हैं। जबकि भवन का उपयोग शुरू कर यहां इलाज की व्यवस्था शुरू कराने से कई गांव के लोगों को फायदा होता। यहां के ग्रामीण बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने की मांग वर्षो से करते आ रहे हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-07/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्रम संख्या	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखण्ड अन्तर्गत मुर्कीतोड़ार जाने वाले पथ में कोयल (बांकी) नदी पर पुल निर्माण।	5,00,89,817.00	10,01,800.00	10,000.00	24 माह
2	लोहरदगा जिला के कैरो प्रखण्ड अन्तर्गत मुख्य पथ से कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय जाने वाले पथ में स्थित नंदनी नदी पर पुल निर्माण।	3,50,61,200.00	7,01,300.00	10,000.00	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.07.2023 से दिनांक 10.08.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 11.08.2023 (शुक्रवार) अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
i) जिला नियंत्रण कक्ष, लोहरदगा।
ii) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
iii) e-Procurement Cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 12.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा।
10. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाश संख्या :– 9934523795
11. निविदा शुल्क राश्ट्रीयकृत/अन्य अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 302206 (Lohardaga)23-24*D

शहर थाना के सफल प्रयास से वकील की बेटी सकुशल घर वापस लौटी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता प्रभु कुमार शर्मा की पुत्री सकुशल अपने घर वापस लौट आई है। अधिवक्ता रुचिर कुमार तिवारी ने पलामू जिला प्रशासन को इसके लिए बधाई दीया है। विदित है कि अधिवक्ता प्रभु कुमार शर्मा की पुत्री 26 जुलाई से ही लापता हो गई थी और उसके बाद से अधिवक्ता के पत्नी और उनके परिजन काफी

परेशान थे। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। लेकिन बुधवार को सकुशल लौटने के बाद उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव ने इस टीम में शामिल सभी जिला प्रशासन के पदाधिकारियों एवं शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा को विशेष रूप से बधाई दी है, जो समय रहते कुशलतापूर्वक लड़की को वापस लाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिये।

झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नावाजयपुर थाना की पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ यौन शोषण करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक ने बताया कि नावाजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कसवाखाड़ निवासी रामराज उर्फ राजू कुमार मेहता अपने बगल के गांव की एक लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ डेढ़ वर्ष तक यौन शोषण करता रहा। लड़की जब लड़के से शादी करने के लिए बोली तो वह शादी से इनकार कर दिया। शादी से इनकार करने के बाद पीड़ित लड़की ने इस घटना से संबंधित मामला नावाजयपुर थाना में दर्ज कराया। थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि लड़की को मेडिकल टेस्ट के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया है।

बसपा नेता ने निजी खर्च से कराई सड़क की मरम्मत

विश्रामपुर। सड़क की समस्या से जूझ रहे विश्रामपुर प्रखंड के झागरूआ के सैकड़ो ग्रामीणों ने बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह को गांव में बुलाकर कच्ची सड़क दिखाते हुए इससे हो रही परेशानी को बताया। जिससे मर्माहत होते हुए बसपा नेता अभिमन्यु सिंह ने जनता को आश्वस्त किया और अविलंब जेसीबी व ट्रैक्टर के द्वारा कच्ची सड़क को बनवाने कि कवायत शुरू कर दी।

मंत्री मूर्ख की जनता - चैनपुर का प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का हाल -न डाक्टर और नहीं कर्मचारी, दवाई भी है सपना, ढहल जर्जर भवन, फिर भी मॉडल पशु अस्पताल का तगमा। मंत्री जी कर दिये ऑनलाइन उदघाटन। भाई वाह!अब विभाग के पदाधिकारी जाने कि मंत्री मूर्ख की जनता। छाया-भोला

NEWS इन ब्रीफ

ब्लड डोनेशन कैंप 14को

मेदिनीनगर। जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वाधान में स्वैच्छिक निशुल्क ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन सदर हॉस्पिटल ब्लड बैंक परिसर में होना सुनिश्चित हुआ है। दिनांक 14, 7,2023 दिन शुक्रवार को समय सुबह 10:00 बजे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन पलामू एवं कंपनी कमांडर अनुज कुमार झा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर ब्लड डोनेशन कैंप की शुरूआत की जाएगी। यह जानकारी जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने दी। उन्होंने यह भी कहा सिविल सर्जन पलामू एवं कंपनी कमांडर अनुज से शिष्टाचार मुलाकात कर इस ब्लड डोनेट कैंप की विस्तृत जानकारी दी गई। उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने बताया कि कैंप की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। उन्होंने सभी ट्रस्ट के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को समय पर उपस्थित होने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम का दायित्व संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, रंजीत रंजन, केंद्रीय सदस्य बंटी गुप्ता ,संतोष दुबे, मिथिलेश दुबे, महिला कमेटी के सदस्य बिंदा देवी, रीना देवी, व कोषाध्यक्ष मधु देवी को दिया गया साथी सदस्यों से यह कहा गया कि समय से पहले उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

कॉग्रेस भवन की खिड़कियों से कटी ग्रील

मेदिनीनगर। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी ने शहर थाना प्रभारी को आवेदन देकर कहा है कि पलामू जिला कॉग्रेस कमिटि के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी स्व० जगनारायण पाठक जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करने कॉग्रेस भवन पहुँचे तो देखा की जिला कार्यालय कॉग्रेस भवन क ी खिड़की के सभी पाँच ग्रील अज्ञात व्यक्ति द्वारा काट लिये गये है और स्व० पाठक जी की स्थापित मूर्ति की टाईल्स भी तोड़ने का प्रयास किया गया है।

शहर की जलापूर्ति के प्रति निगम प्रशासन गंभीर नहीं

कोयल में बाढ़ के बाद बंद हो सकती है जलापूर्ति : परशुराम

डब्लूटीपी बंद, जलापूर्ति में जा रहा गंदा पानी

पम्पू कल शहरी जलापूर्ति का हाल पूरी तरह बेहाल है

पानी को फिल्टर कर साफ करने वाला वाटर फिल्टर प्लांट (डब्लूएफटी)बालू भर जाने के कारण बंद पड़ा है

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम के शहरी इलाके को सजा सवारकर खूबसूरत तो बनाया जा रहा है, लेकिन शहर वासियों को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध कराने के प्रति नगर निगम प्रशासन गंभीर नहीं है। शहरी पेयजलापूर्ति की फेज टू योजना की बात छोड़ भी दें तो शहर को पानी पिलाने वाले पम्पूकल में कोयल तट पर लगी वर्षो पुरानी जलापूर्ति योजना को भी दुरुस्त करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। नतीजा गर्मी के मौसम में शहरवासी पीने के पानी के लिए तो तरसते और पानी पानी होते रहे, अब बरसात में उन्हें पीने का शुद्ध पानी मिलेगा, उसके आसार भी कम ही दिख रहे हैं। पम्पू कल शहरी जलापूर्ति का हाल पूरी तरह बेहाल है। जलापूर्ति केंद्र में कोयल के पानी को फिल्टर कर साफ करने वाला वाटर फिल्टर प्लांट (डब्लूएफटी)बालू भर जाने के कारण बंद पड़ा है। इसकी सफाई नहीं होने के कारण कोयल के गंदे पानी की सीधी सप्लाई पेयजल के लिए हो रही है। अब इस पानी के उपयोग से होने वाले नुकसान की बात तो करना ही बेमानी है, क्योंकि यह सभी जानते और समझते हैं। लेकिन अगर अभी समय रहते डब्लूटीपी की सफाई और सप्लाई में लगे मोटर तथा इंटेक वेल की मरम्मत व सफाई तत्काल नहीं कराई गई, तो कोयल में पानी बढ़ने से पानी की सप्लाई बंद भी हो सकती है और तब शहर के लोगों को पानी की बड़ी समस्या से जूझना पड़ेगा। क्योंकि शहर के अधिकांश चापानल बोर सूखने के कारण या तो बंद हैं या फिर बंद होने के कगार पर हैं। इस बाबत मौके पर मौजूद शहर को पेयजल सुनिश्चित कराने की दिशा में वर्षो से सक्रिय रहनेवाले भाजपा के वरिष्ठ नेता परशुराम ओझा ऊर्फ शहर के 'पानीबाबा' ने नियमित जलापूर्ति के लिए प्लांट को दुरुस्त रखने के लिए आवश्यक तैयारी किये जाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि इसपर नगर निगम प्रशासन को खास ध्यान देने की जरूरत है, अन्यथा कोयल नदी में बाढ़ आने के बाद काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ेगा।

मेगा रोजगार मेला कल, तैयारियां पूरी

मेदिनीनगर। जिला कौशल विकास विभाग, पलामू द्वारा आगामी 14 जुलाई 2023 दिन शुक्रवार को एक दिवसीय मेगा रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले का आयोजन स्थानीय टाउन हॉल मेदिनीनगर में किया जाएगा। मेले में बेस्ट कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड तमिलनाडु, केपीआर मिल तमिलनाडु, जुबली टेक्स तमिलनाडु, पीपल ट्री ऑनलाइन प्राइवेट लिमिटेड, पेटीएम सर्विस, डिस्टील एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, यशस्वी अकैडमी फॉर स्किल्स, एसआईएस लिमिटेड बेलचंपा गढ़वा, एल एन्ड टी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग, कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल, अमाधान प्राइवेट लिमिटेड, क्रेडिट एक्सीआ, अमास स्किल वेंचर, सेवा सहयोग सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, इंटीग्रेटेड पर्सनल सर्विस लिमिटेड मुंबई, डोमिनोज पिज्जा डाल्टेनगंज, कीज कॉर्पोरेशन (टाटा मोटर्स जमशेदपुर),आदि कंपनियों द्वारा भर्ती कैंप लगाया जाएगा।

छतरपुर के डाली बाजार में मनेगा 73वां वन महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल के द्वारा चलाए गए निःशुल्क पौधा वितरण व रोपन के 57 वां वर्ष एवं पर्यावरण धर्म व वृक्षों पर रक्षाबंधन के 47 वां वर्ष पूरा होने पर इस वर्ष भी पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर में 13 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में इमारती, फलदार व औषधीय पौधों का निशुल्क वितरण 10,30 बजे से किया जाएगा। वहां के मुखिया पूनम जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित पौधा वितरण व रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद व भाजपा नेता मनोज कुमार , पाटन- छतरपुर के विधायक श्रीमती पुष्पा देवी एवं मेदिनीनगर के डीएफओ सौमित्र शुक्ला करेंगे । कार्यक्रम की जानकारी मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने दी है। उन्होंने यह भी बताया कि छतरपुर प्रखंड के वीडियो अशोक कुमार और अंचल पदाधिकारी मंसूरी जी वन क्षेत्र अधिकारी शंकर पासवान एवं संजीव कुमार चौधरी भी रहेंगे कार्यक्रम की तैयारियां कर ली गयी है। उन्होंने क्षेत्र के सम्मानित लोगों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर अभियान को सफल बनाने की अपील की है। ताकि तय कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। इस अवसर पर पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल भी मौजूद थे।

अल्ट्रासाउंड कराने के लिए सुबह पांच बजे से लग रही लाइन

सदर अस्पताल में भीड़ के कारण मरीजों की परेशानी बढ़ी

उपेन्द्र कुमार

मेदिनीनगर। सदर अस्पताल के हेल्थ मैप सेंटर में केवल एक दिन शुक्रवार को अल्ट्रासाउंड होने की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अल्ट्रासाउंड एक दिन होने की वजह से मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए दिन भर इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में इन दिनों अल्ट्रासाउंड के लिए प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। शहर में जैसे डॉक्टर विश्वनाथ ओझा के यहां 4:00 बजे सुबह से लोग इलाज के लिए लाइन लगाते हैं। ठीक वैसे ही अब सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मरीज सुबह 5:00 बजे से लाइन लगा रहे हैं। खासकर गर्भवती महिलाओं को मजबूरन निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की ओर रुख करना पड़ रहा है। निजी अल्ट्रासाउंड केद्रों पर मरीजों को जेब ढीली करनी पड़ रही है।अस्पताल में प्रतिदिन

100 से 150 लोग अल्ट्रासाउंड कराने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। वहीं एक दिन में महज 20 से 30 लोगों का ही अल्ट्रासाउंड होता है। जिनका अल्ट्रासाउंड नहीं होता उनको एक से डेढ़ माह की तारीख दी जाती है। इस समय अल्ट्रासाउंड के लिए डेढ़ से दो माह तक की वेटिंग चल रही है।जिससे मरीजों की परेशानी और भी ज्यादा बढ़ गई है। इससे मरीजों में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ रोष भी पनप रहा है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन को पहले से पुख्ता इंतजाम करके रखना चाहिए। अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। वही सुबह से लाइन में खड़े मरीजों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधक को एक और अल्ट्रासाउंड मशीन लगवानी चाहिए, ताकि मरीजों को परेशानी ना हो।

भक्ति-भाव

पलामू : सावन माह में हरी चुड़ियों से पटा बाजार

सुहागिन महिलाओं के लिए खास है यह माह

इस महीने में जगह-जगह सावन मेला और सावन मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सावन माह हरियाली का महीना माना जाता है। बारिश का मौसम आने के साथ क्षेत्र में पेड़-पौधे ही नहीं बल्कि संपूर्ण धरा हरियाली के श्रृंगार में डूब जाती है। सावन माह सुहागिन महिलाओं के लिए खास माना जाता है। महिलाएं हरे रंग के पहनावे के साथ हरी चुड़ियां व अन्य श्रृंगार करती हैं। ऐसे में हरे रंग की साड़ियों व चूड़ियों के बाजार सज गए हैं। शहर के बाजार हरे रंग के कपड़े और ज्वेलरी से भरे पड़े हैं। इस महीने में जगह-जगह सावन मेला और सावन मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। प्रायः सभी कार्यक्रमों की थीम ग्रीन ही रहती है। महिलाएं हरे कपड़ों पर जान छिड़क रही हैं,

वहीं अपने गेटअप को कंप्लीट करने के लिए मैचिंग की हरी ज्वेलरी भी खरीद रही हैं। ग्रीन ईयर रिंग्स और तरह-तरह की चूड़ियां पहनने का क्रेज है। कुछ महिलाएं तो पूरे महीने ही हरी चूड़ियां पहने रहती हैं। सिंपल कैजुअल से लेकर हेवी स्टोन जड़ित चूड़ियों का ट्रेंड भी खूब देखा जा रहा है। बाजारों में हरे रंग की साड़ियों के लाजवाब कलेक्शन मौजूद हैं। साड़ी व्यवसायी नवीन अग्रवाल ने बताया कि शिफान, काटन, सिंथेटिक, नेट, बंगाली, बनारसी, राजस्थानी, मारवाड़ी साड़ी को खास पसंद किया जा रहा है। इन साड़ियों को साधारण और हेवी ब्लाउज के साथ कंट्रास्ट किया जा रहा है। वेस्टर्न हो या एथनिक वेयर, महिलाएं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स का ध्यान रख रही हैं। ट्यूनिक, लहंगा, लांग कुर्ती के साथ स्ट्रेट ट्राउजर, लांग कुर्ती विद पलाजो, शरारा प्लाजो विद हेवी दुप्पटा, ब्रोकेट लहंगा विद लहरिया, चंदेरी और क्रॉप टॉप विद लहंगा काफी डिमांड में है। महिलाओं के अनुसार भगवान शिव को हरा रंग प्रिय है। रिया कहती है कि भगवान शिव को हरा रंग काफी प्रिय है। सावन माह में महिलाएं हरे रंग की साड़ी और चूड़ियां पहनना पसंद करती हैं। इससे भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। आराधना मिश्रा का कहना है कि सावन माह में हरी साड़ी पहनना अच्छा माना जाता है। इसके लिए बाजार में साड़ी खरीदने आई हूं। इसके साथ ही मैचिंग सामान भी लेने का विचार है। प्रतिमा मिश्रा बताती हैं कि सावन माह में महिलाएं खास मौकों के लिए हरी साड़ी पहनना ही पसंद करती हैं। शिफान, काटन, सिंथेटिक, नेट की हरी साड़ियों को खास पसंद किया जा रहा है। साड़ियों को हेवी ब्लाउज के साथ कंट्रास्ट किया जा रहा है।

पीडीएस डीलर की गोली मार कर हत्या

पंचायत चुनाव के समय का विवाद दो दिन पहले मिली थी धमकी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर में अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार की रात जन वितरण प्रणाली के दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी। आशंका जताई जा रही है कि पंचायत चुनाव के दौरान हुए विवाद में पीडीएस डीलर की गोली मार कर हत्या की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और पूरे मामले में छानबीन कर रही है। हत्या का आरोप पूर्व मुखिया पर लगा है। मृतक पीडीएस डीलर बंगाली उरांव छतरपुर थाना क्षेत्र के भीखीपलवा गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार बंगाली उरांव मंगलवार की शाम अपने घर के बाहर खड़ा था, इसी क्रम में बाइक सवार दो अपराधी मौके पर पहुंचे और उसे गोली मार दी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बाइक सवार अपराधियों में एक के पास पिस्टल,

जबकि दूसरे के पास बड़ा हथियार था। जो देखने में एके 47 जैसा लग रहा था। गोली लगने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बंगाली उरांव को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। जहां डाक्टरों ने जांच कर बंगाली उरांव को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बंगाली उरांव का पूर्व मुखिया सह रिश्ते में बहनोई के साथ विवाद था। इस बार के पंचायत चुनाव में बंगाली उरांव ने पूर्व मुखिया सह रिश्ते में अपने बहनोई को सहयोग नहीं किया था। हाल के दिनों में दोनों के बीच तकरार बढ़ गई थी और मारपीट भी हुई थी। मामले में दोनों तरफ से पांच दिन पहले छतरपुर थाना में एफआईआर भी दर्ज करायी गई थी। वहीं पुलिस पूरे मामले में जांच कर रही थी। दोनों पक्षों को सोमवार को नोटिस जारी किया गया था। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया की आशंका जताई जा रही है उसी विवाद में बंगाली उरांव की हत्या की गई है। वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की गहन छानबीन में जुट गई है। पुलिस

पार्किंग स्थल बनाने में प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा, लोग परेशान

शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
शहर में पार्किंग के नाम पर कोई व्यवस्था नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्किंग स्थल बनाने में प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा। शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में पार्किंग व्यवस्था ना होने से दुपहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसका मुख्य कारण वाहनों को नो पार्किंग में पार्क करना है। ऐसे में प्रशासन की ओर से शहर में पार्किंग जोन बना दिया जाएं तो यातायात व्यवस्था में सुधार हो सकता है, लेकिन इस गंभीर समस्या पर किसी का ध्यान नहीं जाता है,जिससे दिन भर कई बार सड़कों जाम लग जाता है। यही नहीं नगर परिषद के बाहर भी बेतरीतब ढंग से वाहन खड़े रहने से आए दिन जाम की स्थिति बनाते है। इसके बावजूद कई बार भारी वाहन ट्रैफिक में फंसने से जाम लगता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है।

रंका मोड़ से मांझियाव मोड़ तक तो हालत अत्यधिक गंभीर है। बाजार में दुकानों के आगे

दुकानदारों के वाहन तो पार्क रहते ही है। वही रेहड़ी भी खड़ी रहती है। शहर में दर्जनभर से अधिक कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स बने हुए हैं। लेकिन किसी में भी पार्किंग की सुविधा नहीं है। एक दो कॉम्पलेक्स में ही पार्किंग व्यवस्था है। शहर में तीन से चार मंजिला इमारतों में दुकानें व होटलें तो बन गए है,लेकिन पार्किंग की सुविधा नहीं है। कॉम्पलेक्स में जाने वाले लोगों भी अपने वाहन बाहर सड़क पर ही पार्क करते है।

दिन भर जाम की बनी रहती है स्थिति : शहर के मुख्य बाजारों में पार्किंग अब शहर की सबसे प्रमुख मांग बन गई है। शहर में पार्किंग के अभाव में लोग मजबूरन बाजारों वे वाहन खड़े करते हैं जिससे जाम की स्थिति बनी रही रहती है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। शहरवासियों ने प्रशासन से पार्किंग की व्यवस्था करने की मांग की। त्योहारी सीजन के दौरान तो गर्ददेवी मोड़ और मेन बाजार में पांव रखने तक की जगह नहीं बचती। ऐसे में अभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को पार्किंग के लिए उचित जगह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए ताकि बाजार में खरीदारी करने के लिए आने वालों को दिक्कत न झेलनी पड़े। ट्रैफिक पुलिस व होमगार्ड के बावजूद हालात सामान्य नहीं सड़कों पर भी रोजाना वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में यातायात व्यवस्था लचर होती जा रही है। नगर परिषद में कई बार पार्किंग के लिए चर्चा की जाती है, लेकिन आज दिन तक इस समस्या पर कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण यह समस्या रह जाती है। खरीदारी करने जाने वाले लोगों के लिए पार्किंग स्टैंड की कमी सिर-दर्द बनी हुई है। शहर के चिनिया मोड, रंका मोड़, मिनी बस स्टैंड, गढ़देवी मोड़, सोनपुरवा बस स्टैंड के आसपास बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े देखे जा सकते हैं।

क्या कहते हैं कार्यपाल पदाधिकारी सुशील कुमार : कार्यपाल पदाधिकारी सुशील कुमार कहत हैं कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था को सुधारने और नई पार्किंग बनाने के लिए अधिकारियों से विचार-विमर्श किया जाएगा। वही कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स वालो को भी पार्किंग की व्यवस्था करने को भी कहा जा रहा है। सड़कों पर अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाता हैं ताकि लोगों को परेशानी ना हो।

मुख्य पथ पर मीट, मटन व मछली की दुकानों से लोग हो रहे परेशान

चिकेन दुकानदार गाइडलाइन की उड़ा रहे धज्जियां

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
मुख्य पथ के एक दर्जन जगहों पर बिना निबंधन के खुलेआम मीट, मटन, मछली की दुकान संचालित हो रही है। इससे आम अवाम के साथ-साथ सबसे बड़ी समस्या स्कूली छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही है। बताते चलें कि भवनाथपुर मुख्य पथ के तालाब के पास, कपूर्री चौक, थाना मोड़ हाई स्कूल के पास, खरौंधी मोड़, पड़वा चट्टान, टाउनशिप में सहित जगहों पर दुकान संचालित हो रहे हैं। भवनाथपुर में संचालित सभी चिकेन दुकान के दुकानदारों द्वारा सरकार की गाइडलाइन की धज्जियां उड़ायी जा रही है। दुकानदारों द्वारा मुख्य सड़क के किनारे खुले में मटन, चिकेन, मछली को काट कर बेचा जा रहा है और अवशेष को नदी में बहा दिया जाता है, जबकि नदी के पानी का उपयोग पर्व, त्यौहार, दाहसंस्कार में करते हैं। खुले में चिकेन, मटन, मछली को कटते एवं उस पर मक्खी भनभनाते देख छोटे-बड़े स्कूली बच्चे एवं राहगीरों पर मानसिक विकृति एवं बैक्टेरिया से बीमारी फैलने की असंका बनी रहती है।

क्या है सरकार की गाइडलाइन

- दुकान का फर्श पत्थर या सीमेंट का होना चाहिए।
- दुकान की दीवार पर भी प्लास्टर होना चाहिए।
- मीट फ्लाई प्रूफ अलमीरा में रखना अनिवार्य है।
- दुकान में अच्छी नाली व पर्याप्त पानी की व्यवस्था।
- दुकान को बूचडखाना के रूप में इस्तेमाल नहीं होगा।
- मीट के अवशिष्ट, हड्डी रखने के लिए गोदाम हो।
- गोदाम की दिन में एक बार अच्छे से सफाई हो।
- दुकान का आवासीय उपयोग नहीं, पशु को भी नहीं।
- मीट, मुर्गा काटने वाला औजार साफ रहना चाहिए।

गढ़वा में है एक ऐसा विभाग, जहां 10 साल से सिर्फ भवन है, साहेब न कर्मी

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
जिले में एक ऐसा भी जिलास्तरीय विभाग है, जहां पिछले दस सालों से न तो साहब केऔर ना ही किसी अन्य कर्मी के दर्शन हुये हैं। विभागीय बैठक में मौखिक एवं लिखित रूप से इस मामले को उठाया है, लेकिन कोई कारवाई नहीं की गयी है। विभाग का यहां सिर्फ भवन भर है। इसमें साहब से लेकर चपरासी तक किसी की भी पदस्थापना नहीं हुई है। आम लोगों की बात तो दूर जिलास्तर के कई वरीय पदाधिकारी भी पूछने पर यह नहीं बता पाते कि मापतौल विभाग का कार्यालय कहां स्थित है और इसके पदाधिकारियों का नाम या मोबाईल नंबर क्या है। यह स्थिति कुछ दिनों से नहीं है, बल्कि 10 सालों से बनी हुई है। विभाग में 10 सालों से न तो साहब के दर्शन हुये हैं और ना ही किसी अन्य कर्मी के।

बताया जाता है कि कुछ महीने पहले तक बैजनाथ नामक टंडवा का एक व्यक्ति सप्ताह में एक दिन गुरुवार को विभाग का ताला खोलकर इसकी साफ-सफाई किया करता था, जबकि वह किसी भी पद पर नहीं है बल्कि वरीय पदाधिकारियों के आदेश पर वह ऐसा किया करता था। लेकिन अब इस विभाग में पूरी तरह ताला लटका हुआ है और इसमें झाड़ु लगानेवाला भी कोई नहीं है। इस वजह से गढ़वा जिले में मापतौल से संबंधित कार्य पूरी तरह से भगवान भरोसे संपादित हो रहे हैं। मापतौल विभाग खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग का एक अंग है। गढ़वा में विभाग तो जिलास्तरीय है, लेकिन यहां अनुमंडलीय निरीक्षक का पदस्वीकृत है। हास्यास्पद यह है माप तौल विभाग का नाम बदलकर कब का विधिक माप विज्ञान विभाग कर दिया गया है। लेकिन गढ़वा में नया बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।

क्या है मापतौल विभाग का काम : पीडीएस दुकान हो या किसी भी प्रकार का व्यवसायिक दुकान पुराने बटखरों वाले सिस्टम में प्रत्येक दो वर्ष एवं इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में प्रतिवर्ष विभाग से मापतौल संयत्र व बटखारों की जांच एवं नवीनीकरण करवाने का नियम है। इसी प्रकार धर्म कांटा, पेट्रोल पंप आदि स्थानों पर सही माप-तौल हो रही है या नहीं इसका नियंत्रित रखने का दायित्व भी इसी विभाग पर है, लेकिन गढ़वा में न तो कार्यालय में कभी पदाधिकारी आते हैं और न ही कभी दुकानों में जांच करते हुये देखे गये हैं। गढ़वा के अधिकांश दुकानों को मापतौल विभाग की ओर से लाइसेंस भी प्राप्त नहीं है। इसलिए उपभोक्ता के ठगे जाने व कम तौलकर सामान दिये जाने की पूरी संभावना है।

तीन अनुमंडल निरीक्षक होने चाहिये : बताया गया कि प्रत्येक अनुमंडल में कम से कम एक मापतौल निरीक्षक की पदस्थापना होनी चाहिये. इस हिसाब से गढ़वा जिले में गढ़वा, रंका व नगरउंटारी अनुमंडल को मिलाकर तीन मापतौल निरीक्षक होने चाहिये, लेकिन एक भी नहीं है। इसके अलावे जिलास्तरीय पदाधिकारी का भी यहां पदस्थापना नहीं है।

हित में नहीं विभाग का बंद रहना : चैंबर अध्यक्ष
इस संबंध में गढ़वा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बबलू पटवा ने कहा कि व्यवसायियों एवं उपभोक्ताओं में से किसी के भी हित में मापतौल विभाग का बंद रहना नहीं है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर उन्होंने विभिन्न विभागीय बैठक में मौखिक एवं लिखित रूप से इस मामले को उठाया है, लेकिन कोई कारवाई नहीं की गयी है।

डीलर पर राशन की कालाबाजारी का लगाया आरोप

गढ़वा। प्रखंड के गुर्दी गांव के ग्रामीणों ने डीलर पर चार महीने का राशन की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को आवेदन सौंपा है। डीसी को सौंपे मांग पत्र में गांव के लाभुकों ने कहा कि गुरदी के डीलर के द्वारा लाभुकों से पंचिंग तो करा लिया जा रहा है लेकिन राशन नहीं दिया जा रहा है। जब भी राशन लेने डीलर के घर पहुंचते हैं तो वह टालमटोल करते हुए दो दिन बाद आने की बात कहते हुए टालमटोल करते हैं। लाभुकों ने कहा कि राशन नहीं मिलने से परिवार के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। पंचायत के मुखिया तेतरी देवी ने बताया कि पिछले तीन चार महीने से स्थानीय लागू से सूचना मिल रही है कि डीलर के द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों की समस्या को लेकर उपायुक्त के समक्ष पहुंचे हैं और आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर समसुद्दीन अंसारी, कमला देवी, तारा देवी, बसंती देवी, रामलाल उरांव, सूरज देवी, लीलावती देवी, नसरुद्दीन अंसारी आदि लाभुक उपस्थित थे।

एसपी ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
एसपी अंजनी कुमार झा ने कल्याणपुर स्थित पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस पदाधिकारी और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर समीक्षा की गई एवं निर्देश दिए गए। बैठक में हाल के वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी के संबंध में निर्गत दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्गत दिशा-निर्देशों का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल क्षेत्र के अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में किसी भी थाना क्षेत्र से अवैध उत्खनन की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। अवैध खनन में संलिप्त वाहनों को राजसात हेतु प्रस्ताव अभिलंब समर्पित करेंगे। बैठक में संगठित अपराध के आरोप में जेल में बंद अपराध कर्मियों के विरुद्ध सीसीए लगाने के लिए प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को दिया। साथ ही थाना दिवस के अवसर पर अंचल के पदाधिकारी के साथ मिलकर भूमि विवाद से

संबंधित अधिक से अधिक मामलों के निपटारे पर बल दिया गया। बैठक में एसपी निर्देश देते हुए सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने को कहा। साथ ही विशेष रूप से 05 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का शत प्रतिशत निष्पादन वर्ष के अंत तक सुनिश्चित कराने को कहा। वहीं न्यायालय से निर्गत वारंट/ कुर्की, सूचनाधिकार से संबंधित मामले, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन एवं पीजी पोर्टल से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया। अपराध गोष्ठी के पश्चात पुलिस पदाधिकारियों को भंडरिया थाना अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सफल नक्सल विरोधी अभियान चलाने हेतु पुलिस महानिदेशक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दिए गए प्रसस्ति डिस्क एवं प्रमाण पत्र हस्तगत कराए गए। बैठक में डीएसपी संतोष कुमार एसडीपीओ अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, कृष्णा कुशवाहा योगेंद्र कुमार, रामेश्वर उपाध्याय कमलेश कुमार, मो रवानी, कृष्ण कुमार, संतोष पांडे, संतोष कुमार सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

मूसलाधार बारिश से बढ़ी सूखी नदियों की सुंदरता

नवीन मेल संवाददाता। डंडाई
प्रखंड क्षेत्र मंगलवार रात्रि मूसलाधार बारिश हुयी, जिसने क्षेत्र की कई सूखी नदियों की खूबसूरती बढ़ा दी। क्षेत्र के दानरो, मगरदह, यूरिया, डेंगुरा इत्यादि नदियों में हिचकोले के साथ पानी का बहाव होना शुरू हो गया। कई महीनों बाद उक्त नदियों में एकाएक पानी का बहाव होता देख बुधवार अहले सुबह पास पड़ोस के ग्रामीण उसकी खूबसूरती निहारने पहुंच गए। डंडाई के दानरो नदी की खूबसूरती निहारने पहुंचे ग्रामीणों का कहना है कि

इससे पहले अब तक जो भी बारिश हुयी वह सिर्फ और सिर्फ देखने के लिए थी। उक्त बारिश से खेतों में बीज बुवाई के अलावा कुछ भी करना संभव नहीं हो पा रहा था। उन्होंने कहा कि नदी में पानी बहाव की बात तो दूर उस पानी से एक फीट गहराई के अंदर धरा भी नहीं भीग पाई थी। लेकिन मंगलवार रात्रि में मूसलाधार बारिश होने से कई महीनों से सूखी पड़ी नदियों में पानी का बहाव होना शुरू हो गया। वहीं ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि नदी में पानी का बहाव शुरू होने से गांव घर के पास पड़ोस के क्षेत्रों में जल स्तर का बढ़ना शुरू हो जाएगा। साथ ही हल्की फुल्की बारिश में भी अब खेतों में पानी लग जाएगा, जिससे हम सभी आसानी के साथ धान की रोपनी कर सकेंगे।

परिवार स्वास्थ्य मेला 10 अगस्त तक चलेगा

भवनाथपुर। परिवार स्वास्थ्य मेला 11 जुलाई से 10 अगस्त तक चलेगा जिसमें महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी आईयूडी, पीपीआईयूसीडी, अंतरा छाया एवं परिवार नियोजन से संबंधित सामग्री का वितरण किया जाएगा। डॉ प्रियंका कुमारी ने जनता से अपील की कि इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी एवं उपाय के बारे में जानकारी ले सकते हैं। मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार, अरुण लकड़ा आदि उपस्थित रहे।

माउंट हीरा कमेटी का सदर बने सद्दाम

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर
विशुनपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में मुस्लिम समुदाय की बैठक आयोजित कर माउंट हीरा कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मो सद्दाम हुसैन को सदर, तुफैल खान उर्फ गब्बर को महामंत्री, अमन आलम को खजांची, एहसान खान को सचिव, रहमान खान को उपसचिव, नेयामत खान को सूचना मंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सदर मो सद्दाम हुसैन ने कहा कि माउंट हीरा कमेटी के गठन

का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करना है उन्होंने कहा कि कमिटी के द्वारा पर्व-त्योहार में भी बढ़चढ़ कर सहयोग व सहायता किया जायेगा। बैठक में वारिस आलम,शहंशाह खान,शाहिद खान,इकबाल खान,आशिक अंसारी, चांद आलम,शमीम आलम,सोनु, टाइगर खान,वसीम अंसारी, सलातीन खान,अमीर खलीफा, तालिबा खान, फुटेनि सिद्दीकी, ताबीज खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बीआरसी में हुई गुरु गोष्ठी, बीईईओ ने शिक्षकों को दिए आवश्यक निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
प्रखंड संसाधन केंद्र खरौंधी में रुआर 2023 नामांकन अभियान व अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को प्रखंड के सभी के प्रधानाध्यापक के साथ गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरु गोष्ठी में रुआर 2023 नामांकन अभियान, एफ एलएन किट, नूपुर वर्क बुक, प्रयास कार्यक्रम, एसए टू रिजल्ट, बच्चों का खाता आधार एवं पोशाक आदि पर चर्चा करते हुए इसकी समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पाण्डेय ने कहा कि नए सत्र में नामांकन को लेकर रुआर कार्यक्रम चल रहा है। इसका निरीक्षण राज्य व जिला टीम के द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसमें

किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए कार्रवाई निश्चित है। उन्होंने नामांकन अभियान के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश शिक्षकों को दिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कुछ विद्यालय द्वारा अभी तक छात्र यू डायस मैनडोटरी फील्ड का गैप का कार्य लंबित रखने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अति शीघ्र इस कार्य का निष्पादन नहीं किया गया तो कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने सभी शिक्षकों को 15 जुलाई तक पोशाक से संबंधित रिपोर्ट प्रखंड संसाधन केंद्र में जमा करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखापाल प्रदीप कुमार शुक्ला प्रखंड साधन सेवी राजेन्द्र गुप्ता, संकुल साधन सेवी अर्चना कुमारी, सुधीर सिंह, दिनेश कुमार दुबे प्रधानाध्यापक अमरेश राम, कामेश्वर प्रसाद सिंह, राजनंदन राम, मोतीचंद जायसवाल, जितेंद्र सिंह, गोविंद उरांव, अरविंद साह, अरविंद प्रसाद, राघवेंद्र बिहारी मो जमालुद्दीन, सोहराब अंसारी, नारद राम, अरविंद दुबे, मिथलेश पाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

मिशन एडमिशन | **कटऑफ 60 प्रतिशत अंक वालों के लिए बना परेशानी**

नामांकन को लेकर बच्चों-अभिभावकों में बेचैनी

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
दसवीं कक्षा की रिजल्ट के बाद से ही छात्रों व अभिभावको में नामांकन को लेकर अफरा तफरी का माहौल बन गया है। इसमें अच्छे मार्क्स वाले बच्चे बाहर के कालेजो में नामांकन के लिए परेशान है तो निम्नवर्ग के छात्रों को कम मार्क के कारण नामांकन में काफी परेशानी हो रही है। वहीं भवनाथपुर का इकलौता प्लस टू विद्यालय में नामांकन के लिए स्थानीय बच्चों व अभिभावकों की भीड़ दिख रही है। इसमे वर्तमान में प्लस टू कक्षा के लिए साइंस व आर्ट्स में जो कटऑफ मार्क रखा गया है वह 60 प्रतिशत अंक वाले

छात्रों के लिए समस्या बन गया है। इसको लेकर लोंगो में विद्यालय प्रबंधन को लेकर आक्रोश भी है।

चूंकि साइंस में 170 से 180 सीटें हैं तो आर्ट्स में 200 से 250 सीटें ही रखी गयी हैं। अब तक आधी सीट दोनों में फूल हो चुकी है। वहीं विद्यालय की व्यवस्था की बात करें तो दसवीं व 12वी कक्षा में लगभग 800 छात्रों पर मात्र 13 शिक्षकों का नियोजन किया गया है, जिसमें गणित जैसे विषय के शिक्षक भी नहीं है। सभी क्लास के पीजीटी 6 व टीजीपी के 7 शिक्षक हैं। विद्यालय में विगत चार दिनों से बिजली खराब रहने के कारण शिक्षक व छात्र परेशान हैं। दो माह पूर्व ही विद्यालय में लाखों रुपये खर्च करके रिपेयरिंग और अन्य कार्य संवेदक द्वारा पूरा किया गया था, जिसमें विद्यालय में लगे एक दर्जन फंखे बनने गए थे जो अब तक नहीं लगाये गये हैं।

इस बावत विद्यालय के प्रचार्य अंकित कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही हमें प्रभार दिया गया है। विद्यालय में जिस प्रकार की व्यवस्था हमें दी गई है उस संसाधन से किसी तरह पठन पाठन का कार्य चल रहा है। नामांकन के लिए 31 जुलाई तक समय निर्धारित है। नामांकन के लिए कटऑफ मार्क्स की सूची बोर्ड पर अंकित है। वरीयता के अनुसार नामांकन पूर्ण पारदर्षिता से किया जा रहा है, जिसमे सामान्य वर्ग के लिए 70 प्रतिशत, पिछड़ा के लिए 68 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 65 प्रतिशत है। इसी प्रकार कला वर्ग के लिए 68, 66, व 63 रखा गया है, जिसमें आगामी सप्ताह तक कम होने की संभावना है। नामांकन फीस साइंस में जेनरल व ओबीसी के लिए 855 रुपये, एसटी के लिए 690 रुपये व कला में 829 व 664 रुपये रखी गयी है। उन्होंने बच्चों व अभिभावकों से अपील की है कि नामांकन प्रक्रिया के लिए अभी धैर्य रखें।

प्रखंड के मुख्य बाजार क्षेत्र में नाली का उत्तम प्रबंध नहीं, पंसस फंड का दुरुपयोग

सड़क पर बह रहा घरों का गंदा पानी, राहगीर परेशान

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
प्रखंड के मुख्य बाजार क्षेत्र घनी आबादी के बीच नाली का उत्तम प्रबंध नहीं है। लोगों के घरों से निकलता गंदा पानी यूं मुख्य सड़क पर बहता रहता है। मंदिर, मस्जिद, और चर्च जाने वाले श्रद्धालु और बाजार आने वाले ग्रामीण गंदे पानी के बहाव के बीच से पार होकर परेशान रहते है, जबकि पंचायत के विकास के लिए पंचायत समिति मद एवं 15वीं वित्तीय का पैसा जनप्रतिनिधि के द्वारा ऐसी जगहों पर खर्च किया जा रहा है जहां योजना की आवश्यकता ही नहीं है।

महुआडांड़ पंचायत समिति मद पैसे का दुरुपयोग करते हुए रामपुर नदी के किनारे के डेढ़ लाख रुपये खर्च करके पीसीसी पथ निर्माण किया गया है, जबकि इस जगह रोड की जरूरत ही नहीं है, लेकिन वह जनप्रतिनिधि जिसे जनता चुनकर क्षेत्र के विकास के लिए सिस्टम में लाती है वह जनता की जरूरत एवं भावनाओं को नजरअंदाज करके कमीशन खाने के लिए ऐसी जगह पर योजनाओं का निर्माण करते हैं। नदी किनारे पीसीसी पथ के निर्माण में भारी अनियमिता भी बरती गई है।

एक दशक पहले बनी नाली में कूड़ा-कचरा : अब मानसून नजदीक आ गया है। बारिश कभी भी शुरू हो सकती है, बारिश के पानी के साथ घरों का गंदा पानी भी सड़कों के साथ दुकानों में घूसेगा। बाजार आने वाले राहगीरों को काफी परेशानी होगी। पूर्व में लगभग एक दशक पहले जितने भी नाली का निमार्ण हुआ है, वे कूड़ा-कचरा से भर गयी हैं, नाली जाम है। इसकी सफाई को लेकर भी किसी का कोई ध्यान नहीं है।

एसडीओ महुआडांड़ ने कहा : इस संबंध में एसडीओ महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन ने कहा कि इसकी समिक्षा कर जांच की जायेगी। जांच के उपरांत दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। विकास के मद का सही जगह उपयोग होना चाहिए।

महुआडांड़ ब्लॉक में फटी पुरानी एक दो किताबों के सहारे पढ़ने को मजबूर बच्चे

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को नई किताबें न मिलने से बच्चे फटी पुरानी किताबों के सहारे पढ़ने को मजबूर हैं। आलम यह है कि 90 फीसदी बच्चों के पास किताबें ही नहीं हैं। अप्रैल महीने से नए शैक्षनिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन बावजूद इसके प्रखंड में विभाग की ओर से अध्ययनरत सभी विद्यालयों के बच्चों को किताबें मुहैया नहीं कराई जा सकी हैं। इसके चलते कहीं एक या फिर दो किताबों के सहारे ही पूरे क्लास में बच्चों को पढ़ा जा रहा है, तो कहीं पुरानी किताबों के सहारे बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, तो कहीं किताबे न होने की वजह से शिक्षक अपने संसाधनों से ही बच्चों को शिक्षित कर रहे हैं। किताबें न होने की वजह से बच्चे होमवर्क नहीं कर पाते और न ही एक्सट्रा पढ़ाई कर पाते हैं। विद्यालय में बगैर किताब के अध्यापकों को भी बच्चों को पढ़ाने में दिक्कत होती है, तो बच्चों की तैयारी भी बेहद कमजोर हो रही है। इसको लेकर विद्यालय के शिक्षक और बच्चे भी चिंतित हैं। राजकीयकृत मध्य विद्यालय रामपुर जो एक से 8 क्लास तक बच्चे पढ़ाई करते हैं और इस विद्यालय में कुल 108 बच्चे नामांकित हैं। आठ क्लास के बच्चे को किताब मिल चुका है लेकिन एक से 7 तक के बच्चों को पुरानी किताब से पढ़ाई करनी पड़ रही है। ऐसे में विद्यालयों में बच्चों की ठीक से पढ़ाई भी नहीं हो पा रही है। आने वाले समय में होने वाले एग्जाम के लिए बच्चों की तैयारी काफी कमजोर साबित होगी। इसको लेकर विद्यालय के शिक्षक भी चिंतित हैं और छात्र भी। वहीं इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रभा टोप्पो ने कहा कि ऐसी उम्मीद है कि जुलाई के आखिरी सप्ताह तक विभाग की ओर से किताबें मुहैया हो सकती हैं।

संक्षिप्त

पति ने पत्नी से तलाक का मुकदमा लिया वापस

लातेहार। प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय लातेहार राजीव आनंद के प्रयास से एक तलाक का मुकदमा वापस हो गया। मालूम हो जिले के गारू थाना क्षेत्र निवासी राजीव कुमार ने अपनी पत्नी जूही कुमारी के खिलाफ तलाक का मुकदमा दायर कराया था। पति राजीव कुमार के अधिवक्ता सुनील कुमार व गारू के वरीय पत्रकार कृष्णा गुप्ता प्रारंभ से ही सुलह कराने का प्रयास करते रहे हैं। पिछले दिनों प्रधान जज कुटुंब न्यायालय राजीव आनंद ने मामले को मध्यस्थता के लिए मध्यस्थ केंद्र लातेहार भेजा। जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव स्वाति विजय उपाध्याय एवं मध्यस्थ वरीय अधिवक्ता संजय कुमार ने काफी प्रयास किया। पहले फेज में मध्यस्था असफल रहा और वापस न्यायालय में वाद आ गया। पुनः वादी के अधिवक्ता सुनील कुमार ने इस मामला को आगे बढ़ाते हुए दोनों पक्षकारों से मिलजुल कर रहने का अनुरोध किया। दोनों के बीच से उत्पन्न छोटी बच्ची की जिंदगी सवारने की अपील की। पत्नी के अधिवक्ता धीरेंद्र कुमार शुक्ला ने बढ़-चढ़कर उसे समझाने का प्रयास किया। लगभग एक माह की अवधि में दोनों पक्षों ने मुकदमा समाप्त कराने का घोषणा किया और मंगलवार को फैमिली जज श्री आनंद की अदालत में उपस्थित होकर पति राजीव कुमार ने मामला को समाप्त करने का अनुरोध किया। दोनों पक्षों की ओर से सुलहनामा दाखिल होते ही अदालत ने इस मामले को समाप्त कर दिया। दोनों पक्ष खुशी-खुशी अपने घर को गए। पति पत्नी के बीच पिछले दो वर्षों से कई मुकदमे दायर हो चुके थे। कहा कि उन्हें आज शांति महसूस हो रही है।

मदरसा परिसर में लगाई सोलर स्ट्रीट लाइट

महुआडांड़। चतरा लोकसभा सांसद सुनील सिंह के सौजन्य से संसदीय क्षेत्र महुआडांड़ मंडल के अंतर्गत जामिया नुरिया ज्याउल इस्लाम मस्जिद के मदरसा परिसर में मंगलवार को सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया गया। मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद ने कहां, सांसद महोदय के सौंदर्य से स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। ये भी कहा कब्रिस्तान में भी सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया जाना है। जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, मस्जिद के सदर इमरान खान भाजपा के भानू प्रसाद, भैया आंनद नाथ शाह, दिलिप प्रसाद एवं बसारत अली मौजूद थे।

मुखिया ने लाभुकों के बीच बांटी धोती-साड़ी

बरवाडीह। प्रखंड के खुरा पंचायत में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत मुखिया ने लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। बुधवार को खुरा पंचायत के ब डीलर मुनेश्वर साव के जनवितरण प्रणाली की दुकान में पंचायत के मुखिया जितेन्द्र सिंह द्वारा सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत लाल, पीला हरा कार्ड धारकों लाभुको के बीच बारी बारी से वितरण किया गया। मौके पर ग्राम प्रधान सूरजमल प्रसाद, वार्ड सदस्य बसंती कुमारी, बबिता कुमारी, ग्रामीण प्रदीप राम, आशीष प्रसाद, रूपतेश्व सिंह, महेंद्र प्रसाद, मंटू प्रसाद समेत कई लाभुक कार्ड धारक थे।

उपयुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

अंचल में लंबित मामलों का शत प्रतिशत करें निष्पादन

राजस्व संग्रहण के लिए प्राप्त निर्धारित लक्ष्य करें पूर्ण

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल, नीलाम पत्र, निबंधन एवं अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें सर्वप्रथम जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं अपर समाहर्त्ता द्वारा जानकारी दी गई कि पूर्व में सीसीएल चतरा को निदेशित किया गया कि सभी कॉटाघरों का नियमित सत्यापन कराएंगे तथा सत्यापन रिपोर्ट की हॉर्ड कॉपी जिला खनन कार्यालय को निश्चित रूप से उपलब्ध कराएंगे। इसे लेकर प्रतिवेदन के माध्यम से मगध परियोजना, पूणार्डीह परियोजना, अशोका परियोजना व अम्रपाली परियोजना के प्रतिनिधि ने बताया कि आदेशानुसार कॉटाघरों का नियमित सत्यापन कार्य कराया जाता है। नियमित सत्यापन सर्टिफिकेट की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी जिला खनन कार्यालय को प्लब्ध करा दी गई है। प्रतिवेदन के माध्यम से जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के खनिजो के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स एवं कार्यालय स्तर पर जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रो का औचक जॉच लगातार की जा रही है। क्षेत्रीय जांच में अवैध मामला पाए जाने पर अवैधकर्त्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कुल 15 वाहन को जब्त किया गया है और 1300 सीएफटी बालू व 200 सीएफटी स्टोन खनिज को जब्त किया गया है। वहीं 147000 की दंड राशि भी वसूली गई है। उपायुक्त ने कहा एनजीटी न्यायादेश के अनुसार मानसून सत्र 10 जून से 15 अक्टूबर तक की अवधि में राज्यान्तर्गत नदी, घाटो से बालू का उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्य यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण ना हो इसके लिए लगातार छापेमारी अभियान जारी रखें। और आगे उन्होंने कहा प्रत्येक माह जिला स्तर पर अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। उपायुक्त ने खनन विभाग, परिवहन विभाग, मत्स्य विभाग, उत्पाद विभाग समेत अन्य विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 23-24 में अभी तक लक्ष्य के विरूद्ध किये गये राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उन्होने निर्देशित किया कि दिसंबर माह तक राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें। अंचल की समीक्षा में मोटेशन, सकसेशन मोटेशन, जीएम लैंड सर्वे रिर्पोट, भु-अर्जन कार्यालय में लंबित मामले, निलाम पत्र, वाद, कर संग्रहण, संदेहात्मक जमाबंदी के अभिलेख का सुनवाई समेत अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए कहा जिले में 2205 वाद लंबित है। जुलाई महीने में अभियान मोड में लंबित वाद का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया अपने स्तर से महीने में एक बार राजस्व संग्रहण की समीक्षा करेंगे और इसका प्रतिवेदन जिला को उपलब्ध कराएंगे। अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भूमि मोटेशन के लंबित कार्यों का निष्पादन प्राथमिकता से करें। बैठक में एसपी राकेश रंजन, उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

पेयजल की समस्या से जूझ रही रेलवे कॉलोनी

महिलाओं ने आईओडब्ल्यू कार्यालय का किया घेराव

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
प्रखंड क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी में पिछले कई दिनों से अनियमित जलापूर्ति के कारण रेल कर्मियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इससे नाराज होकर रेलवे कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं ने बुधवार को रेलवे कॉलोनी क्षेत्र से पैदल मार्च निकालते हुए रेलवे के आईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचकर कार्यालय का घेराव करते हुए अनियमित जलापूर्ति पर जमकर रोष प्रकट किया।

इस दौरान महिलाओं ने कहा कि विभाग द्वारा कॉलोनी क्षेत्र के कुछ चिन्हित इलाकों में विशेष जलापूर्ति करने के साथ-साथ रेलवे कॉलोनी के अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति के नाम पर अनदेखी की जाती है महिला समिति के अध्यक्ष रेखा पाठक ने कहा कि रेलवे कॉलोनी में प्रचंड गर्मी के बीच टैंकर के माध्यम से 4 -5 बाल्टी पानी रोजाना उपलब्ध कराया जा रहा था। मजबूरन रेल कर्मियों को पानी बाहर से खरीद कर इस्तेमाल करना पड़ रहा था.वर्तमान में बारिश के कारण नदी का जलस्तर धीरे-धीरे ठीक हो रहा है लेकिन इसके बावजूद पानी की आपूर्ति में संबंधित विभाग के अधिकारी के द्वारा रेलकर्मियों के साथ अनदेखी की जा रही है।

वहीं प्रखंड क्षेत्र की पूर्व मुखिया रेलवे कॉलोनी निवासी सुनीता टोप्पो ने कहा कि रेल क्षेत्र में पानी के नाम पर विभाग के द्वारा अनदेखी की जा रही है। इससे रेलवे कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं और कर्मियों को भारी परेशानी हो रही है और यही कारण है कि पानी की समस्या को लेकर महिलाओं को विरोध करना पड़ रहा है। वहीं पानी की समस्या को लेकर पहुंची महिलाओं के द्वारा डीआरएम के नाम आईओडब्ल्यू कार्यालय को मांगपत्र सौंपते हुए उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी गई है। मौके पर शबनम कुमारी, सुनीता कुमारी, नैना देवी, सोनी देवी, मंजू हेंब्रम, अलका सिंह, प्रियंका, उर्मिला देवी, रीना देवी, कमला देवी, अर्चना कुमारी, आरती, रश्मि मेहता, सरोज देवी व अन्य महिलाएं शामिल थीं।

बरवाडीह में चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में नकदी और बाइक की चोरी

पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई प्रारंभ की

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह
थाना क्षेत्र के खुरा पंचायत के चमरडीहा और बभनडीह ग्राम में मंगलवार की रात चोरों ने दो अलग -अलग घरों से नकदी व एक बाइक की चोरी कर ली। घटना की सूचना बरवाडीह पुलिस को दे दी गई है। चमरडीहा निवासी विजय प्रसाद के पुत्र रेलकर्मी विकास कुमार उर्फ विक्की के घर में बीती रात्रि अज्ञात चोर घुस कर पर्स में रखे करीब दो हजार रुपये की चोरी कर ली। विक्की की दादी मध्य रात्रि बाथरूम के लिए बाहर निकली थी। इसी क्रम में उक्त चोर घर में घुस गया था। विक्की ने बताया कि उक्त चोर अपने पास रहे मोबाइल फोन उसके बैग में रखकर ले जाने की फिराक में था, लेकिन इसी दौरान आंख खुलने के बाद आकर उक्त चोर को पकड़ लिया था, लेकिन हाथापाई करते हुए चोर उससे छुड़ा कर भाग गया, जिससे बैग सहित उसका मोबाइल छूट गया। घर के निकट एक लेडीज बैग भी गिरा था। थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर मोबाइल को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी। वहीं बीती रात्रि चमरडीहा से थोड़ी दूर स्थित बभनडीह निवासी गया प्रसाद गुप्ता के घर में भी चोर घुस कर मोटरसाइकिल की चोरी कर ली। पीड़ित गया प्रसाद ने बताया कि बाउंड्री को फांद कर चोर अंदर घुसे थे। चोरी के इस मामले में भी पुलिस ने कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

भूरैयतों ने किया डालमिया का विरोध, नहीं देंगे जमीन

नवीन मेल संवाददाता। टंडवा
टंडवा प्रखंड अंतर्गत किसुनपुर में वृंदा-सिसई कोल परियोजना क्षेत्र के विस्थापित- प्रभावित लोगों की बैठक में लोगों ने खनन परियोजना का कड़ा विरोध किया। बताया गया कि कोल ब्लॉक आवंटित कंपनी डालमिया द्वारा बगैर ग्रामीणों की सहमति के अपने मातहतों का सहारा लेकर गुपचुप तरीके से प्रस्तावित क्षेत्र का बाउंड्री लाइन सर्वे करा रही है। वहीं जगदीश महतो ने कहा कि पूर्व में अभिजित, उषा मार्टिन व टाटा कंपनी द्वारा जिस नीति का अनुकरण कर पूर्व में ग्रामीणों को गुमराह किया गया उसी नक्शे कदम पर अब डालमिया भी चल रही है। आगे उन्होंने कहा कि इस कंपनी का मंसूबा कभी सफल नहीं होने देंगे, इसका भी वही हश्र होगा जो अन्यों का यहां हुआ था।वहीं एक स्वर में लोगों ने खनन परियोजना का विरोध करते हुए खनन परियोजना के लिए जमीन नहीं देने का निर्णय लिया। मौके पर महेंद्र महतो, मनोज पाठक, अरविंद पाठक, जितेन्द्र सिंह, केदार महतो आदि उपस्थित रहे।

मरीजों के बीच पोषाहार कीट का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में बुधवार को टीबी रोगियों के बीच अतिरिक्त पोषण सहायता के तहत मरीजों के बीच पोषण टोकरी (पोषाहार) का वितरण किया गया। पोषाहार वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ तरुण जोश लकड़ा ने कहा कि टीबी मरीजों को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहनी चाहिए। उन्हें नियमित अपने वजन, हीमोग्लोबिन, बलगम की जांच कर दवा का भी सेवन करना है। प्रखंड एसटीएस सुकृता टोप्पो ने यक्ष्मा मरीजों को समय पर दवा का सेवन करने और सरकार द्वारा टीबी मरीजों के लिए चलाई जा रही कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। सुकृता टोप्पो ने कहा कि समय पर जांच व नियमित दवा के सेवन से टीबी को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। ज्ञात हो कि सीसीएल सीएसआर फंड के तहत चाईल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) नामक संस्था के माध्यम से प्रखंड के 75 मरीजों के बीच उक्त पोषण टोकरी का वितरण किया गया है। पोषण टोकरी में दाल, चना, गुड़, बादाम, रिफाइन शामिल हैं। कार्यक्रम में एसटीएस सुकृता टोप्पो, सिनी संस्था के क्लस्टर कोऑर्डिनेटर सिमोन उंराव समेत यक्ष्मा रोगी व उनके परिजन मौजूद थे।

चिंतनीय ### बिछड़ा भी तैयार नहीं कर पा रहे किसान

मॉनसून की बेरुखी ने बधाई चिंता

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
मानसून की बेरुखी से आमजन के साथ किसान चिंतित हैं। उन्हें अपनी फसलों की सिंचाई की चिंता सता रही है। कुछ किसान बारिश के इंतजार में वे धान की बिचड़े की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं और जिन किसानों के बिछड़े तैयार हो चुके हैं वो सिंचाई के लिए आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। जैसे-तैसे माध्यम वर्ग के किसानों ने मकई के बीज की बुआई तो कर दी, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने से बोये गए बीज खेतों में सूखने लगे हैं।

जून 15 के बाद मानसून आने की संभावना रहती है। आषाड़ और सावन में झमाझम बारिश होती है। जुलाई का एक पखवाड़ा बीत गया है और सावन शुरू हो चुका है लेकिन छिटपुट बारिश को छोड़कर अभी तक झमाझम बारिश का सभी को इंतजार है। खासकर किसान तो और भी ज्यादा चिंतित हैं। मौसम वैज्ञानिकों की भविष्यवाणियां भी इस बार सटीक नहीं बैठ रही हैं। पूरे लातेहार जिला में सरकारी आंकड़े है वह काफी चिंतनीय है। अबतक 100.8 मिमी ही वर्षा हुई है, जबकि होनी चाहिए 241.6 मिमी। पूरे जिले में 58 मिमी कम वर्षा होने से किसान धान की बुआई करने की खातिर आसमान की ओर नजर गड़ाये हैं।

पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष वर्षा काफी कम होने के कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है। कड़ी धूप के वजह से धान के खेत में नमी नही रहने से खेतों की जुताई तक नहीं की जा सकी है। ऐसे में किसान इस वर्ष सूखे की आशंका के मद्देनजर चितित नजर आ रहे हैं। जानकर बताते हैं कि अगर स्थिति यही रही तो अगले फसल पर भी पिछले वर्ष भांति दुगना इसका असर पड़ेगा।

बुजुर्गों को वर्षो से नहीं मिल रही पेंशन

बैंक खाते से मोबाइल नंबर जोड़ने की अनिवार्यता बनी इसकी मुख्य वजह

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
प्रखंड में सालों से कई बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है। इससे उनकी स्थिति बड़ी खराब हो गई है। वे पेंशन मिलने की आस में बैंक और ब्लॉक के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर घर लौटना पड़ता है।

ऐसा ही मामला प्रखंड अंतर्गत पंचायत दुरूप का है। पंचायत अंतर्गत ग्राम बरदौनी कला के ठाकुर मुनिया देवी, पति स्व. सुखू मुंडा एवं रतनि देवी, पति लांदू नगेसिया की पेंशन तीन साल से बंद है। वहीं छेगराही ग्राम के कलमतिया देवी, स्व एतवा मुडां की पेंशन एक साल से बंद है। बाला महुआ ग्राम के फिलूस बिरिजिया, पिता स्व सुखलाल बिरिजिया की पेंशन दो साल से बंद है। लुरगुमी कला ग्राम के लाधू किसान, पिता स्व अगनू किसान और ग्राम दौना के बिहानी देवी, पति किनू मुंडा का पेंशन छह महीने से बंद है। ये लोग ऐसे हैं, जिनके लिए पेंशन गुजारे का बड़ा माध्यम है। इस संबंध में पूर्व दूरूप पंसस धर्मेंद्र सिंह ने कहा दर्जनों बार इनकी पेंशन चालू करने को लेकर अंचल सह प्रखंड कार्यालय में कागजात जमा कराया है।

ज्ञात हो कि बैंक में खाता से मोबाइल नंबर जोड़ने को लेकर नंबर मांगा जा रहा है। वृद्ध लोगों के पास मोबाइल नंबर नहीं के बराबर है। ऐसे में अगर वह मोबाइल नंबर नहीं दे रहे हैं तो उनका पैसा नहीं निकल रहा है। इस संबंध में जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया ने कहा कि पूरे प्रखंड में सैकड़ों बुजुर्ग ऐसे हैं, जिनको पेंशन मिल रही थी, लेकिन अभी बंद है। प्रखंड प्रशासन को इन बुजुर्गों की परवाह नहीं है।

हादसे में घायल युवक का रिम्स रांची में इलाज के दौरान मौत

बालूमाथ। बीते दिनों हजारीबाग के कटकमदाग ग्राम के पास हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बालूमाथ के कोमर ग्राम निवासी सचिन सिंह उर्फ भोला (30 वर्ष) का रांची रिम्स अस्पताल में मंगलवार की रात को इलाज के दौरान निधन हो गया। युवक की मौत की खबर सुनते ही कोमर स्थित आवास में परिचितों एवं रिश्तेदारों का हुजूम उमड़ पड़ा। ज्ञात हो कि रविवार को सचिन सिंह अपनी स्कूटी से बालूमाथ से हजारीबाग अपने ससुराल जा रहा था। इसी क्रम में हजारीबाग के कटकमदाग ग्राम के समीप स्कूटी से एक्सिडेंट कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल सचिन को प्राथमिक उपचार के बाद रांची ले जाया गया था।

शिव की विशाल अर्धनारीष्वर प्रतिरूप में समस्त शिव परिवार एक अरघे में समाहित, पुरातत्व विभाग ने इसे सातवीं सदीं का बताया था

ऐतिहासिक स्वयंभू महादेव मंदिर को संरक्षित करने की जरूरत

राहुल कौशल। लोहरदगा

20 अप्रैल 2011 को शहर के छतर बगीचा में कूप खुदाई के दौरान लगभग 15 फीट गहराई में एक विशाल, भव्य एवं समस्त शास्त्रीय चिन्हो से सुशोभित ऐतिहासिक सांस्कृतिक एचं धार्मिक धरोहर के रुप में भगवान शिव की विशाल अर्धनारीष्वर प्रतिरुप जिसमें समस्त शिव परिवार एक अरघे में समाहित है मिला। इस गौरीशंकर स्वरुप, नटेष्वर शिवलिंग पर समस्त शास्त्रीय चिन्ह जैसे ओम की आकृति, डमरु सहित त्रिषुल, पंचषीर्श सर्प की षेशनाग एवं पार्ष्व भाग पर बसहा बैल आसन्न मुद्रा में विद्यमान है साथ ही गोद में पार्वती जी एक ही अरघा में विद्यमान है। इस अदभूत विषाल षिवलिंग की उंचाई लगभग पांच फीट एवं व्यास दस फीट है। यहां भक्तो द्वारा निष्चल एवं सच्चे भाव से मांगी गयी हर मनोकामना पूर्ण होती है। यह ऐतिहासिक धरोहर अतिप्राचीन, दुर्लभ एवं साक्षात बाबा बफार्नी अमरनाथ जी का प्रतिरुप स्वरुप प्रतीत होता है।

कला संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग झारखंड सरकार के द्वारा इसे एक अतिप्राचीन, दुर्लभ एवं ऐतिहासिक धरोहर के रुप में परिभाषित करते हुए सातवीं सदी पूर्व का बताया था। पुरातत्व विभाग से रांची के निदेषक एनजी निकोसे एवं उनकी पूरी टीम ने इसका सर्वेक्षण किया था। इस मंदिर को संरक्षित कर इसे पर्यटन स्थल मे परिवर्तित करने से इसका विकास होगा। इसके साथ साथ इस षहर का

भी विकास होना निष्चित है। इस ऐतिहासिक धरोहर को निकलते ही श्रद्धालुओ द्वारा उस स्थान पर विषेश शिव पूजा अराधना किया गया। जमीन के नीचे से इस विषाल प्रतिरुप को श्रद्धालुओ ने किसी प्रकार निकालकर एक स्थान पर रखा। उस स्थान का नाम दिया स्वयंभू महादेव मंदिर। आज जिले के कोने काने में इस महादेव मंदिर का नाम गुंजायमान है। लेकिन इस ऐतिहासिक धरोहर को आज संरक्षित करने की जरूरत है। इसके अतिरिक्त इस स्थल को पर्यटक स्थल में परिवर्तित करने से इस जिले का नाम और उंचा होगा। स्थानीय बुद्धिजीवीयो के द्वारा इस मंदिर के निर्माण एवं विकास के लिए दिसंबर 2011 में एक ट्रस्ट का निर्माण किया गया जिसका नाम है स्वयंभू महादेव हिस्टोरिकल एवं कल्चरल ट्रस्ट। यह ट्रस्ट इस मंदिर को विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। वर्तमान में इस ट्रस्ट में लगभग 70 सदस्य बने है जो अपनी क्षमतानुसार इस मंदिर निर्माण व विकास में सहायता दे रहे है। इस स्थल से लाखो लोगो का श्रद्धा जुड़ा हुआ है। इस मंदिर के निर्माण हेतू श्रवण कुमार सिंह ने आठ डिसमिल एवं धर्मराज अग्रवाल ने सवा तीन डिसमील जमीन दान किया। इसके बाद लगातार मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालुओ द्वारा क्षमतानुसार सहयोग राषि दिया गया। स्वयंभू महादेव मंदिर को लगभग 81 फीट उंचाई वाले उत्कल कलाकृति पर आधारित विषाल व भव्य मंदिर निर्माण के लिए कार्य जारी है। वर्तमान में मंदिर निर्माण का कार्य जारी है। इसे बस श्रद्धालुओं के सहयोग की जरुरत है।

2011 में विस अध्यक्ष ने किया था शिलान्यास

लोहरदगा शहरी क्षेत्र के छतर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर निर्माण का शिलान्यास तत्कालिन विधानसभा अध्यक्ष व वर्तमान नगर विकास मंत्री सीपी सिंह ने 05 दिसंबर 2011 में किया था। मंदिर निर्माण के लिए उस समय अनुमानित लागत एक करोड़ 21 लाख रुपये का था। मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गयी। विस अध्यक्ष ने इसमें सहयोग का भरोसा भी दिया था, परंतु आज कई वर्ष होने को है अबतक किसी प्रकार का सहयोग मंदिर को नहीं मिला जिससे श्रद्धालुओ में रोष है। इसके बाद तत्कालिन शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम, तत्कालिन पर्यटन मंत्री विमला प्रधान, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, मंत्री डा0 रामेष्वर उरांव, सांसद सुदर्षन भगत, पूर्व विधायक सुखदेव भगत समेत अन्य ने भी मंदिर निर्माण में सहयोग करने की बात कही। स्वयंभू महादेव मंदिर को पर्यटन स्थल के रुप में परिवर्तित करने के लिए प्रयास करने की बात कही थी। सभी ने हर संभव मदद करने का भरोसा सैकड़ों श्रद्धालुओ के समक्ष दिया था परंतु सभी ने सिर्फ वादे किए उसे निभाया नहीं। मंत्रियों व विधायकों की उपेक्षा के कारण आज इस मंदिर निर्माण की प्रक्रिया अभी भी जारी है। श्रद्धालु अपनी क्षमता से सहयोग कर इसका निर्माण करवा रहे है।

भंडरा के कण-कण में है शिव का वास

कुलदीप कच्छप। भंडरा

भंडरा प्रखंड के कसपुर और भंडरा गांव का नाम शिव नगरी के रूप में जाना जाता है। यहा कण - कण में भगवान शिव का वास है। भक्तों की मुरादें को भगवान किसी न किसी रूप से अवश्य ही पूरा करते हैं। भंडरा और कसपुर में कई शिवमंदिर हैं जो सातवीं - आठवीं सदी में निर्मित है। यहां पर श्रावण मास एवं शिवरात्रि के अवसर पर हजारों भक्त यहा पहुंचकर भगवान की पूजा - अर्चना करते हैं। लोहरदगा एवं आस - पास के जिलों के अलावे बिहार , उड़िसा एवं छत्तीसगढ़ के शिवभक्त अखिलेश्वर धाम पहुंचते हैं। कसपुर और भंडरा के देशवाली , नकटी कारु मठ , बेलडीपा , ओखड़ डीपा इत्यादि कई जगहों में शिव लिंग का बड़े - बड़े पत्थर बिखरे पड़े हैं। स्थानीय लोगों का कहना है की प्रसाशन और जनप्रतिनिधियों का सार्थक पहल कर बिखरे पड़े शिवलिंगों को इकट्ठा कराकर सड़क एवं मंदिर निर्माण कराये तो भंडरा एवं कसपुर पर्यटक स्थल के रूप में देवघर एवं अन्य प्रसिद्ध शिवधामों के रूप में विकसित हो सकता है।

कलाकृतियां एवं नक्काशी देवकाल की कहानी : भंडरा के अखिलेश्वर धाम एवं कारु में कई पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक धरोहर आज भी साक्षात पड़ा है। यंहा की कलाकृतियां एवं नक्काशी देवकाल की कहानी बयां करती है। श्रावन मास में पूरे माह हजारों भक्त के यहां आने और हर- हर महादेव और बोल बंम के जयकारों से पूरा माहौल शिवमय हो जाता है। अखिलेश्वर मंदिर चट्टान के उपर अवस्थित है तथ मंदिर के समीप दो चट्टानों के बीच झिलनुमा तालाब व आसपास का मनोरम दृश्य श्रद्धालु पर्यटकों को काफी लुभाती है। यहां पर कई पुरातात्विक क्षेत्र है जिसका अध्ययन किया जाय तो बहुत कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां मिलने की सम्भावना है।

आवासीय विद्यालय तैयार छात्राएं कुडू जाने को विवश

नवीन मेल संवाददाता। कैरो

बिराजपुर नंदनी नदी के पार पश्चिम दिशा पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिक विधालय जिसका भवन निर्माण कार्य विते वर्ष पूर्ण हो चुका है, परंतु आज भी कैरो प्रखंड के छात्राएं कुडू प्रखंड स्थित विधालय भवन में पढ़ने को मजबूर हैं। इसका निर्माण में भी करोड़ो रुपये का खर्च आया होगा। लोहरदगा मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क पर आधा - अधूरा पुल का निर्माण नंदनी डैम से निकलने वाली नदी में बंदा गांव के समीप पुल नहीं होने के कारण भी कुछ कम समस्याएं नहीं हो रही हैं। इस पुल का निर्माण कार्य 85 लाख रुपये की लागत से किया जाना था, लेकिन आज एक दशक बीत जाने के बाद भी पुल आधा अधूरा है। कैरो बाजार टांड़ के बगल में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, 15 वें वित्त आयोग व मनरेगा के द्वारा 299991 रुपये की लागत से निर्माण कराये जा रहे सामुदायिक शौचालय भवन जो वर्ष 2021-2022 से अर्धनिर्मित है। ग्रामीणों की ओर से कई बार गुहार लगाने के बाद पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने अर्धनिर्मित शौचालय भवन का निरीक्षण कर शौचालय भवन निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया था जो आज तक अधूरा है। वहीं प्रखंड मुख्यालय में तहसील कचहरी, नवाटोली में दूध संग्रह केंद्र, बिराजपुर में महिला शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र, हताबाड़ी में केंद्र, हरिजन मुहल्ले में सामुदायिक भवन सहित ऐसे दर्जनों भवन सरकार द्वारा बनाया गया है, जो देखरेख के अभाव में बेकार पड़े हुये हैं। लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। उसकी भी स्थिति ठीक नहीं रहती है।

दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में तीन गंभीर

भरनो। एनएच 23 रांची -गुमला मुख्य मार्ग पर बुधवार को भरनो के पुराना थाना के पास दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में भरनो लेकोटोली निवासी महाबीर लोहरा(45), मारासीलि गांव नीवासी विश्वास उरांव(19) और इसी गांव के छोटन लोहरा (18) शामिल है। विश्वास और छोटन एक ही बाईक में सवार होकर सिसई से भरनो की ओर आ रहे थे वहीं भरनो से सिसई की ओर जा रहे महाबीर लोहरा के बाईक से सीधी भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास के युवकों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज करने के लिए रिम्स राँची रेफर कर दिया। इधर दुर्घटना की सूचना मिलने पर भरनो थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को अपने कब्जे में कर लिया।

देवाकी बाबाधाम तक पैदल कांवड़ यात्रा में शामिल होने का किया आग्रह

उपायुक्त, डीएफओ, एसडीओ, एसडीपीओ व डीएसपी को दिया निमंत्रण पत्र

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा शहरी क्षेत्र के मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से देवाकी बाबाधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जहां एक ओर कांवड़ यात्रियों की सुविधा को लेकर व्यवस्थाओं पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के प्रबुद्ध जनों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी जत्था में शामिल होने को लेकर आमन्त्रित किया जा रहा है। कांवड़िया संघ बरवाटोली के द्वारा 24 जुलाई को सुबह 7 बजे बरवाटोली चौक से निकलने वाली 30 किमी की पैदल कांवड़ यात्रा के उद्घाटन करने को लेकर बुधवार को कांवड़िया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद

कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ट नारायण सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद से मिला। उनसे ससमय उद्घाटन समारोह में उपस्थित होकर कांवड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए अपील की। वहीं जत्था में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रण पत्र भी सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांवड़िया संघ के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू, सचिव आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल और मीडिया प्रभारी राहुल कौशल शामिल रहे। अधिकारियों का आमंत्रण पत्र देने के बाद शहर के गणमान्य लोगों को भी पत्र देते हुए यात्रियों के जत्थे में शामिल होकर उनके उत्साह को बढ़ाने की अपील की गई। इसके अलावा जिले के विभिन्न हिंदू संगठनों को भी जत्था में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की गई।

संक्षिप्त

बीडीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक

भंडरा। प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने बीएलओ सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक किया। बैठक में उपस्थित लोगों को वोटर आईडी कार्ड बनाने एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 पर विस्तृत पूर्वक चर्चा की गई। नए बीएलओ एप में कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में विभाग द्वारा निर्देश का पालन करने की बात कही गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रखंड के सभी राजनीतिक दल के प्रखंड अध्यक्ष के साथ बैठक कर निर्वाचन से संबंधित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया। प्रखंड अध्यक्ष को वोटर आईडी कार्ड बनाने संबंधित प्रावधानों से अवगत कराया गया। बैठक में सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, जीपीएस रऊफ अंसारी,बी ईईओ जयनाथ महतो, महेश प्रसाद व बीएलओ,सुपर वाइजार मौजूद थे।

जिला शिक्षा स्थापना समिति की हुई बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई। बैठक में पदस्थापन से जुड़े एक मामले पर स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, केंद्रीय पुस्तकालय में एक लाईब्रेरियन और एक मल्टी टास्किंग स्टाफ की नियुक्ति किये जाने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में जिला के विद्यालयों में संचालित पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के संचालन संबंधी चर्चा हुई। जिसमें योजना का लाभ प्रत्येक छात्र-छात्राओं तक पहुंचाने और मध्याह्न भोजन से संबंधित एसएमएस का कार्य सौ फीसदी सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। हॉटपॉट को क्लब करने से संबंधित प्रस्ताव पर सीएसआर के तहत हिंडाल्को को पत्राचार किये जाने का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन लोहरदगा को छात्राओं के बीच आयरन की गोली वितरित किये जाने हेतु आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 16 को

लोहरदगा। इमरजेंसी केयर की अगुवाई में लोहरदगा नर्सिंग होम और क्यूरेस्टा हास्पिटल रांची द्वारा लोहरदगा नर्सिंग होम नवाड़ीपाड़ा परिसर में आगामी 16 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अनुभवी और विभिन्न रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा। विभिन्न प्रकार के जांच भी किए जाएंगे । जिसमें बीस प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी एवं अल्ट्रासाउंड में 15 परसेंट की छूट दी जाएगी।

एक सप्ताह में भरें नदिया हिंदू विद्यालय में रिक्त पद

शिक्षा विभाग की बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को शिक्षा विभाग की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इस बैठक में जिला में अवस्थित उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन, रिक्त पदों, नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति, निर्माण से संबंधित चर्चा हुई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। समीक्षा में पाया गया कि उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा को छोड़ अन्य दो विद्यालयों में नामांकन का कार्य पूर्ण हो गया है। नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय में नामांकन हेतु रिक्त पदों को आवश्यक कार्रवाई

करते हुए एक सप्ताह के अंदर भरे जाने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। नामांकन हेतु रिक्त सीटों की स्थिति से संबंधित एक वेब पेज लोहरदगा जिला के वेबसाइट पर बनाये जाने और इस पेज को प्रत्येक दिन तीन बार अपडेट करने का निर्देश जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को दिया गया। उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों व प्रतिनियुक्ति पर भी चर्चा हुई व आवश्यक निर्देश दिये गये। सभी विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थित सौ फीसदी सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय हिरही में नामांकन, स्कूल रूआर कार्यक्रम 2023-24, निपुण भारत मिशन का विजन, एससीए, सीएसआर, डीएमएफटी योजना मद से संचालित योजनाएं, बजट 2023-24 समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई व आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

कक्षपाल के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

राज्य काराओं में कक्षपाल के रिक्त पदों पर भूतपूर्व सैनिकों को संविदा पर नियुक्ति हेतु संलग्न प्रपत्र में आवेदन पत्र निम्न प्रकार निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पूर्वाह्न 8 बजे से संध्या 4 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। निम्नांकित किसी एक ही कारा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से सभी वांछित कागजातों/अभिलेखों के साथ काराधीक्षक के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। यदि एक कारा कार्यालय में नियुक्ति हेतु अयोग्य पाये जाते हैं तो दूसरे कारा कार्यालय में अन्य दिवस को संविदा पर नियुक्ति हेतु उनकी उपस्थिति मान्य नहीं होगी। भूतपूर्व सैनिकों को अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु कुल रिक्त पदों की संख्या 600 (छह सौ) है। यह पद राज्य स्तरीय है। ये नियुक्तियां एक प्रकरण में एक (01) वर्ष के लिए होंगी एवं आवश्यकतानुसार अनुबंध की अवधि को विस्तारित किया जाएगा। नियमित नियुक्ति होने पर अनुबंध पर रखे गये भूतपूर्व सैनिकों की सेवा समाप्त कर दी जाएगी। संविदा में झारखंडवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी। नियुक्ति हेतु आवेदक का उम्र 1.6.2023 को 55 वर्ष से अधिक नहीं होगी। नियुक्ति में कम उम्र वाले भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

विडंबना कैरो बनने के एक दशक बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

करोड़ों खर्च कर बने भवन खंडहर में तब्दील हो रहे

शकील अहमद। कैरो

लोहरदगा जिले की कैरो प्रखण्ड को अलग हुए एक दशक से ज्यादा समय बित गया, लेकिन आज भी प्रखण्ड की जनता को मूलभूत सुविधाएं से वांछित रहना पड़ रहा है। ऐसा नही है कि यंहा सरकारी सुविधाओं का ग्रामीणों को लाभ मिले इसके लिए प्रयास नही किया गया लेकिन लाभ सिर्फ और सिर्फ ठेकेदार को मिली है। प्रखंड में सरकारी पैसों का दुरूपयोग की गई हैं और शासन,प्रसाशन के साथ-साथ आम जनता भी इस मामले मे मुँह मोडे हुए हैं। करोडो रुपए खर्च के बाद बने कई भवन का उद्घाटन भी नहीं हो पाया और भवन जर्जर

हो गई। मौजूदा समय मे कई भवनों का उद्घाटन बिना जीर्णोद्धार नहीं किया जा सकता है। देखे कैसे करोड़ो रुपए की भवन ठेकेदारों को फायदा पहुंचाकर, जर्जर होने की स्तिथि में है। प्रखंड मुख्यालय से महज आधा किमी की दूरी में एक करोड़ ग्यारह लाख रुपये की लागत से बने अतिरिक्त अस्पताल उद्घाटन की बांट जोहते जोहते जर्जर हो गई। वर्ष 2014 से अस्पताल का भवन बनकर तैयार है। लेकिन आज तक अस्पताल चालू नहीं हुआ। अस्पताल चालू नहीं होने के कारण भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। सढाबे पंचायत के एडादोंन गांव मे कोयल नदी तट पर बने आईटीआई कॉलेज व क्षात्रवास 2017-18 मे बनकर तैयार हो गया था जो देखरेख के अभाव मे अब जर्जर होने की स्तिथि मे हैं आये दिन असमाजिक तत्व इसे बर्बाद कर रहे हैं। भवन निर्माण के बाद आईटीआई की पढ़ाई का कोई पहल नहीं हुआ हैं। भवन का निर्माण लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से कराई गई थी।

बीएस हाई स्कूल को सीबीएसई से मान्यता

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ

लातेहार जिला का दूसरा निजी विद्यालय बीएस मेमोरियल हाई स्कूल, बालूमाथ को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली से मान्यता मिली है।

इस संबंध में बुधवार को विद्यालय परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर विद्यालय के चेयरमैन अशोक कुमार ने बताया कि बालूमाथ जैसे पिछड़े क्षेत्र में शून्य से शुरू विद्यालय को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से मान्य होने तक का सफर तय किया है। उन्होंने बताया कि लातेहार जिले में कुल 6 विद्यालय सीबीएसई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। मान्यता प्राप्त 6 विद्यालयों में बीएस मेमोरियल हाई स्कूल बालूमाथ दूसरा निजी विद्यालय है। जिसे सीबीएसई बोर्ड से मान्यता मिली है। उन्होंने बताया

कि विद्यालय की स्थापना 1992 में हुई थी। लगभग डेढ़ एकड़ में फैले स्कूल कैंपस में जूनियर व सीनियर विंग की कक्षाएं संचालित होती हैं। जूनियर विंग में नर्सरी से एलकेजी व सीनियर विंग में क्लास एक से दस तक की कक्षाएं संचालित होती है। विद्यालय में लगभग 300 छात्र व छात्राएं अध्ययनरत हैं। विशेष रुप से 4 स्मार्ट क्लास की सुविधा भी विद्यालय में उपलब्ध है। अत्याधुनिक लाइब्रेरी जिसमें लगभग ढाई हजार पुस्तकें मौजूद हैं। कमपोजिट साइंस लैबोरेट्री/ मैथ लेबोरेटरी के अतिरिक्त कंप्यूटर लैब व खेल गतिविधियों के लिए अलग स्पोर्ट्स कैंपस मौजूद है। वहीं अत्याधुनिक तड़ित चालक व फायर सेफ्टी इक्विपमेंट्स से स्कूल लैस है। विद्यालय में अट्ठारह प्रशिक्षित शिक्षक समेत 25 स्टाफ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार ने यह भी बताया कि बालूमाथ शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा रहा है।

NEWS इन ब्रीफ

गुजरात-महाराष्ट्र में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें आज सपाट बनी हुई है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.01 डॉलर घटकर 74.82 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं, ब्रेंट क्रूड 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 79.38 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के ताजा रेट जारी कर दिए हैं। भारत में हर सुबह 6 बजे ईंधन के दामों में संशोधन किया जाता है। जून 2017 से पहले कीमतों में संशोधन हर 15 दिन के बाद किया जाता था। गुजरात में पेट्रोल 61 और डीजल 62 पैसे सस्ता हो गया है। हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल के दाम 54 और डीजल के 47 पैसे घट गए हैं।

शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी

एजेंसी। नई दिल्ली

डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में बुधवार को तेजी का रुझान देखने को मिल रहा है। इस कारण शुरूआती कारोबार में ही डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़कर 82.25 रुपये पर था। अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी की वजह डॉलर इंडेक्स की कमजोरी और विदेशी निवेशकों की ओर से भारतीय शेयर बाजार में किया जा रहा निवेश माना जा रहा है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमत में तेजी अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है और इस वजह से डॉलर के मुकाबले रुपये में बढ़त सीमित बनी हुई है। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपया 82.29 पर खुला था और इस दौरान शुरूआती कारोबार में ही ये 82.25 पर पहुंच गया। इस तरह डॉलर के मुकाबले

रुपये में 16 पैसे की तेजी देखने को मिली। विगत मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 82.41 पर खुला था। डॉलर में कमजोरी की वजह एफआईआई का भारतीय बाजार में लगातार निवेश करना है। फॉरेक्स ट्रेडर्स का कहना है कि कच्चे तेल में आ रही तेजी रुपये के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। डॉलर इंडेक्स में आज कमजोरी बनी हुई है और 0.30 प्रतिशत गिरकर 101.42 पर कारोबार कर रहा है। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स का दाम 0.20 प्रतिशत बढ़कर 79.56 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। सेंसेक्स 40.49 अंक या 0.06 प्रतिशत बढ़कर 65,658.33 अंक और निफ्टी

डॉलर में कमजोरी की वजह एफआईआई का भारतीय बाजार में लगातार निवेश करना है

डॉलर के मुकाबले रुपये में 16 पैसे की तेजी देखने को मिली

5.80 अंक या 0.03 प्रतिशत बढ़कर 19,445.20 अंक पर कारोबार कर रहा है। एफआईआई की ओर से 1,197.38 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे गए थे। सरकारी बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मीडिया, एनर्जी, इन्फ्रा और हेल्थकेयर इंडेक्स में तेजी है, जबकि ऑटो, आईटी, मेटल और रियल्टी अन्य इंडेक्स पर दबाव देखा जा रहा है।

आरबीआई ने दो बैंकों का रद्द किया लाइसेंस

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2 सहकारी बैंकों- कर्नाटक के तुमकुर स्थित श्री शारदा महिला सहकारी बैंक और महाराष्ट्र में सतारा स्थित हरिहरेश्वर बैंक के लाइसेंस रद्द कर दिए। दोनों बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं बची थी। आरबीआई ने बयान में कहा, हरिहरेश्वर सहकारी बैंक के मामले में बैंक कारोबार के बंद होने का आदेश 11 जुलाई, 2023 से प्रभावी हो गया है। इसके लगभग 99.96 जमाकर्ताओं को जमा बीमा एवं ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से उनका कुल जमा दिया जाएगा। वहीं, श्री शारदा महिला सहकारी बैंक के लगभग 97.82 प्रतिशत जमाकर्ताओं को डीआईसीजीसी से उनके जमा का पूरा पैसा वापस किया जाएगा। परिसमापन पर, प्रत्येक जमाकर्ता डीआईसीजीसी से अपनी पांच लाख रुपये तक की जमा राशि के लिए जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव अल-इस्सा ने की मोदी से मुलाकात, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। मुस्लिम वर्ल्ड लीग (एमडब्ल्यूएल) के महासचिव शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम वर्ल्ड लीग के महासचिव और मुस्लिम विद्वानों के संगठन के अध्यक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलकरीम अल-इस्सा से मुलाकात की। दोनों ने अंतर-धार्मिक सद्भाव, शांति को आगे बढ़ाने और मानव प्रगति की दिशा में काम करने के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक चर्चा की। भारत की यात्रा पर आए अल-इस्सा ने यहां खुसरो फाउंडेशन और इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया। अल-इस्सा भारत सरकार के आधिकारिक निमंत्रण पर यहां आए हैं। एमडब्ल्यूएल एक अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन है जिसका मुख्यालय मक्का में है। इसमें सभी इस्लामी देशों और संप्रदायों के सदस्य शामिल हैं।

फ्रांस के बैस्टिल दिवस समारोह में चीफ गेस्ट होंगे पीएम मोदी, यूएअई का भी करेंगे दौरा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज फ्रांस की राजधानी पेरिस पहुंचेंगे। 13 जुलाई गुरुवार को ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय वार्ता होने की उम्मीद है। इसके अगले दिन यानि 14 जुलाई को पीएम मोदी बैस्टिल दिवस समारोह में शामिल होंगे। बैस्टिल डे फ्लाई-पास्ट में भारतीय वायु सेना का राफेल लड़ाकू विमान भी हिस्सा लेगा। पीएम मोदी की दो दिवसीय पेरिस यात्रा से पहले फ्रांस ने भारत को बड़ा ऑफर दे दिया है। फ्रांस ने अमेरिका और भारत के बीच जीई-414 इंजन सौदे से कई कदम आगे की पेशकश कर दी है। फ्रांस की सरकार ने भारत को ऐसे इंजन को संयुक्त रूप से डिजाइन, विकसित, टेस्टिंग और सर्टिफाइट करने का प्रस्ताव दिया है। फ्रांस की ओर से भारत के लिए इस प्रस्ताव को काफी अहम माना जा रहा है, अगर डील पर मुहर लगती है तो इससे भारत के ट्विन इंजन लड़ाकू विमानों के साथ उन फाइटर जेटों को भी मदद मिलेगी जिनका संचालन विमानवाहक पोतों से हो रहा है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि फ्रांस की ओर से प्रस्तावित 100 फीसदी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का प्रस्ताव यूएस इंटरनेशनल ट्रेड इन आर्म्स रेगुलेशन से मुक्त है और प्रस्तावित 110 किलो न्यूटन इंजन पूरी तरह से मेड इन इंडिया होगा, मतलब इंजन का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। डीआरडीओ प्रमुख डॉ समीर वी कामत ने हाल ही में संपन्न हुई पेरिस एयर शो के दौरान सफरान इंजन फैक्ट्र एंड रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर का विशेष दौरा किया था।

सिनेमाहॉल में अब पॉपकॉर्न-कोल्ड ड्रिंक हुआ सस्ता, कैंसर की दवाएं टैक्स फ्री

एजेंसी। नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक हुई, जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। सीतारमण ने प्रेस ब्रीफ्रिंग कर मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। ऋळ काउंसिल ने सिनेमाहॉल में सर्व होने वाले खाने पर टैक्स को घटाकर 5 फीसदी कर दिया है जिससे उनकी कीमतों में कमी आएगी। इसके अलावा अब कैंसर की इंपोर्टेड दवा पर इंटीग्रेटेड गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नहीं लगेगा।

वहीं जीएसटी काउंसिल ऑनलाइन गेमिंग, घुड़दौड़ और कैसिनो की फुल वैल्यू पर 28 फीसदी गुड्स एंड सर्विस टैक्स लगाने पर सहमत हो गई है। जानकारी के मुताबिक गेम्स, कैसिनो या हॉर्स रेसिंग की पूरी बैटिंग वैल्यू पर जी.एस.टी. चुकाना होगा। उधर गेमिंग इंडस्ट्री ने ऊंचे गुड्स एंड सर्विस टैक्स के फैसले पर निराशा जताई है। एफआईएफएस यानि फैडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स के डी.जी. जॉय भट्टाचार्या ने कहा कि 28 फीसदी का ऊंचा टैक्स इंडस्ट्री के लिए बड़ा झटका है। मिली जानकारी के अनुसार जीएसटी की नई दरों को लेकर नियमों में संशोधन करना पड़ेगा क्योंकि फिलहाल ये सभी एक्शन आधारित दावों की कैटेगरी के अंतर्गत आते हैं। एक बार संशोधन पूरा होने पर इन दरों के जारी होने की तारीखों का ऐलान किया जाएगा। इसके साथ ही काऊंसिल ने साफ किया कि गेम्स ऑफ स्किल और गेम्स ऑफ चांस का कोई मतलब नहीं है। कारोबारियों के लिए एक अच्छी खबर आई है, क्योंकि अभी तक जीएसटी से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए अपीलेट ट्रिब्यूनल यानि किसी फैसले के खिलाफ अपील करने की कोर्ट नहीं थी। अब बैठक में जीएसटी ट्रिब्यूनल को गठित करने की मंजूरी मिल गई है। ट्रिब्यूनल बनने के बाद जीएसटी विवाद अब ट्रिब्यूनल में जाएंगे।

भारत-ढाका के बीच रुपये में ट्रेड शुरू

बांग्लादेश बैंक के गर्वनर बोले, एक महान सफर पर उठा पहला कदम

एजेंसी। ढाका

भारत और बांग्लादेश के बीच विगत मंगलवार को रुपये में कारोबार शुरू हो गया जिससे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने और क्षेत्रीय मुद्रा में व्यापार को मजबूती मिलेगी। बांग्लादेश ने पहली बार किसी देश से अमेरिकी डॉलर के अलावा उसकी मुद्रा में व्यापार किया है। बांग्लादेश बैंक के गवर्नर अब्दुर रऊफ तालुकदार ने रुपये में व्यापारिक लेनदेन की शुरूआत को ह्यएक महान सफर पर उठा पहला कदम' बताया। तालुकदार ने कहा, भारत और बांग्लादेश के बीच कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और दोनों देशों को उनके आर्थिक सहयोग से फायदा हो रहा है।ह्व इस कार्यक्रम में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा भी मौजूद थे। तालुकदार ने कहा कि टका- भारत द्वैध मुद्रा कार्ड की शुरूआत के साथ ही भारत से कारोबार संबंधी लेनदेन की लागत कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मुद्रा कार्ड लगभग तैयार है और इसे सितंबर में पेश कर दिया जाएगा। हालांकि बांग्लादेश और भारत कुछ क्षेत्रों में अर्ध-औपचारिक तरीके से सीमा व्यापार करते हैं, जिन्हें ह्यबॉर्डर हट' कहा जाता है। इसमें दोनों देशों की मुद्राओं का आदान-प्रदान सीमित पैमाने पर होता है। अधिकारियों ने कहा कि औपचारिक व्यवस्था के तहत अब से दोनों देशों के बीच शुरूआत में व्यापार रुपये में होगा और व्यापार अंतर कम होने पर धीरे-धीरे बांग्लादेशी मुद्रा टका में कारोबार किया जाएगा। बांग्लादेश और भारत के बैंकों को विदेशी मुद्रा लेनदेन के उद्देश्य से नोस्ट्रो खाते खोलने की अनुमति दी गई है। नोस्ट्रो खाते दूसरे देश के बैंक में खोले गए खाते होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि लेनदेन की दर बाजार की मांग और प्रक्रिया में शामिल बैंकों के अनुरूप निर्धारित की जाएगी।

नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश से भारत को निर्यात दो अरब डॉलर का है। जबकि भारत से बांग्लादेश का आयात 13.69 अरब डॉलर का है।

उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का किया प्रक्षेपण

एजेंसी। प्योंगयांग

उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी जल क्षेत्र की ओर बुधवार को एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी। दक्षिण कोरिया और जापान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया ने अपने क्षेत्र के पास अमेरिका की कथित खुफिया गतिविधियों के विरोध में दो दिन पहले ही ह्यह्यचौंकाने वाले" परिणाम भुगतने की धमकी दी थी, जिसके बाद यह प्रक्षेपण किया गया। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि प्रक्षेपण बुधवार सुबह किया गया। उन्होंने इसकी कोई जानकारी नहीं दी कि मिसाइल ने कितनी दूरी तक उड़ान भरी । जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने उत्तर कोरिया द्वारा संभावित बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है जब उत्तर कोरिया ने इस सप्ताह की शुरूआत में कई बयान जारी कर अमेरिका पर उसके देश की जासूसी करने के लिए उत्तर कोरिया के करीब एक सैन्य विमान उड़ाने का आरोप लगाया गया था। वहीं अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने उत्तर के आरोपों को खारिज किया और उसे शत्रुता बढ़ाने वाले किसी भी कृत्य या बयानबाजी से दूर रहने को कहा। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की बहन किम यो जोंग ने सोमवार रात एक बयान में दावा किया कि अमेरिकी जासूसी विमान ने दिन में आठ बार उत्तर कोरिया के पूर्वी विशेष आर्थिक क्षेत्र के ऊपर से उड़ान भरी। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया ने अमेरिकी विमान को खदेड़ने के लिए युद्धक विमानों का इस्तेमाल किया।

समाहरणालय, लातेहार
(राजस्व शाखा)

लातेहार जिला के सभी किसान भाईयों के लिए आम सूचना

जिला अन्तर्गत सभी पी0एम0 किसान लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत 14 वें किस्त (अप्रैल–जुलाई2023–24) की राशि भारत सरकार के द्वारा उन्हीं लाभुक किसानों को दी जायगी, जिनका (I)e-KYC पूर्ण कर लिया गया हो (II) Land Details Seeding किया जा चुका हो तथा (III)बैंक खाता आधार से जुड़ा हुआ हो।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले सभी लाभुक किसानों से अनुरोध है कि एक सप्ताह के अन्दर बैंक / CSC में जाकर e-KYC पूर्ण करा लें एवं बैंक खाता आधार से लिंक करा लें, साथ ही अंचल कार्यालय में जाकर Land Details Seeding करा लें अन्यथा अप्रैल–जुलाई 2023–24 की किस्त की राशि रोक दी जायगी।

अपर समाहर्त्ता
लातेहार

PR 302111 District (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा संख्या – 04/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 03.07.2023 जो PR 301363 Rural Work Department (23-24)_D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है, में आंशिक संशोधन किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. कंडिका 4 में अंकित कार्यालय प्रकोष्ठ गढवा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 25.07.2023 को 03:30 अपराहन तक के स्थान पर (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रा0का0वि0, झारखण्ड, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष (ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमंडल, गढवा) में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समयः– 25.07.2023 को 03:30 अपराहन तक पढ़ा जाय।
2. निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 302193 Rural Development (23-24)_D

कार्यालयः- जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू
जेलहाता, मेदिनीनगर (पलामू)
फोन न0 :- 9431138224 ईमेल आई0डी :- civilsurgeonpalamu@gmail.com

पत्रांक.....मेदिनीनगर ,दिनांक .....

Walk in Interview

सरकार के अपर सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 32(5)ब, योजना, दिनांक 25.05.2023 द्वारा पलामू जिले के शहरी क्षेत्र अन्तर्गत सचांलित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित संचालित "अटल क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुष चिकित्सकों/MBBS चिकित्सक की Walk in Interview के आधार पर अनुबंध आधारित सेवाएँ प्राप्त करने हेतु निजी आयुष चिकित्सकों/MBBS चिकित्सक को सूचीबद्ध किया जाना है। इच्छुक निजी आयुष चिकित्सकों/MBBS चिकित्सक से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

क्रम	पद का नाम	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	पद संख्या	मानदेय	कार्य का समय
01	चिकित्सक (आयुष)	मेडिकल काउसिल ऑफ इडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से Bachelor in Ayurved/Homoeopath/Unani की डिग्री	06	रू0 20000/– (कुल 26 कार्य दिवस हेतु)	08.00AM To 12:00 PM Or 04:00 PM To 08:00 PM
02	चिकित्सक (MBBS)	मेडिकल काउसिल ऑफ इडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री	01	रू0 36400/– (कुल 26 कार्य दिवस हेतु)	08.00 AM To 12:00 PM
03	सूचिबद्ध किये गये आयुष चिकित्सकों/MBBS चिकित्सक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।				
04	Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।				
05	उम्र सीमा– अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैद्यता एक वर्ष के लिए मान्य होगी।				

इच्छुक उम्मीदवार Walk In Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल–प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ DDC Chamber, DRDA, Block-C, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक 19.07.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 302122 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 17 वर्ष 2023–24
D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 18.07.2023 (अपराहन् 03:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 19.07.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 19.07.2023 को 03:30 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

ग्रुप संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत चेताग में राजकीयकृत मध्य विद्यालय पकरी में चाहरदिवारी निर्माण।	2095000.00	42000.00	5000.00	06 माह
2	प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत चेताग में राजकीय उत्कमित उच्च विद्यालय सेमरसोत में चाहरदिवारी निर्माण।	2268600.00	45500.00	5000.00	06 माह
3	प्रखण्ड लातेहार पंचायत परसही में राजकीय उत्कमित मध्य विद्यालय परसही में चाहरदिवारी निर्माण।	2825500.00	57000.00	5000.00	06 माह

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक जो संबंधित प्रखण्ड से है वही भाग ले सकते है।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है वैसे संवेदक को B.O.Q नही दिया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 302108 (Rural Development) 23-24 (D)

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला
जिला परियोजना कार्यालय
प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केन्द्र बिल्डिंग, समाहरणालय परिसर, गुमला पिन–835207
ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

अति अल्पकालीन पुनः निविदा

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 10 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/02 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में सामग्रियों के क्रय के लिए निविदा की नियम एवं शर्त्ते का प्रकाशन के संबंध में :–

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 के आलोक में जिला के कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय/झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में सामग्रियों यथा, खाद्य पदार्थ एवं अन्य (पैकेज–1), हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि (पैकेज–2), पोशाक एवं अन्य वस्त्र (पैकेज–3) एवं स्टेशनरी सामग्री (पैकेज–4) की आपूर्ति के लिए दैनिक समाचार पत्रों में निविदा हेतु सूचना प्रकाशित किया गया था। परंतु कतिपय प्रखंडों में अवस्थित विद्यालयों में निम्नांकित पैकेज अंतर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाया है :–

पैकेज का नाम	विद्यालय का नाम
पैकेज 1 (खाद्य सामग्री)	कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय – भरनो, बसिया एवं कामडारा नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय – सिसई
पैकेज 2 (हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर एवं अन्यान्य)	नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय – सिसई
पैकेज 3 (पोषाक एवं अन्य वस्त्र)	कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय – भरनो नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय – सिसई
पैकेज 4 (स्टेषनरी सामग्री)	कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय – सभी प्रखंड हेतु झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय – अलबर्ट एक्का जारी एवं चैनपुर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय – सिसई

निविदा की शेष कंडिका एवं शर्त्ते पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के अनुरूप यथावत रहेगी।

उपरोक्त के आलोक में दिनांक 13/07/2023 से दिनांक 21.07.2023 तक गुमला जिला के https://gumla .nic.in के वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है या झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला से प्राप्त कर भरा हुआ निविदा प्रपत्र दिनांक 21.07.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गुमला, प्रशिक्षण–सह– उत्पादन केन्द्र बिल्डिंग (जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, गुमला के प्रथम तल पर), समाहरणालय परिसर, गुमला पिन – 835207 पर रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं/प्रतिनिधि के माध्यम से जमा किया जा सकता है।

निविदा जिला क्रय समिति के समक्ष दिनांक 22.07.2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे उपविकास आयुक्त, गुमला के सभा कक्ष (विकास भवन) में खोला जायेगा। जिसमें निविदादाता को स्वंय या उनका कोई लिखित प्राधिकृत व्यक्ति को उपस्थित रहना होगा।

PR. No. 291082 Jharkhand Education Project Council (22-23)#D

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला।

PR.NO.302215 Jharkhand Education Project Council(23-24):D

अपराध व हमारा समाज

झारखंड में हाल के दिनों में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। ऐसा लग रहा है कि उन्हें पुलिस प्रशासन से कोई डर नहीं है। व्यवसायियों,डाक्टरों,बिल्डरों को धमकाना और उनसे रंगदारी मांगना आम बात हो गई है। रंगदारी नहीं देने पर अपराधी हमला करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। व्यवसयियों को रंगदारी देनी भी पड़ रही है। पिछले दिनों पलामू में भी अपराधियों ने एक कारोबारी से रंगदारी मांगी। जिसकी जांच चल रही है। धनबाद में भी रंगदारी नहीं देने पर हमले की शिकायत सामने आयी है। हिम्मत देखिये हमले के बाद अपराधियों ने हमले की जिम्मेवारी भी ले ली। अपराधियों का साफ कहना है कि वह डर फैलाने के लिए गोलियां चलाते हैं। इसके बार रंगदारी मिलना आसान हो जाती है। अपराधियों का हौसला इतना बढ़ गया है कि वह बाद में पर्चा भी जारी करते हैं। ऐसी स्थिति में कारोबारी डरे सहमें हैं। ऐसे में उन्हें सरकार पर भरोसा है कि उन्हें सुरक्षा मिलेगी। ऐसा नहीं होने पर कारोबार बंद करना उनकी विवशता हो जायेगी। अब ध्यान देने योग्य बात है कि ऐसा होता है तो सरकार के बारे में लोगों की धारणा क्या बनेगी। साथ ही प्रदेश का कितना नुकसान होगा। इस तरह की घटनायें बताती हैं कि यहां कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। यही कारण है कि आमजन का विश्वास दरकने लगा है। यह देखा गया है कि जहां आम लोगों का विश्वास कमजोर हुआ है,वहां अनेक प्रकार की समस्यायें सामने खड़ी हो जाती हैं।

प्रशासन और सरकार को जनता की परेशानियों को समझना चाहिए। आखिर राज्य में कोई क्यों निवेश करेगा,जहां अपराधियों का तांडव जारी है। ऐसे में अपराधियों पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है।

प्रशासन और सरकार को जनता की परेशानियों को समझना चाहिए। आखिर राज्य में कोई क्यों निवेश करेगा,जहां अपराधियों का तांडव जारी है। ऐसे में अपराधियों पर अंकुश लगाना बहुत जरूरी है। साथ ही इसके पीछे के कारक तत्वों को भी समझना जरूरी है। आखिर क्या वजह है कि अपराधी किसी समाज में फलते फूलते हैं? इसके पीछे का सच भयावह है। यह पहले तो बेरोजगारी का दंश झेलते हैं। बाद में कोई काम नहीं मिलने की वजह से अपराध की ओर मुड़ जाते हैं। ऐसे में इन्हें अपराधी बनाने में समाज का कम योगदान नहीं रहता है। दूसरी तरफ कानून व्यवस्था का लचीला रूख भी इन्हें इस ओर जाने को प्रेरित करता है। अपराधी भी जानते हैं कि उनके द्वारा किये जाने वाले कार्य अनैतिक हैं। बावजूद बड़े लोगों का संरक्षण उन्हें ऐसे कार्य करने के लिए उकसाते हैं। ऐसे में अपराध को जड़ से समाप्त करने के लिए नवजवानों को काम देने की जरूरत है। बेरोजगार युवक अपराध की दुनिया में आसानी से समा जाते हैं। बाद में वह समाज और परिवार के लिए काफी घातक हो जाते हैं। यह एक सामाजिक बुराई है। इसे समाप्त करने की दिशा में कार्य होने चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि किसी व्यक्ति का मन अगर बढ़ा हो जाता है तो वह अनैतिक कार्यों में संलिप्त हो जाता है। इसे रोकने के लिए समाज को आगे आने की जरूरत है। गलत कार्य का विरोध नहीं होने की वजह से अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ जाता है। गांव या घर के आस-पास रहने वाले व्यक्तियों को बराबर सचेत रहने की जरूरत है। साथ ही अगर कोई गलत करता है तो उसका विरोध भी होना चाहिए। ऐसा नहीं होने की वजह से गलत कार्य करने वालों का मनोबल बढ़ जाता है,और वहीं व्यक्ति समाज के लिए सरदर्द हो जाता है। ऐसा देखा जाता है कि किसी के साथ अन्याय होता है तो लोग तमाशा देखते रहते हैं। यह गलत परंपरा है। सबको मिलकर गलत करने वाले का विरोध होना चाहिए। तभी जाकर अपराधी बनने से उस व्यक्ति को रोका जा सकता है।

हिंसक होता राजनीतिक चेहरा लोकतंत्र पर बदनुमा दाग

ललित गर्ग

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को हिंसक प्रतिस्पर्धा में नहीं बदला जा सकता, लोकतंत्र का यह सबसे महत्वपूर्ण पाठ पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस एवं अन्य राजनीतिक दलों को याद रखने की जरूरत है। जैसाकि पश्चिम बंगाल में इन दिनों पंचायत चुनाव के दौरान व्यापक हिंसा देखने को मिली, इससे पूर्व वर्ष 2013 और 2018 के पंचायत चुनावों में भी ऐसी ही हिंसा सामने आई। 2019 के लोकसभा चुनावों में एवं 2021 के विधानसभा चुनावों में भी व्यापक हिंसा हुई थी। अब पंचायत चुनावों के दौरान बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के बाद राजनीतिक दल एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। राज्य चुनाव आयुक्त भी बेबस बना हुआ इस हिंसा का जिम्मेदार जिला प्रशासन को ठहराकर अपना पल्ला झाड़ना चाहता है। निश्चित ही हिंसक होता राजनीतिक चेहरा लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग है। आखिर यह किस लोकतंत्र का चेहरा है। इस तरह की हिंसा से कोई जीत भी गया तो वह कितना जीत पायेगा? इस राजनीतिक लड़ाई से जिस तरह का आवेश, भय, संवेदनहीनता, परस्पर द्वेष, नफरत एवं घृणा पैदा हो रही है, क्या उसमें राजनीतिक उद्देश्यों की एवं मूल्यों की हार नहीं है? तृणमूल कांग्रेस को गरीबों की चिंता है या सत्ता की, वहीं भारतीय जनता पार्टी को भारत की अस्मिता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की। इस लड़ाई में जो लोग मर रहे हैं वे गरीब भी हैं और भारतीय भी हैं। इसलिए क्या दोनों का कर्तव्य नहीं है कि इस हिंसक राजनीति के परिणाम के बारे में सोचें। इसमें कोई संदेह नहीं कि चुनाव के दौरान ऐसी हिंसा बेहद गंभीर और चिंताजनक है। खासकर इसलिए भी कि इस तरह की हिंसा की आशंका पहले से जाहिर की जा रही थी और सभी संबंधित एजेंसियों के पास इसे रोकने के लिए योजना बनाने और उस पर सही ढंग से अमल की तैयारी करने का काफी वक्त था। हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद तृणमूल कांग्रेस सरकार और केन्द्रीय सुरक्षा बल यदि समय पर सही ढंग से कदम उठाते तो निश्चित ही इस तरह की हिंसा को रोका जा सकता था। इसमें बरती गई कोताही एवं लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए कि गड़बड़ी कहां और किस तरह हुई। मगर फिर भी इस मुद्दे को न तो तात्कालिक नजरिये से देखा जा सकता है और न ही महज कानून व्यवस्था की समस्या के रूप में। हिंसा, अराजकता, उन्माद एवं उग्रता इस राज्य के राजनीतिक जीवन का एक तरह से अभिन्न हिस्सा बन गया है। यह चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है कि वर्ष 2024 में आम चुनाव होने हैं। कोई भी राज्य हो या किसी भी तरह के चुनाव हो, हिंसा को जायज नहीं माना जा सकता। पश्चिम बंगाल में हिंसा का वर्चस्व बढ़ना एक चिंता का बड़ा कारण है। ऐसे तो कोई भी राजनीतिक दल इससे अछूता नहीं है। लेकिन तृणमूल कांग्रेस सत्ता में होने की वजह से उसके द्वारा हिंसा को बल दिया जाना, हिंसा को हथियार बनाना और हिंसक राजनीति पर सत्ता हासिल करने का खेल दुर्भाग्यपूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण है। यह लोकतंत्र के हनन की घटना है। कभी बिहार जैसा राज्य चुनावी हिंसा का पर्याय माना जाता था लेकिन अब वहां हालात बदले और चुनावी हिंसा अपवाद स्वरूप ही देखने को मिलती है। पर पश्चिम बंगाल में स्थिति उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है। चूंकि सत्ता में तृणमूल कांग्रेस है, इसलिए हिंसा रोकना उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी बनती है। लेकिन ऐसे हिंसा के मामले में अन्य दलों को भी उनके दायित्व से मुक्त नहीं किया जा सकता। इस तरह की हिंसा की काली छाया न केवल आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है बल्कि सरकारी एजेंसियां एवं संवैधानिक संस्थाओं तक पर उसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। स्पष्ट है कि समस्या गहरी है और उसका समाधान भी गंभीरता से होना अपेक्षित है। पश्चिम बंगाल के राजनीति धरातल ही नहीं बल्कि आम जनजीवन में भी हिंसा की बर्बरता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष एक-दूसरे द्वारा कि गई राजनीतिक हत्याओं का ऐसा हिसाब रखते हैं कि कुछ बकाया नहीं छोड़ते। इस लड़ाई में एक पक्ष दूसरे पक्ष के कार्यकर्ताओं को मारता है तो दूसरा पक्ष पहले पक्ष के कार्यकर्ताओं को मारता है, उससे लड़ाई खत्म नहीं हो जाती बल्कि आगे बढ़ जाती है। दोनों पक्षों ने मरने-मारने वाले लोगों की फौज खड़ी कर ली है। पश्चिम बंगाल दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी हुई है। वहां लोगों को बंदूक से संदूक तक लाना जटिल होता जा रहा है। वहां लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर रह गया है। राज्य में राष्ट्रीय मूल्य कमजोर हो रहे हैं, विकास की बात नदारद है, सिर्फ निजी हैसियत को और राजनीतिक वर्चस्व को ऊंचा करना ही महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे हालातों में लोकतंत्र को कैसे जीवंत किया जा सकता है। जनाकांक्षाओं को किनारे किया जा रहा है और विस्मय है कि इस बात को लेकर कोई चिंतित भी नजर नहीं आता। जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझना और आचरण करना यही लोकतांत्रिक कदम है और सफलता इसी कदम से मिलती है। जहां इसके अनुरूप नहीं चला जाता, वहां धोखा है और धोखा देना एक नये राजनीतिक माफिया का रूप बन गया है। आगामी वर्ष में होने वाले लोकसभा चुनाव एवं इस वर्ष पांच राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनावों से पूर्व हिंसा की राजनीति पर नियंत्रण किया जाना जरूरी है। तुष्टिकरण हटे और उन्माद भी हटे अगर राजनीतिक हिंसा से लोकतंत्र को चोटिल और घायल करने की घटनाओं को नहीं रोका गया तो यह हम सबका दुर्भाग्य है। हमारा राष्ट्र संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, धर्मनिरपेक्ष एवं समाजवादी गणतंत्र राष्ट्र है। इससे हटकर हमारी मान्यताएं, हमारी आस्थाएं, हमारी संस्कृति और हमारा लोकतंत्र सुरक्षित रह नहीं सकता, हमारा देश एक नहीं रह सकता। अपेक्षा है राजनीतिक के हर स्तर पर दायित्व के साथ आचारसंहिता अवश्य हो। दायित्व बंधन अवश्य लाएं, निरकुंशता नहीं। आलोचना भी हो, पर स्वस्थ आलोचना जो पक्ष और विपक्ष दोनों को जागरूक रखती है। आज हम अगर दायित्व स्वीकारने वाले नेता एवं सर्वोच्च सत्ताधीशों के लिए एक आचारसंहिता का निर्माण कर सके तो निश्चित ही लोकतांत्रिक ढांचे को कायम रखते हुए एक मजबूत, शुद्ध एवं हिंसामुक्त व्यवस्था के संचालन की प्रक्रिया बना सकते हैं।

2019 के लोकसभा चुनावों में एवं 2021 के विधानसभा चुनावों में भी व्यापक हिंसा हुई थी। अब पंचायत चुनावों के दौरान बड़े पैमाने पर हुई हिंसा के बाद राजनीतिक दल एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

श्री मन नारायण-नारायण-नारायण। भज मन नारायण-नारायण-नारायण। श्री सत्यनारायण भगवान की जय। सत्यनारायण व्रत पांचवा अध्याय

श्रीसूत जी बोले - श्रेष्ठ मुनियों! अब इसके बाद मैं दूसरी कथा कहूंगा, आप लोग सुनें। अपनी प्रजा का पालन करने में तत्पर तुंगध्वज नामक एक राजा था। उसने सत्यदेव के प्रसाद का परित्याग करके दुख प्राप्त किया। एक बार वह वन में बहुत से पशुओं को मारकर वटवृक्ष के नीचे आया। वहां उसने देखा कि गोपगण बन्धु-बान्धवों के साथ संतुष्ट होकर भक्तिपूर्वक भगवान सत्यदेव की पूजा कर रहे हैं। राजा यह देखकर भी अहंकारवश न तो वहां गया और न उसे भगवान सत्यनारायण को प्रणाम ही किया। पूजन के बाद सभी गोपगण भगवान का प्रसाद राजा के समीप रखकर वहां से लौट आये और इच्छानुसार उन सभी ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। इधर राजा को प्रसाद का परित्याग करने से बहुत दुख हुआ। उसका सम्पूर्ण धन-धान्य एवं सभी सौ पुत्र नष्ट हो गये। राजा ने मन में यह निश्चय किया कि अवश्य ही भगवान सत्यनारायण ने हमारा नाश कर दिया है। इसलिए मुझे वहां जाना चाहिए जहां श्री सत्यनारायण का पूजन हो रहा था। ऐसा मन में निश्चय करके वह राजा गोपगणों के समीप गया और उसने गोपगणों के साथ भक्ति-श्रद्धा से युक्त होकर विधिपूर्वक भगवान सत्यदेव की पूजा की। भगवान सत्यदेव की कृपा से वह पुनः धन और पुत्रों से सम्पन्न हो गया तथा इस लोक में सभी सुखों का उपभोग कर अन्त में सत्यपुर वैकुण्ठलोक को प्राप्त हुआ। श्रीसूत जी कहते हैं - जो व्यक्ति इस परम दुर्लभ श्री सत्यनारायण के व्रत को करता है और पुण्यमयी तथा फलप्रदायिनी भगवान की कथा को भक्तियुक्त होकर सुनता है, उसे भगवान सत्यनारायण की कृपा से धन-धान्य आदि की प्राप्ति होती है।

(क्रमशः)

सचिन सीमा : कोई शरहद न इन्हें रोके

यशोदा श्रीवास्तव

ग्रेटर नोएडा के जेवर सिविल कोर्ट से जमानत मिलने से खुश पाकिस्तान की सीमा हैदर ने कहा उसे अब सीमा सचिन के नाम से जाना जाय! उसके जिंदगी में को गुलाम हैदर भी था इसे वह भूल चुकी है। उसके चेहरे पर चमक थी। उसने कहा भी कि वह इतनी जल्दी जेल से बाहर आ जायेगी, उसे यकीन नहीं था। कहा, वह पाकिस्तान की है लेकिन अब भारत की बहू है। कोर्ट ने उसे बिना इजाजत कहीं भी जाने पर रोक लगा दी है लेकिन वह शीघ्र ही कोर्ट से इजाजत लेकर हरिद्वार गंगा नहाने जायेगी। भारत में अवैध रूप से रह रही सीमा को पुलिस ने उसके प्रेमी सचिन मीणा पिता नेत्रपाल के साथ कुछ रोज पहले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सीमा का भाई पाकिस्तान सेना में है और वह खुद भी नेपाल के रास्ते भारत आई थीं। इसके पहले उसके हफ्ता भर तक नेपाल में रहने की सूचना पर पुलिस और अन्य सुरक्षा अधिकारी चौकन्ना थे। उससे गहन पूछताछ की गई। अवैध वीजा के अलावा कुछ भी आपत्ति जनक न पाये जाने की स्थिति में रबपुरा थाने की पुलिस ने सचिन मीणा, उसके पिता नेत्रपाल और सीमा के खिलाफ विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14 और भारतीय दंड संहिता की धारा 120 के तहत मुकदमा दर्ज कर तीन जुलाई को जेल भेज दिया था। यह मामला अब न्यायालय के विचाराधीन है। सीमा और सचिन पर आगे का फैसला क्या होता है इसके लिए इंतजार करना होगा लेकिन शरहद पार सीमा और सचिन की प्रेम कहानी किसी रोमांटिक फिल्म जैसा है। ऐसी फिल्म जिसे जब आप देखना शुरू करते हैं तो मन में यह डर बना रहता है कि यह जल्दी न खत्म हो जाय! यानि आप उस फिल्म का किसी भी रूप में हिस्सा भले न हों, उसमें गहराइयों तक डूब जाते हैं। सीमा हैदर और सचिन मीणा की प्रेम कहानी को यदि फिल्माया जाय तो वह एक ऐसी ही फिल्म साबित होगी। वर्ष 2019 में चार बच्चों की मां सीमा हैदर की पब्जी के जरिये नोएडा के सचिन मीणा से चैटिंग के जरिये प्यार हुआ था। परस्पर दो दुश्मन देशों के प्रेमी प्रेमिका की यह प्रेम कहानी इस बात से बेफिक्र कि उनका आपस में मिलना आसान नहीं है, उनका प्यार गहराता गया जो इस हद तक पंहुच गया कि सीमा न केवल चार बच्चों के बाप अपने पति गुलाम हैदर को छोड़ भारत सचिन के साथ रहने को ठान ली, उसने हिंदू धर्म भी कबूल करना सोच ली। सचिन के प्यार में पागल सीमा हैदर अपने पति गुलाम हैदर जखरानी से इतना बड़ा धोखा तब कि जब वह सउदी अरब जाकर अधिक से अधिक पैसा कमाकर अपनी पत्नी को खुश करने की कोशिश में था। सीमा गुलाम हैदर की दूसरी बीबी थी। सीमा के कहने पर गुलाम हैदर ने अपनी पहली बीबी को तलाक दे दिया था। शादी के बाद वह पति के नाम से जोड़ कर सीमा गुलाम हैदर हो गई थी। भारत आकर अब वह सिर्फ सीमा है। सचिन मीणा के प्यार में पागल सीमा की हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी कि उसने सचिन से मिलने के लिए अपना और बच्चों का पासपोर्ट बनवाया और दस मार्च को काठमांडू आ गई जहां सीमा और सचिन पहली बार रूबरू हुए। काठमांडू में सचिन पहले से मौजूद था। यहां नया बस अड्डा के समीप एक होटल में दोनों हफ़्ता भर रहे। इस वादे के साथ कि दोनों शीघ्र ही शादी करके एक साथ इंडिया में रहेंगे, सीमा पाकिस्तान लौट गई और सचिन भारत अपने घर आ गया। पाकिस्तान में कराची के मलीर कैंट थाने में सीमा और उसके चार बच्चों के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज है। उसका पति सउदी में अपनी पत्नी को पाने के लिए तड़प रहा है।

सीमा और सचिन पर आगे का फैसला क्या होता है इसके लिए इंतजार करना होगा लेकिन शरहद पार सीमा और सचिन की प्रेम कहानी किसी रोमांटिक फिल्म जैसा है।

प्यार

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

जल प्रलय प्रकृति कम गलत योजनायें व भ्रष्टाचार अधिक जिम्मेदार

निर्मल रानी

इस समय उत्तर भारत के दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान जैसे राज्य व केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ पिछले दिनों लगातार कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश की वजह से अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहे हैं। कई राज्यों में तो जल प्रलय जैसी स्थिति बनी हुई है। सैकड़ों लोग बाढ़,भूस्खलन की भेंट चढ़ चुके हैं। हजारों गांव पूरी तरह डूबे पड़े हैं। दर्जनों पुल ध्वस्त हो चुके हैं अनेक तटबंध टूट चुके हैं ,दर्जनों राजमार्ग या तो बाढ़ के कारण कट चुके हैं या कई जगह जनता ने पानी निकालने के लिये स्वयं काट दिये हैं। न जाने कितने मकान होटल ,व्यवसायिक केंद्र विभिन्न राज्यों में बह गये या बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं। यह हालात इस समय उपरोक्त राज्यों में विशेषकर हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ जैसे देश के विकसित व संपन्न राज्यों में देखने को मिल रहे हैं। तमाम ट्रेन स्थगित हैं , मार्ग अवरुद्ध हो जाने के कारण अनेक रूटस की बस सेवाएं रद्द कर दी गयी हैं। तमाम जगहों पर तेज जल प्रवाह के चलते गाड़ियां बह गयीं। लोगों के घरों के अंदर पानी प्रवेश कर गया। यहां तक कि तमाम बहु मंज़िला इमारतों की निचली मंजिल तक डूब गयी। विभिन्न राज्यों में स्कूल कॉलेज अनिश्चित काल के लिये बंद कर दिये गये। मौसम विशेषज्ञों द्वारा बताया जा रहा है कि जहाँ इस भीषण वर्षा का कारण पहाड़ों पर वेस्टर्न डिस्टरबेंस है वहीं पंजाब और हरियाणा में साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी इसका मुख्य कारण है। अत्यधिक मानसून ट्रफ मध्य भारत से चलकर पंजाब हरियाणा की ओर आया है। गोया तबाही का अभूतपूर्व दृश्य इस समय देखा जा रहा है। और आधुनिक संसाधनों पर अपना नियंत्रण रखने वाले करोड़ों लोग इस समय इस विपदा के आगे बेबस और लाचार नजर आ रहे हैं। निःसंदेह इस तबाही का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। परन्तु लगभग प्रत्येक वर्ष देश के किसी न किसी राज्य व क्षेत्र में वर्षा के दौरान होने वाले जल प्रलय व बाढ़ के बाद इस बार भी यह सवाल कुछ अधिक ऊँचे स्वर में पूछा जाने लगा है कि इस तबाही की जिम्मेदार क्या केवल प्रकृति ही है? या फिर सरकार की गलत योजनायें और व्यवस्था में व्याप्त आकंठ भ्रष्टाचार भी इसके लिये जिम्मेदार है ? उदाहरण के तौर पर देश में असम और बिहार जैसे राज्यों की गिनती निश्चित रूप से सबसे अधिक बाढ़ प्रभावित राज्यों में की जाती है। असम और बिहार की भौगोलिक स्थिति भी ऐसी है कि नदी प्रधान इन राज्यों में लगभग प्रत्येक वर्ष बाढ़ आती ही रहती है। हजारों करोड़ रुपए सरकारों द्वारा नदियों के तटबंधों के निर्माण पर खर्च किये जाते हैं। परन्तु नदियों का जलस्तर बढ़ते ही इनमें से तमाम तटबंध टूट जाते हैं और उसी जल प्रवाह में बह जाते हैं। इसी तटबंध के निर्माण के नाम पर एक बड़ा घोटाला दशकों से नेताओं, अधिकारीयों व ठेकेदारों की सांठ गाँठ से होता आ रहा है। इसी तरह यह सवाल भी पूछा जाता है कि नदियों पर निर्मित नये पुल या कुछ वर्षों पूर्व बनाये गये वे पुल आखिर क्यों बह जाते हैं जिन्हें ढोल पीटकर धार्मिक विधि विधान के साथ 'मंत्रियों के करकमलों' से उद्घाटित किया जाता है? जबकि देश में हजारों ऐसे पुल अभी भी मौजूद हैं जो अठारवीं शताब्दी में अंग्रेजों के द्वारा बनाये गये हैं? आज जल प्रलय वाले तमाम इलाकों में अधिकांश रेल व भूमिगत अंडर पास पूरी तरह डूबे पड़े हैं। क्या जल भराव के कारण बंद पड़े ऐसे अंडर पास के योजनाकारों से यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिये कि यह अंडर पास जल भराव से सुरक्षित क्यों नहीं रह पाते?

तमाम जगहों पर तेज जल प्रवाह के चलते गाड़ियां बह गयीं। लोगों के घरों के अंदर पानी प्रवेश कर गया। यहां तक कि तमाम बहु मंज़िला इमारतों की निचली मंजिल तक डूब गयी।

भ्रष्टाचार

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

बुद्धू नहीं अड़ियल होते हैं ये गलतियां करने वाले बच्चे, मां-बाप समझ नहीं पाते करें तो क्या करें

जो बच्चे बहुत ज्यादा चिड़चिड़े, डिमांडिंग होते हैं और जिन्हें हैंडल करना बाकी बच्चों की तुलना में थोड़ा मुश्किल होता है, उन्हें 'हाई नीड चाइल्ड' कहा जाता है। अगर इन बच्चों की जरूरत को तुरंत पूरा ना किया जाए तो बड़ी आसानी से इरिटेट हो जाते हैं और फिर इन्हें शांत और संतुष्ट करना और भी ज्यादा मुश्किल हो जाता है। आगे जानिए कि इस तरह के बच्चे कैसे होते हैं या आप अपने घर में इन बच्चों की पहचान कैसे कर सकते हैं।

डिमांडिंग होते हैं

बच्चों की जरूरत बस डिमांड करने से ही पूरी होती है। मान लीजिए कि किसी हाई नीड बेबी को अपने पैरेंट की गोद में जाना है, तो वो उनसे गुजारिश नहीं करेगा बल्कि इसकी बजाय अपनी डिमांड पूरी होने तक टैंट्रम दिखाएगा। इन बच्चों को हर चीज चाहिए लेकिन नींद के मामले में ये पीछे होते हैं। थोड़ी देर सोकर ही इनमें एनर्जी आ जाती है और ये रात को भी बाकी बच्चों की तुलना में कम सोते हैं।

असंतुष्ट रहते हैं



हाई नीड बेबी की पर्सनैलिटी का ये हिस्सा है कि वो अक्सर असंतुष्ट रहते हैं। पैरेंट्स इनकी जरूरत पूरी कर भी दें, तो भी ये संतुष्ट नहीं होते हैं और बार-बार अपने पैरेंट्स से किसी ना किसी चीज की डिमांड करते रहते हैं। कई शिशुओं में 8 से 12 महीने के बीच में सेप्रेशन एंग्जायटी हो जाती है। हालांकि, इन बच्चों में अजनबियों के आसपास रहने पर इस तरह की भावना आने की संभावना अधिक रहती है। ये बच्चे नए चेहरों को अपने आसपास स्वीकार करने में थोड़ा ज्यादा समय लेते हैं।

तीव्र रिएक्शन देते हैं

ये बच्चे हर फीलिंग और एक्टिविटी के लिए काफी तीव्र रिएक्शन देते हैं। ये रोते हैं, विद्रोह करते हैं। ये किसी भी हाल में अपने पैरेंट्स से अपनी डिमांड को पूरा करवाना चाहते हैं और उसके लिए हर संभव तरीका अपनाने की कोशिश करते हैं। इसके अलावा ये बच्चे हाइपरएक्टिव भी होते हैं। इसका मतलब है कि इनके शरीर की मांसपेशियां किसी भी एक्शन पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए अक्सर तनाव में रहती हैं। जब कोई इन बच्चों को गोद में उठाता है, तो ये आमतौर पर अपनी पीठ सीधी रखते हैं।

बच्चों के गुस्से को कंट्रोल करने का सही तरीका

थकान रहती है

इन बच्चों को नहीं बल्कि इन्हें संभालने वाले पैरेंटस को थकान रहती हैं। इनकी जरूरतों को पूरा करते-करते मां-बाप की सारी एनर्जी खत्म हो जाती है। हाई नीड चाइल्ड के पैरेंट्स को अक्सर थकान होने की शिकायत रहती है। इसके अलावा ये कंफर्ट के लिए फीडिंग भी पसंद करते हैं। भले ही इन्हें भूख ना हो या इन्होंने हाल ही में दूध पिया हो, फिर भी खुद को कंफर्ट करने के लिए ये फीडिंग करते हैं।

कोलिक बेबी से अलग होते हैं

कोलिक बेबी बहुत तेज रोते हैं लेकिन इनके रोने का कारण अक्सर गैस या पेट खराब होना होता है। कोलिक पेन होने पर ही ये बच्चे रोते हैं। गैस निकालने के लिए ये बच्चे लात मारते हैं। हाई नीड बेबी से अलग कोलिक बेबी का एक रूटीन होता है और ये हाइपरएक्टिव भी नहीं होते हैं और ना ही ये ज्यादा डिमांडिंग होते हैं। पेट ठीक होने पर कोलिक बेबी शांत और चुप हो जाते हैं।

नई घातक बीमारी जीबीएस ने मचाई तबाही, शरीर को मार रहा लकवा

पेरू देश में यह बीमारी तेजी से फैल रही है, मरीजों की ताकत छीनने वाली इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है



कमजोर हो जाता है मरीज

बताया जा रहा है कि जीबीएस के मरीजों में एकदम कमजोरी देखने को मिलती है और घंटों या कुछ दिनों में हालत ज्यादा बिगड़ जाती है। अधिकतर लक्षण दो हफ्ते के भीतर कमजोरी की सबसे बड़ी अवस्था तक पहुंच जाते हैं। तीसरे हफ्ते तक 90% पीड़ित बेहद कमजोर हो जाते हैं।

दक्षिणी अमरीका महाद्वीप में स्थित पेरू देश में इन दिनों एक अजीब बीमारी गुइलेन-बैरे सिंड्रोम या जीबीएस से हाहाकार मचा हुआ है। बीमारी की चपेट में आने वाले रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिसे देखते हुए देश में हेल्थ इमरजेंसी की घोषणा की गई है। हेल्थ इमरजेंसी 90 दिनों तक जारी रहेगी क्योंकि इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले महीने तक इस बीमारी के 200 के करीब मामले आ चुके हैं और चार लोगों की मौत हो गई है। जीबीएस एक न्यूरोलॉजिकल यानी तंत्रिका संबंधी बीमारी है जिसमें इम्यून सिस्टम गलती से तंत्रिकाओं पर हमला करना शुरू कर देता है। यही वजह है कि इससे पीड़ित बहुत से मरीजों को लकवा मार जाता है। आपको याद होगा कि कोरोना महामारी के दौरान वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स में इस बीमारी का जिक्र हुआ था। यह बीमारी क्या है और अचानक इसके मामले क्यों बढ़ने लगे हैं और इमरजेंसी लगाने की क्यों जरूरत पड़ गई है।

जीबीएस का नहीं कोई इलाज

हालांकि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का कोई ज्ञात इलाज नहीं है, कुछ उपचार बीमारी की गंभीरता को कम करने और ठीक होने के समय को कम करने में मदद कर सकते हैं। रोग की जटिलताओं का इलाज करने के भी कई तरीके हैं।



गुइलेन-बैरे सिंड्रोम क्या है

यूएस एनआईएच के अनुसार, जीबीएस एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है जिसमें इम्यून सिस्टम गलती से पेरिफेरल नर्वस सिस्टम यानी नसों पर हमला करने लगता है। जाहिर है नसों का नेटवर्क दिमाग और रीढ़ की हड्डी के बाहर होता है। यह कोई जेनेटिक या संक्रामक रोग नहीं है और चिंता की बात यह है कि इसके सटीक कारणों का अभी किसी को नहीं पता है।

जीबीएस के लक्षण

चूंकि यह बीमारी नसों पर हमला करती है इसलिए मरीज को सुन्नता, झुनझुनी और कमजोरी जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। गंभीर स्थिति में यह लक्षण पक्षाघात यानी लकवा में बदल सकते हैं।

जीबीएस के गंभीर साइड इफेक्ट्स

ऐसा माना जाता है कि जीबीएस से पीड़ित लोगों में थोड़े समय की कमजोरी वाले हल्के मामलों से लेकर लगभग गंभीर लकवा हो सकता है। इसके सबसे गंभीर साइड इफेक्ट्स में सांस लेने में परेशानी है।

सावन का दूसरा सोमवार इसलिए है बेहद खास, बना है अति दुर्लभ संयोग

सावन के दूसरे सोमवार पर बहुत ही शुभ संयोग बना है। इस बार सावन के दूसरे सोमवार पर पूजा अर्चना करने से आपको 4 गुना अधिक फल मिलने वाला है। सावन सोमवार पर क्या शुभ संयोग बना है।

सावन का दूसरा सोमवार 17 जुलाई को है। सावन के सोमवार का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि सावन के सोमवार को भगवान शिव की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही भगवान शिव और माता पार्वती की भी कृपा बनी रहती है। सावन के दूसरे सोमवार पर बहुत ही शुभ संयोग बन रहा है। इस दिन पूजा पाठ करने से आपको 4 गुना फल प्राप्त होगा। आइए जानते हैं सावन के दूसरे सोमवार पर कौन से शुभ संयोग बने हैं।

सावन के दूसरे सोमवार पर बना दुर्लभ संयोग

इस बार सावन के दूसरे सोमवार पर सोमवती अमावस्या तिथि हो रही है। सोमवती अमावस्या का आरंभ 17 तारीख को सुबह 10 बजकर 9 मिनट से होगा और रात में 12 बजकर 2 मिनट तक रहेगी। साथ ही इस दिन सूर्य कर्क राशि में गोचर करने जा रहे हैं। जिससे इस दिन कर्क संक्रांति भी है। साथ ही सोवन के दूसरे सोमवार के दिन हरियाली अमावस्या का योग भी बन रहा है। इस दिन पितरों की पूजा करने का विधान है। ऐसा करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। साथ ही इस दिन वृक्ष भी लगाने चाहिए।

सावन सोमवार पूजा के लाभ

मान्यताओं के अनुसार, सावन के सोमवार का विशेष महत्व है। इस दिन किया गया पूजा पाठ निष्फल नहीं होता है। अगर किसी व्यक्ति के विवाह में बाधा आ रही है और उसके विवाह के योग नहीं बन रहा हैं तो सावन के सोमवार की पूजा करनी चाहिए। भगवान शिव का अभिषेक और माता पार्वती को श्रृंगार का सामान जरूर अर्पित करना चाहि। अगर किसी व्यक्ति के जीवन में आर्थिक परेशानियां चल रही हैं तो उनके लिए भी सावन सोमवार पूजा उत्तम फलदायी रहती है। कहा जाता है कि भगवान शिव की उपासना करने से व्यक्ति को सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है।

ऑनलाइन ब्लाउज खरीदते समय इन बातों का रखें खास ख्याल

आजकल लोग ऑनलाइन शॉपिंग करना ज्यादा पसंद करते हैं। हालांकि पहले लोग बाजार जाकर खरीददारी करते थे। लेकिन इसमें समय और परेशानी दोनों होती हैं। लेकिन ऑनलाइन ब्लाउज खरीदने से पहले इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। आजकल लोग बाजार जाकर घंटों शॉपिंग में वक्त बर्बाद नहीं करते हैं। क्योंकि मार्केट में मनपंसद चीज लेने के लिए एक दुकान से दूसरी दुकान का चक्कर लगाना पड़ता है। इसमें लोग परेशान भी होते हैं और उनका समय भी बर्बाद होता है। ऐसे में मार्केट जाकर खरीददारी करने से ज्यादा अच्छा लोग घर बैठे ऑनलाइन शॉपिंग करना ज्यादा पसंद करते हैं। घर के सामान से लेकर पार्टी या फंक्शन के लिए आउटफिट तक आसानी से ऑनलाइन मिल जाते हैं। वैसे तो आप आसानी से ऑनलाइन हर आउटफिट खरीद सकती हैं। लेकिन कुछ कपड़े ऐसे होते हैं, जिन्हें ट्राई किए बिना लेना काफी मुश्किल होता है। क्योंकि इसमें फिटिंग का मामला आता है। इन्हीं कपड़ों में ब्लाउज भी शामिल होता है। बता दें कि रेडीमेड ब्लाउज खरीदना काफी मुश्किल काम होता है। वहीं साड़ी और लहंगे के साथ वाले ब्लाउज काफी महंगे होते हैं और कई बार इनकी फिटिंग और क्वालिटी भी अच्छी नहीं होती है। ऐसे में यह आपके लुक को बर्बाद कर देते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने लिए परफेक्ट रेडीमेड ब्लाउज खरीद सकती हैं।

जरूर देखें साइज : अगर आप भी ऑनलाइन ब्लाउज लेना चाहती हैं तो सबसे पहले टेलर के पास जाकर अपना सही साइज जान लें। क्योंकि अगर आपको अपना साइज नहीं पता होगा तो आप फिटिंग का ब्लाउज नहीं ले पाएंगी। जिसके चलते आखिरी समय में आपको इसकी फिटिंग करवानी होगी या इसे बदलवाना पड़ सकता है।

हल्के वर्क को दें प्राथमिकता : अगर आप भी ऑनलाइन ब्लाउज खरीदने की सोच रही हैं तो इस दौरान हल्के वर्क को प्राथमिकता हैं। कई बार ऑनलाइन में जो चीज जैसी दिखती है, असल में वह वैसी नहीं निकलती है। ऐसे में आपको अगर हैवी वर्क वाला ब्लाउज चाहिए तो आप उसे बाजार से खरीदें।

फैब्रिक का रखें खास ध्यान : रेडीमेड ऑनलाइन ब्लाउज खरीदने के दौरान उसके फैब्रिक पर जरूर ध्यान दें। जब भी आप कोई कपड़ा ऑनलाइन खरीदती हैं, तो उसकी सारी डिटेल लिखी होती है। ऐसे में आप मौसम के हिसाब से फैब्रिक चुनें।

पैड की क्वालिटी : ऑनलाइन रेडीमेड ब्लाउज खरीदने के दौरान दी गई डिटेल्स में यह जरूर पढ़ लें कि उसमें किस तरह का पैड लगा हुआ है। आपको प्रोडक्ट की सारी जानकारी वहीं पर लिखी मिल जाएगी।

❖ अनन्या मिश्रा

आज का राशिफल

मेष राशि : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

वृष राशि : कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

मिथुन राशि : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

कर्क राशि : संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा।

सिंह राशि : स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

कन्या राशि : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

तुला राशि : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

वृश्चिक राशि : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

धनु राशि : नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

मकर राशि : एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

कुंभ राशि : सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

मीन राशि : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

प्रधानमंत्री 13-15 जुलाई तक फ्रांस और यूएई के दौरे पर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13-15 जुलाई तक फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 13-14 जुलाई तक पेरिस का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 14 जुलाई को बैस्टिल डे परेड में सम्मानित अतिथि होंगे, जहां भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों सेनाओं की टुकड़ी भाग लेंगी। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मैक्रों से औपचारिक बातचीत करेंगे।

महाराष्ट्र में खाई में गिरी बस, एक की मौत, 10 लोग घायल

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में बुधवार को यात्रियों से भरी राज्य सड़क परिवहन की एक बस सप्तश्रृंगी पहाड़ियों के पास खाई में गिर गई। हादसे में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की पत्नी सीता दाहाल का निधन

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की पत्नी सीता दाहाल (69) का निधन हो गया। बुधवार सुबह नेपाल के समयानुसार 8:33 बजे उन्होंने नारविक अस्पताल में अंतिम सांस ली। नारविक अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा। सीता दाहाल लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनका भारत समेत कई देशों में इलाज कराया गया।

दुर्लभ बीमारियों की दवा होगी सस्ती : मांडविया

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहाकि कैंसर और दुर्लभ बीमारियों के इलाज में काम आने दवाओं के सस्ता होने से आम लोगों को लाभ मिलेगा। मांडविया ने एक ट्वीट में कहा कि दवाओं पर वस्तु एवं सेवाकर घटाने से गरीब और मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, कैंसर से संबंधित दवाओं, दुर्लभ बीमारियों की दवाओं और विशेष चिकित्सा उद्देश्यों के लिए खाद्य उत्पादों की जीएसटी दर शून्य करने के लिये प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र

मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण जी का हार्दिक आभार। स्वास्थ्य भारत में सेवा है। इस निर्णय से देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग को लाभ होगा। मंगलवार को जीएसटी की बैठक में चिकित्सा संबंधी चार वस्तुओं पर जीएसटी में कमी की गयी और कैंसर में उपयोगी तीन दवाओं को जीएसटी मुक्त किया गया।

राष्ट्रपति 14 जुलाई को करेंगी बाबा खाटूश्याम के दर्शन

सीकर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 जुलाई को सीकर के विश्व प्रसिद्ध बाबा खाटूश्याम मंदिर में दर्शन करने आएंगी। बुधवार को खाटू ग्राम में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर वायुसेना के तीन हेलीकॉप्टरों का ट्रायल किया गया। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए मंगलवार को खाटू ग्राम में केंद्रीय एजेंसियों के दल ने दौरा कर जिला प्रशासन के साथ तैयारियों का जायजा लिया। राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर जारी अधिकृत कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार दोपहर 01 बजे हेलीकाप्टर से वे खाटूग्राम पहुंचेगी। दोपहर डेढ़ बजे लखदातार बाबा श्याम मंदिर में दर्शन और आरती कर प्रसाद ग्रहण करेंगी।

बेंगलुरु में होने वाली विपक्ष की बैठक में शामिल होंगी सोनिया गांधी

विपक्षी एकता को मजबूत करने को महाजुटान

एजेंसी। नई दिल्ली

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के मात देने के लिए विपक्ष एकजुट होने में लगा हुआ है। विपक्ष को एक साथ लाने की कवायद बिहार के सीएम नीतीश कुमार कर रहे हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले महीने पटना में एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें देश की 15 राजनीतिक पार्टियों के नेताओं और कई राज्यों के सीएम शामिल होने के लिए पहुंचे थे। अब विपक्ष की अगली बैठक बेंगलुरु में होने जा रही है। जिसमें कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी शामिल होंगी। ये बैठक 17 और 18 जुलाई को होगी।

24 दलों के नेता बैठक में शामिल होंगे

बैठक को लेकर सामने आ रही जानकारी के अनुसार, 24 दलों के नेता शामिल होंगे। विपक्ष की इस बैठक में नई पार्टियां भी पहुंचेंगी। सभी दल बीजेपी के विजयी रथ को रोकने के लिए एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे बीजेपी को सत्ता में आने से रोका जा सके।

ये पार्टियां होंगी शामिल

विपक्षी एकता की बैठक में पहुंचने वाली पार्टियों के नेताओं में मरूमलारची द्रविड़, मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके), कोंगु देसा मक्कल काची (केडीएमके), विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी), ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), केरल कांग्रेस (जोसेफ)और केरल कांग्रेस (मणि) हैं।

विपक्ष में शामिल

बता दें कि 2019 में जो पार्टियां एनडीए का हिस्सा थीं, उनमें से केडीएमके और एमडीएमके भी अब विपक्ष में शामिल हो गई हैं। अध्यक्ष सोनिया गांधी भी इस बैठक में शामिल होंगी।

तेजस्वी को कोर्ट से मिली राहत, सुनवाई 8 अगस्त को

एजेंसी। पटना

लैंड फॉर जॉब्स केस में बुधवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में होने वाली सुनवाई टल गई है। सीबीआई की चार्जशीट पर दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई टाल दी है। अब अगली सुनवाई अब 8 अगस्त को होगी। कोर्ट में आज बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफ सुनावाई होनी थी। सीबीआई ने चार्जशीट में तेजस्वी यादव को भी आरोपी बनाया है। लालू के खिलाफ संबंधित विभाग से सेक्शन नहीं मिलने के कारण कोर्ट ने सुनवाई टाल दी। आज कोर्ट में सीबीआई के वकील और तेजस्वी यादव के

वकील अपना-अपना पक्ष रखने वाले थे। इसके आधार पर तय होता कि चार्जशीट एक्सेप्टबल है या नहीं। सूत्रों की माने तो लैंड फॉर जॉब्स मामले में यह नया केस है। पुराने केस में पहले ही राजद सुप्रीमो लालू यादव, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी और बेटी सांसद मीसा भारती जमानत पर हैं। नए केस में भी लालू और राबड़ी को आरोपी बनाया गया है।

यूके के विज्ञान मंत्री ने कहा, भारत और ब्रिटेन अपने अंतरिक्ष समूहों को जोड़ेंगे

एजेंसी। मुंबई

अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपने सहयोग को बढ़ाते हुए भारत और ब्रिटेन (यूके) अपने अंतरिक्ष समूहों को जोड़ेंगे। इसकी शुरूआत लीस्टर अंतरिक्ष पार्क से होगी। ब्रिटेन के विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार मंत्री जॉर्ज फ्रीमैन ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और ब्रिटेन इस बात पर भी चर्चा कर रहे हैं कि वे निचली पृथ्वी अवलोकन कक्षाओं और उपग्रह संचार के विनियमन का बेहतर उपयोग कैसे कर सकते हैं। फ्रीमैन के अनुसार, दोनों देश परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी मिलकर काम करने के इच्छुक हैं और परमाणु विखंडन और संलयन पर सहयोग

करने को उत्सुक हैं। फ्रीमैन ने पीटीआई को एक साक्षात्कार में बताया कि हम यूके के अंतरिक्ष क्लस्टर पार्कों को भारतीय अंतरिक्ष पार्कों से जोड़ने पर विचार कर रहे हैं, जिसकी शुरूआत लीस्टर (अंतरिक्ष पार्क) से होगी, ताकि हम अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को विकसित कर सकें और व्यावसायिक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में यूके के वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों के साथ काम करने वाले युवा भारतीय वैज्ञानिकों की नई पीढ़ी के लिए कौशल का विकास कर सकें। फ्रीमैन पिछले सप्ताह जी-20 विज्ञान मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए मुंबई में थे। उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष जितेंद्र सिंह से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन देश भर में फैले अपने अंतरिक्ष समूहों में निवेश कर रहा है। फ्रीमैन ने कहा कि यूके 'ऊर्ध्वाधर एकीकृत संप्रभु बंद अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था' को विकसित करने की कोशिश नहीं कर रहा है, बल्कि एक खुली वाणिज्यिक वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध है।

शीला दीक्षित के आवास पर शिफ्ट हो सकते हैं राहुल गांधी

एजेंसी। नई दिल्ली

'मोदी उपनाम' टिप्पणी मामले में संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 22 अप्रैल को अपना आधिकारिक आवास खाली कर दिया था। अब वो एक नए पते पर शिफ्ट होने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने ये जानकारी दी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी दक्षिणी दिल्ली के निजामुद्दीन पूर्व में दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी की दिग्गज नेता शीला दीक्षित के आवास पर शिफ्ट हो सकते हैं। तीन बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकी शीला दीक्षित के बेटे और पार्टी के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने पहले ही राहुल गांधी के लिए मकान खाली

कर दिया है। राहुल गांधी ने यह मकान किराये पर लिया है। सेंट्रल दिल्ली में 12 तुगलक लेन स्थित अपना आधिकारिक आवास खाली करने के बाद, राहुल गांधी अप्रैल में अपनी मां और पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी के साथ 10 जनपथ में चले आए थे। जिस श्री-बीएचके घर में राहुल गांधी रहेंगे वह शीला दीक्षित के परिवार का है, जिन्होंने अपने जीवन के आखिरी साल वहां बिताए थे।

11 दिन में 1.37 लाख लोगों ने पूरी की अमरनाथ यात्रा

एजेंसी। श्रीनगर

इस साल 1 जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के पहले 11 दिन में अब तक 1.37 लाख तीर्थयात्री बाबा बफार्नी के दर्शन कर चुके हैं। अधिकारियों ने कहा, मंगलवार को 18,000 से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए, जबकि 6,554 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था बुधवार सुबह जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग बंद रहने के कारण जम्मू से घाटी तक तीर्थयात्रा अवरुद्ध रही। फंसे हुए वाहनों और अमरनाथ यात्रियों को निकालने के लिए आज इस मार्ग पर यातायात फिर से शुरू किया गया।

यात्री या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से हिमालय गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पहलगाम आधार शिविर से 43 किलोमीटर की चढ़ाई होती है जबकि उत्तरी कश्मीर बालटाल आधार शिविर से 13 किलोमीटर की चढ़ाई होती है। पारंपरिक पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में तीन-चार दिन लगते है। वहीं, बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर के अंदर दर्शन करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं।

दिल्ली दंगा : पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को पांच मामलों में जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगे के आरोपित ताहिर हुसैन को पांच मामलों में जमानत दी है। जस्टिस अनीश दयाल ने जमानत देने का आदेश दिया। ताहिर हुसैन को दिल्ली दंगों के पांच मामलों में जमानत मिली है लेकिन वो जेल से बाहर नहीं निकल सकेगा क्योंकि दिल्ली दंगों की साजिश रचने और दूसरे मामलों में एफआईआर दर्ज है जिसमें वो जेल में बंद है। बता दें कि 21 अगस्त 2020 को कड़कड़डूमा कोर्ट ने ताहिर हुसैन के खिलाफ यूएपीए के तहत दर्ज एफआईआर में दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

जलप्रलय का कहर : देश के 188 जिलों में भारी बारिश

550 से अधिक की मौत

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में हो रही मूसलाधार बारिश ने कहर बरपा रखा है। वहीं इस बारिश ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। देश की राजधानी दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा में बारिश के चलते हालात खराब हैं। कई इलाके बाढ़ से जलमग्न हैं और लोगों को घरों से निकालकर दूसरी जगहों पर शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं बारिश से अब तक कई लोगों की जान भी चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक, 11 जुलाई तक देश के 18 राज्यों के 188 जिले बारिश और बाढ़ की चपेट हैं और जान-माल को बुरी तरह नुकसान पहुंचा है।बता दें बारिश से संबंधित घटनाओं में 574 लोगों की मौत हुई है, जबकि 16 लोग लापता बताए गए हैं वहीं 497 लोग घायल हैं। 8644 मवेशियों की भी बारिश के चलते मौत हो चुकी है। 8815 मकानों को नुकसान पहुंचा है, जबकि 47,225 हेक्टेयर फसल बर्बाद हो चुकी है। वहीं अगर हिमाचल प्रदेश की बात करें तो यहां बारिश ने जमकर कहर बरपाया है। पहाड़ी राज्य के 12 जिले बारिश और बाढ़ से प्रभावित हैं। बता दें हिमाचल प्रदेश में बारिश के चलते अब तक कुल 95 लोगों की जान जा चुकी है वहीं 2 लोग लापता हैं, जबकि 99 लोग घायल हैं। 76 मकान पूरी तरह से नष्ट हो चुके हैं, जबकि 319 मकानों का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

मेगास्टार शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'जवान' के टीजर ने मचाया धमाल

पठान के बाद बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'जवान' के साथ फिर वापस आ रहे हैं। शाहरुख खान की 'जवान' के प्रीव्यू ने खूब सुर्खियां बटोरी हैं। अभिनेता सलमान खान ने भी इसकी जमकर तारीफ की। शाहरुख खान अपकमिंग फिल्म 'जवान' ने सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले ही जबरदस्त प्रतिक्रिया बटोरी है। 'जवान' के प्री-रिलीज वीडियो ने 24 घंटे में अब तक के पिछले सभी टीजर और ट्रेलरों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बॉलीवुड के 'भाईजान सलमान' ने सोशल मीडिया पर टीजर शेयर करते हुए कहा कि "यह ऐसी फिल्म है जिसे केवल सिनेमाघरों में ही देखना चाहिए।" सलमान ने लिखा, 'पठान जवान बन गया' का बेहतरीन ट्रेलर बेहद पसंद आया। यह ऐसी फिल्म है जिसे हमें सिनेमाघरों में ही देखनी चाहिए। मुझे यकीन है कि मैं इसे पहले दिन ही देखूंगा।"

कोर्टरूम ड्रामा 'द ट्रायल' में नोयोनिका के किरदार से जुड़ गई हैं काजोल

अभिनेत्री काजोल आगामी कोर्टरूम ड्रामा 'द ट्रायल' में नोयोनिका सेनगुप्ता की भूमिका में नजर आने वाली हैं। काजोल ने खुद को इस भूमिका में डुबो दिया है और इस किरदार के साथ जुड़ गई हैं। काजोल का कोर्टरूम ड्रामा 'द ट्रायल' - प्यार, कानून धोखा' की स्टोरी नोयोनिका की यात्रा पर है। पति से मिले विश्वासघात के बाद वह ऐसी यात्रा पर निकलती है जो वास्तव में उसे कसौटी पर खड़ा करती है। वह जीवन की सभी चुनौतियों को पार करती है। अनगिनत माताओं की भावनाओं को दोहराते हुए काजोल कहती हैं, नोयोनिका के चरित्र के बारे में मुझे जो पसंद है वह यह है कि वह एक महिला और एक मां है।

फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का टीजर रिलीज

सुपरस्टार प्रदीप पांडे चिंटू की भोजपुरी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का टीजर यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। टीजर देखकर लग रहा कि फिल्म मारधाड़ एवं एक्शन से भरपूर है। टीजर में एक बार फिर से प्रदीप पांडे चिंटू का जलवा देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में चिंटू एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जिनका स्क्रीन अपीयरेंस काफी अपीलिंग है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित भी करता है। फिल्म के निमार्ता संदीप सिंह, अरविन्द कुमार अग्रवाल व म्यूजिक सेटेलाइट हैं और इस फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक अनंजय रघुराज ने किया है। बुधवार को फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का टीजर यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। फिल्म के टीचर से साफ जाहिर होता है कि फिल्म की कहानी उत्तर प्रदेश की है। एक मिनट 26 सेकंड के रनटाइम वाले

फिल्म के टीजर में प्रदीप पांडे चिंटू की एंट्री पुलिस यूनिफॉर्म में एक इमानदार ऑफिसर की छवि में होती है। टीजर में दिखे डायलॉग इस बात की ओर इशारा कर रही है कि फिल्म में संवाद और डायलॉग बेहद मनोरंजक और खास होने वाले हैं। चिंटू के साथ इस फिल्म में संचिता बनर्जी नजर आने वाली है जिनके साथ टीजर में चिंटू शादी करते नजर आए हैं। पावर पैक स्टाइल के मामले में भी चिंटू का कोई जवाब नहीं।

मिशन भाजपा दिग्गजों के गढ़ों पर भी तृणमूल कांग्रेस का कब्जा

2024 से पहले बीजेपी को बड़ा झटका

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मुख्य विपक्षी दल भाजपा के लिए असहज करने वाले हैं। पार्टी के दिग्गज नेताओं के घरों के पास के मतदान केंद्रों पर भाजपा को शिकस्त का सामना करना पड़ा है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ऐसे क्षेत्रों में भी जीती है जहां 2019 के लोकसभा चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा का बड़ा जनाधार रहा है। यह 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के लिए बड़े झटके की तरह है। ऐसा ही क्षेत्र है उत्तर बंगाल का कूचबिहार। यहां त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में तृणमूल कांग्रेस का दबदबा है। ग्राम पंचायत हो या पंचायत समिति व जिला परिषद, हर जगह पार्टी ने जीत दर्ज की है। यह केंद्रीय मंत्री निशित प्रमाणिक के प्रभाव वाला इलाका है। यहां लोकसभा चुनाव और विधानसभा

चुनाव में भी तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद यहां भाजपा को बढ़त मिली थी। इस बार यहां तृणमूल कांग्रेस की जीत ने पार्टी को मुश्किल में डाल दिया है। यहां से ममता बनर्जी के कैबिनेट में सहयोगी रहे उदयन गुहा ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पूरे उत्तर बंगाल में तृणमूल ने शानदार प्रदर्शन किया है। बांग्लादेश के शरणार्थी समुदाय मतुआ बहुल इलाके में भी इस बार भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। केंद्रीय मंत्री और बनगांव से भाजपा के सांसद शांतनु ठाकुर के बूथ पर भी तृणमूल कांग्रेस का परचम लहराया है। यहां तक कि यहां से भाजपा विधायक सुब्रत ठाकुर के गढ़ में भी तृणमूल की जीत हुई है। यहां 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को खूब वोट मिले थे।

शांतनु ठाकुर का घर गायघाटा के इच्छापुर दो नंबर ग्राम पंचायत इलाके में है। यहां 42 नंबर मतदान केंद्र है। यहां से भाजपा की उम्मीदवार श्रेष्ठा मिर्धा हारी हैं और तृणमूल उम्मीदवार रिता मंडल की जीत हुई है। ऐसे ही पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अखिल भारतीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के घर के पास मतदान केंद्र में भी तृणमूल कांग्रेस की जीत हुई है।

करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी कूड़ा उठाव में हो रही है परेशानी

वाहनों के डीजल में प्रतिमाह खर्च होता है 90 लाख रुपये

नवीन मेल संवाददाता। रांची
शहर की सफाई व्यवस्था पर प्रतिमाह चार करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। इसमें से एक करोड़ की राशि 2400 कर्मचारियों के वेतन पर खर्च हो जाती है। इसके अलावा 300 से अधिक वाहनों के सफाई कार्य में लगे होने के कारण हर महीने 90 लाख रुपये डीजल पर खर्च हो जाते हैं। वहीं बाकी बचे रुपये वाहनों के मेंटीनेंस, ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव व मक्खी-मच्छरों के लिए चलाये जा रहे अभियान में खर्च होते हैं। इसके बाद भी डोर-टू-डोर कचरा उठाने में दिक्कत हो रही है। नगर निगम कचरा प्रबंधन में हो रही दिक्कत और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पिछले कुछ सालों में तीन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। पिछले साल अप्रैल माह में सीडीसी कंपनी को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद निगम स्वंय कचरे के प्रबंधन का काम कर रहा है। लेकिन धरातल पर हालात देख कर यही लगता है कि निगम के हाथ से स्थिति निकल गयी है। लोगों के घरों से कचरा नहीं उठने की शिकायत कर रहे हैं। इधर नगर निगम नई कंपनी की तलाश में जुट गया है। इसके लिए जब पहली बार टेंडर निकाला गया, तब सिर्फ एक कंपनी शामिल हुई थी। अब फिर कंपनी की तलाश जारी है। अधिकारियों की मानें तो अगस्त के पहले सप्ताह तक कंपनी का चयन कर लिया जायेगा।

1 साल से नगर निगम को कंपनी की तलाश : कचरा न उठने की लगातार शिकायतें मिलने के बाद नगर निगम कंपनी के चयन के लिए टेंडर निकाला है। लेकिन निगम को 1 साल बाद भी कंपनी नहीं मिल पा रही है। निगम के उप प्रशासक रजनीश कुमार ने बताया कि हम कंपनी की तलाश कर रहे हैं। कंपनी के अनुमोदन के लिए हम विभाग को पत्र लिख रहे हैं, फिर यह कैबिनेट में जायेगा। ज्यादा से ज्यादा 15 दिनों का और समय लगेगा। उम्मीद है कि प्रक्रिया अगस्त के पहले सप्ताह तक पूरी हो जाएगी।

रांची में युवक ने की खुदकुशी, सुसाइड नोट बरामद

रांची। पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपतनगर में किराये के मकान में रहने वाले एक युवक ने खुदकुशी कर ली। मृत युवक की शिनाख्त सपन कुमार राउत (31) के रूप में की गई है। वह मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें बच्ची की बीमारी का जिक्र है। पुंदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति ने कमरे में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली है। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें मृतक की बच्ची के बीमारी के बारे में जिक्र है। उसकी बच्ची बोल नहीं सकती थी। उसका इलाज करवा रहे थे लेकिन वह ठीक नहीं हो रही थी। जिससे वह काफी परेशान रहता था। इसी को लेकर राउत ने खुदकुशी कर ली। वह टेक्निशियन का कार्य करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

छात्रा की हत्या मामले को लेकर बीजेपी ने सरकार पर साधा निशाना

नवीन मेल संवाददाता। रांची
तेतुलमारी थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। जिसमें एक छात्रा ने इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि स्कूल में उसे टीचर ने सबसे सामने थप्पड़ मारा था। कहा जा रहा है कि छात्रा बिंदी लगाकर स्कूल गई थी जिसके कारण टीचर ने उसे सबसे सामने ना सिर्फ डांटा था बल्कि थप्पड़ भी मारा था। अब ये घटना राजनीतिक रूप लेता जा रहा है। इस मामले में बीजेपी ने हेमंत सोरेन सरकार को घेरने की कोशिश की है। तेतुलमारी थाना इलाके में छात्रा के आहत होकर आत्महत्या करने के बाद मंगलवार को छात्रा के परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा किया था। इसके साथ ही उन्होंने आरोपी टीचर और प्रिंसिपल को गिरफ्तार करने की मांगी की थी। इस मामले ने अब राजनीति रूप धारण कर लिया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस पर लिखा 'धनबाद के सेंट जेवियर्स स्कूल में पढ़ने वाली 10वीं की छात्रा की आत्महत्या की खबर सुनकर मर्माहत हूं। छात्रा के सुसाइड नोट में यह खुलासा हुआ है कि छात्रा बिंदी लगाकर स्कूल गई थी, इस कारण एक शिक्षिका ने उसे पीटा और अपमानित किया। इससे आहत छात्रा ने आत्महत्या कर ली। इस मामले में मुख्यमंत्री स्कूल पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। क्योंकि इस तरह का मामला बहुत ही निंदनीय है। जब तक उस शिक्षिका और प्राचार्य पर कड़ी कार्रवाई नहीं होगी तो इस तरह का मामला और भी हो सकता है। इस पर कड़ी सजा मिलेग ताकि आगे किसी को भी हिम्मत न करें।

रॉन्ग ड्राइविंग से बना मौत का हाईवे, 6 माह में 252 हादसे

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है पर जल्दीबाजी के चक्कर में शॉर्टकर्ट लेकर रॉन्ग साइड में वाहन दौड़ाना जानलेवा साबित हो रहा है। पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो 6 माह में रांची में 5 हाईवे, ओरमांझी, नामकुम, तमाड़, बेड़ो और इटकी में 252 हादसे हुए हैं। इनमें 51 लोगों ने जान गंवाई है। इनमें से 65 फीसदी हादसे रॉन्ग साइड ड्राइविंग की वजह से हुई। हिन्दुस्तान ने मंगलवार को गाजियाबाद में रॉन्ग साइड से आती स्कूली बस से हुए हादसे में 6 लोगों की मौत के बाद रांची में 6 राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की प्रमुख सड़कों की पड़ताल की। बूटी मोड़ से ओरमांझी मार्ग के बीच नेवरी चौराहे पर वाहन चालक बेधड़क नियमों का उल्लंघन करते दिखे। गेतलसूद जाने के लिए लोग दूसरे मार्ग पर उलटी दिशा में गाड़ी भगाते रहे। वहीं, सबसे अधिक दुर्घटना वाले मार्ग कांटाटोली से नामकुम के बीच भी वाहन चालक जान जोखिम में डाल रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने से गुरेज करते नजर नहीं आए। गौरतलब है कि रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर जुमार्ना ट्रैफिक पुलिस नहीं, बल्कि कोर्ट तय करता है। ट्रैफिक पुलिस चालक-गाड़ी पकड़ मामले को अभियोजन के लिए कोर्ट भेजेगी पर इसके बाद भी लोगो में कोई डर नहीं दिखा। ट्रैफिक विभगा के आंकड़ों के अनुसार हाईवे पर सबसे अधिक दुर्घटनाएं रॉन्ग साइड ड्राइविंग से होती है। हारी पड़ाल में यह भी साफ दिखा। चालक कुछ किमी आगे जाकर यूटर्न लेने की बजाय रॉन्ग साइड ड्राइनिंग करते रहे। कई बार यह जानलेवा होते-होते बची लेकिन पुलिस खामोशी से देखती रही। आसपास के लोगों ने बताया कि पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने से भी रॉन्ग साइड ड्राइविंग सहित अन्य नियम बेखौफ तोड़े जा रहे हैं।

रांची के धुर्वा थाने में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

लाखों के सामान जलकर राख

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बुधवार को रांची के धुर्वा थाने में अचानक आग लग गई। आग लगने की वजह से थाने में हड़कंप मच गया। इस आग की घटना में पुलिसकर्मियों का बैरक जलकर राख हो गया है। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने पुलिसवालों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। बुधवार को रांची के धुर्वा थाने में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पुलिस बैरक में अचानक आग की लपटें उठने लगी। इससे पहले कि पुलिसवाले कुछ समझ पाते आग की लपटें पूरे बैरक में फैल गईं। देखते ही देखते पुलिसकर्मियों के बिस्तर और फर्नीचर सहित दूसरे सामान जलकर राख हो गए। बैरक में रात्रि ड्यूटी से लौटकर आए कुछ पुलिसकर्मी आराम कर रहे थे, आग की तपिश लगते ही उन्होंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। धुर्वा थाने में पदस्थापित पुलिसकर्मियों ने बताया कि इस आग से पूरा बैरक ही बर्बाद हो गया है, यहां तक कि खाने पीने की चीजें भी जल गईं हैं।

दमकल ने आग पर काबू पाया: आग लगने की सूचना तुरंत पुलिसकर्मियों के द्वारा अग्निशमन विभाग को दी गई थी। जिसके बाद आनन-फानन में दमकल के दो वाहन धुर्वा थाने पहुंचे और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चूकी बैरक के चारों तरफ आग फैल चुका था, इसलिए दमकल कर्मियों को भी आग को बुझाने में काफी मेहनत करनी पड़ी।

अपना समान बचाने के लिए व्याकुल रहे पुलिसकर्मी : धुर्वा थाने के बैरक में 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी रहते हैं। बैरक में ही पुलिसकर्मियों के खाने-पीने के समान से लेकर पहनने वाले कपड़े और दूसरे तरह के सामान रखे हुए थे, वह सभी सामान जलकर राख हो गए। हालांकि पुलिसकर्मियों ने किसी तरह बैरक में रखे कुछ सामान को बाहर निकाल कर उसे बचाने की जुगत में लगे हुए थे, लेकिन अधिकांश उसमें नाकामयाब हुए। गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड की टीम सही समय पर पहुंच गई वरना आग की लपटे थाने तक पहुंची जाती।

शॉर्ट सर्किट से लगी थी आग: राजधानी रांची का धुर्वा थाना बिल्डिंग काफी पुरानी है, उसके ठीक बगल में ही बैरक का निर्माण वर्षों पहले किया गया था। बैरक में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। पुलिसकर्मियों के अनुसार बैरक में बिजली के तार जैसे तैसे लटके हुए हैं। उसी में स्पार्क की वजह से आग लगी। हालांकि कुछ पुलिसकर्मियों का यह भी कहना है कि जब्त किए गए कुछ डीजल और किरोसिन भी बैरक में ही रखे गए थे।

निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

रांची। भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर आज बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उन्हें मिली राहत को बरकरार रखते हुए पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 23 अगस्त तक बढ़ा दी। सांसद निशिकांत दुबे ने सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की थी। इस याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा।अब अदालत को इस मामले में 23 अगस्त को सुनवाई करेगा। बता दें कि साल 2023 के अप्रैल माह में भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व सीएम, 5 सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाना में केस दर्ज किया गया। जिसका कांड संख्या 107/2023 है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेर्शों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं।

जमीन विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

रांची। सदर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में दो लोगों के बीच मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एक पक्ष से मोहम्मद वसीम रजा ने जमीन हड़पने और जान से मारने की नीयत से हमला करने का आरोप लगाया है। दर्ज प्राथमिकी में वसीम ने बताया है कि बड़गांई मौजा के खाता संख्या 54 प्लॉट संख्या 1089 का 6.74 डिसमिल जमीन उनका है लेकिन जमीन हड़पने के लिए अनसुल अंसारी बार-बार मारपीट और जान मारने की धमकी देता है। इसके अलावा नौ लोगों के खिलाफ मारपीट, जबरन जमीन पर कब्जा करने की नीयत से जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण कराने का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष से अनसुल अंसारी ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने का प्रयास करने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

एक सौ श्मशान घाटों के सौंदर्यीकरण का लक्ष्य : संजय सेठ

रांची। सांसद संजय सेठ ने कहा कि अपने पहले कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र के एक सौ श्मशान घाटों के निर्माण और सौंदर्यीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसे तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। सेठ बुधवार को वार्ड संख्या 34 स्थित हेहल में सीसीएल के सहयोग से लगभग 46 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे श्मशान घाट निर्माण कार्य के शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने रांची लोकसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार के सहयोग से लगभग 1000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गेल इंडिया के सहयोग से कचरा निस्तारण के लिए प्लांट लगाया जा रहा है, जो अगले वर्ष से काम करना शुरू कर देगा। सेठ ने केंद्र सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्थानीय लोगों के बीच पम्फलेट का भी वितरण किया। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया । कार्यक्रम में पूर्व पार्षद विनोद सिंह, डॉक्टर भीम प्रभाकर और शशांक शेखर ने भी विचार रखे। इस मौके पर बिंदेश्वर वेग, मंटू केसरी, अजीत भगत, सोनू श्रीवास्तव, संतोष सिंह आलोक सिंह परमार, सतीश चौधरी, प्रदीप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

रांची के कारोबारी से टीपीसी के नाम पर 50 लाख की रंगदारी की मांग, फोन कर दी धमकी

रांची। राजधानी रांची के ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर से विभिन्न उग्रवादी संगठनों के नाम पर रंगदारी मांगे जाने के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला रांची के रातू थाना क्षेत्र का है यहां एक जमीन कारोबारी से उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले जमीन कारोबारी कमरुल हक से उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर 50 लाख रुपये लेवी की मांग की गई है। रंगदारी नहीं मिलने परकमरुल हक को जान से मार देने की धमकी भी दी गई है। कमरुल हक ने रांची के रातू थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। दर्ज प्राथमिकी में जमीन कारोबारी ने बताया है कि उनके मोबाइल पर आलोक जी नाम के एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) कमांडर बताकर संगठन के संचालन के लिए पैसे की मांग की। तथाकथित कमांडर आलोक जी ने कमरुल हक को जल्द से जल्द 50 लाख रुपये का इंतजाम करने को कहा है। जमीन कारोबारी ने रहा तो पुलिस को जिस नंबर से फोन आया था उसकी पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई है।तीन पर दर्ज करवाया एफआईआरः जमीन कारोबारी कमरुल हक ने रंगदारी मामले में 3 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई है। रातू थाने में दिए गए आवेदन में आलोक जी खलारी थाना क्षेत्र के रहने वाले इम्तियाज और वसीम खान पर भी प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 4 फरवरी को भी जमीन कारोबारी को जान से मारने की धमकी दी गई थी, उस दौरान भी जमीन कारोबारी के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी।

बीएयू ने मूंग की 26 उन्नत किस्मों के बीज का परीक्षण शुरू

कम अवधि वाले फसलों को मिलेगी प्राथमिकता : कुलपति

नवीन मेल संवाददाता। रांची
कुलपति डॉ. ओएन सिंह की पहल पर आईसीएआर की राष्ट्रीय संस्थान भारतीय दलहन अनुसंधान निदेशालय, कानपुर ने बीएयू को देश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए विकसित मूंग की कुल 26 उन्नत किस्मों के बीज को उपलब्ध कराया है। वर्त्तमान खरीफ मौसम में सभी उन्नत किस्मों का मल्टीलोकेशनल ट्रायल (एमएलटी) के माध्यम से बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन कार्यरत तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों, दारीसाई (पूर्वी सिंहभूम), चियांकी (पलामू) एवं दुमका तथा विवि मुख्यालय में परीक्षण शुरू किया गया है। बीएयू के आईसीएआर-एआईसीआरपी खरीफ दलहन परियोजना के अधीन सोमवार को क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, दारीसाई (पूर्वी सिंहभूम) के शोध फार्म में एमएलटी के तहत मूंग की सभी 26 उन्नत किस्मों को बोवाई की गयी। परियोजना अन्वेंषक डॉ. सीएस महतो ने बताया कि परीक्षण में बीएयू द्वारा विकसित दो स्थानीय किस्मों आरएमबी 15-1 एवं आरएमबी 15-8 को शामिल किया गया है। अगले दो-तीन दिनों में अन्य शोध फार्म में बोवाई का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। रांची, बोकारो, गुमला, पलामू एवं गढ़वा में मूंग की खेती की जाती है। इसके माध्यम से झारखण्ड राज्य के विभिन्न कृषि पारिस्थितिकी के अनुकूल एवं उपयुक्त किस्मों के प्रदर्शन का आकलन किया जायेगा। इसमें फसल अवधि, उपज क्षमता, फसल गुणवत्ता, रोग एवं कीट के प्रकोप पर विशेष ध्यान होगा। फसल प्रदर्शन के आधार पर राज्य के उपयुक्त दो-तीन उन्नत किस्मों को अनुशंसित की जाएगी। वर्त्तमान खरीफ मौसम में खरीफ दलहन परियोजना के अधीन उरद फसल की कुल 27 किस्मों का विवि मुख्यालय में कोऑर्डिनेटेड ट्रायल के माध्यम से परीक्षण किया जायेगा। कुलपति डॉ. ओएन सिंह ने बताया कि बदलते मौसम परिवर्त्तन में बीएयू द्वारा कम अवधि वाली फसलों के अनुसंधान को प्राथमिकता दी जा रही है। में करीब 65-68 दिनों की अवधि वाली दलहनी फसल मूंग की खेती का राज्य के ऊपरी (टांड़ -1) भूमि में काफी संभावना है। राज्य में प्रचलित वर्षा आधारित खेती, विषम मौसम की परिस्थिति एवं वषार्पात की असमानता को देखते हुए कृषि विविधिकरण पर जोर दिया जाना जरुरी है।

राहुल गांधी के समर्थन में कांग्रेस का मौन सत्याग्रह

केंद्र सरकार पर जमकर बोला हमला

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राहुल गांधी के समर्थन में झारखंड कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता बुधवार को रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में मौन सत्याग्रह पर बैठे। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं पर सुनियोजित साजिश और षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी के खिलाफ अदालतों में मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाया। यहां, राजेश ठाकुर का इशारा मोदी सरनेम मामले में देश के अलग-अलग राज्यों में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमों की ओर था। दरअसल, हाल ही में मोदी सरनेम केस में फौरी राहत देने की राहुल गांधी की याचिका गुजरात हाईकोर्ट द्वारा खारिज किए जाने के बाद कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन जारी है। पिछले दिनों झारखंड कांग्रेस ने अध्यक्ष राजेश ठाकुर और 4 कैबिनेट मंत्रियों की अगुवाई में अल्बर्ट एक्का चौक तक मार्च किया था। केंद्र और बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए थे। मोरहाबादी के बापू वाटिका में मौन सत्याग्रह पर बैठे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि मौजूदा समय में राहुल गांधी, केंद्र सरकार की नाकामियों के खिलाफ पूरे देश की आवाज बन गए हैं। बीजेपी और केंद्र सरकार उनकी आवाज को कुंद करने की जुगत में लगी है। उन्होंने कहा कि सुनियोजित साजिश और षड्यंत्र के तहत बीजेपी के कार्यकर्ता मेहुल चौकसी, नीरव मौदी और ललित मोदी जैसे लोगों का तथाकथित रिश्तेदार बनकर अदालतों में राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमें दायर कर रहे हैं।

एक दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे सीबीआई के डायरेक्टर

रांची। सीबीआई के डायरेक्टर प्रवीण सूद बुधवार को एक दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीबीआई के अधिकारी उन्हें लेकर रवाना हो गए। सीबीआई के डायरेक्टर बनने के बाद प्रवीण सूद का यह पहला झारखंड दौरा है। बताया गया है कि प्रवीण सूद रांची स्थित सीबीआई की आर्थिक शाखा, एंटी करप्शन ब्यूरो और चिटफंड की शाखा की समीक्षा करेंगे। साथ ही दर्द के शो की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी लेंगे।

उपलब्धि | रांची-पटना के बीच किराए में नहीं होगी कटौती

हावड़ा के लिए भी दौड़ाने की हो रही है तैयारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंडवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। साथ ही एक तकलीफ देने वाली भी खबर है। अच्छी खबर यह है कि बहुत जल्द रांची से हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन दौड़ने वाली है। लेकिन रांची से पटना के बीच चल रही वंदे भारत एक्सप्रेस के किराए में किसी तरह की कटौती नहीं होने जा रही है। चेयर कार से रांची से पटना जाने के लिए पूर्व निर्धारित 1,175 और एग्जीक्यूटिव क्लास के लिए 2,110 रु। देने होंगे। वहीं पटना से रांची के लिए चेयर कार का भाड़ा 1,025 और एग्जीक्यूटिव क्लास का भाड़ा 1,930 रु। लगेगा। रांची रेल मंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने इसकी वजह भी बताई है। उन्होंने ईटीवी भारत को बताया कि रांची से पटना के बीच चल रही वंदे भारत ट्रेन की ओक्यूपेंसी (रिजर्व सीट की संख्या) का औसत 80 प्रतिशत से ज्यादा है। रेलवे बोर्ड सिर्फ वैसी ट्रेनों के किराए में कटौती को लेकर मंथन कर रहा है, जिन ट्रेनों में 50 प्रतिशत से ज्यादा सीटें खाली रह जाती हैं।रही बात अच्छी खबर की तो ना सिर्फ रांची से हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन दौड़ाने की तैयारी चल रही है बल्कि हटिया से सैंकी के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को विस्तारित करते हुए बरकाकाना तक ले जाने की तैयारी की जा रही है। ईटीवी भारत को मिली जानकारी के मुताबिक दोनों ट्रेन के संचालन, टाइमिंग और स्टॉपेज को लेकर सिकंदराबाद में 5 जुलाई से 7 जुलाई के बीच आईआरसीटीसी की हाई लेबल मीटिंग में प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। रांची-हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन के फायदेः वंदे भारत ट्रेन के जरिए रांची से हावड़ा का सफर महज 6 घंटा 35 मिनट में पूरा होगा। अगर कोई चाहे तो एक ही दिन में रांची से हावड़ा के बीच का सफर पूरा कर लेगा। खासकर व्यवसायी वर्ग के लिए यह ट्रेन बेहद मुफीद होगी क्योंकि रांची से हावड़ा पहुंचने के बाद करीब साढ़े तीन घंटा के अंतराल पर इसी ट्रेन से वापसी संभव हो जाएगी। अभी तक के प्रस्ताव के मुताबिक प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन संख्या 20881 सुबह 5.20 बजे रांची से खुलेगी और राजाबेड़ा और प्रधानखूंटा में स्टॉपिज के बाद सीधे सुबह 11.55 बजे हावड़ा पहुंच जाएगी। इसी तरह हावड़ा से उसी दिन ट्रेन संख्या 20882 शाम को 15.30 (शाम 3.30 बजे) खुलेगी और रात 22।10 (रात 10.10 बजे) रांची पहुंच जाएगी। प्रधानखूंटा जंक्शन धनबाद रेल डिवीजन के अधीन धनबाद जिला में स्थित है। वहीं राजाबेड़ा रेलवे स्टेशन धनबाद रेल डिवीजन के अधीन बोकारो जिला में आता है। इस ट्रेन के किराए को लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं बताया गया है।हटिया-सैंकी और हटिया पैसेंजर ट्रेन का विस्तारः हटिया से सैंकी के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को बरकाकाना तक ले जाने की मांग लंबे समय से उठती रही है।

आईपीएस वाईएस रमेश को मिला जैप 2 का अतिरिक्त प्रभार

रांची। जैप 1 के कमांडेंट वाईएस रमेश को अपने कार्यों के अतिरिक्त जैप 2 टाटीसिलवे का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसको लेकर जैप डीआईजी सुनील भास्कर द्वारा आदेश जारी किया गया है. जारी आदेश में कहा गया है कि जैप 2 कमांडेंट के पद पर पदस्थापित इंद्रजीत महथा के डीआईजी के पद पर प्रोन्नत होने के बाद से जैप 2 कमांडेंट का पद रिक्त हो गया है। जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। इसलिए वाईएस रमेश अपने कार्यों के अतिरिक्त जैप 2 के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वाईएस रमेश के पास पूर्व से होमगार्ड एवं अग्निशमन विभाग के एसपी का अतिरिक्त प्रभार ह।

NEWS इन ब्रीफ

यशस्वी के लिए पदार्पण आसान नहीं होगा : आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली। यशस्वी जयसवाल बुधवार को डोमिनिका में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना टेस्ट डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और यह मौका इससे बेहतर समय पर नहीं मिल सकता था। 21 वर्षीय खिलाड़ी हाल के आईपीएल के दौरान जबरदस्त फॉर्म में थे और खेल के लंबे प्रारूपों में भी एक साबित खिलाड़ी हैं। एक पूर्वावलोकन शो के दौरान, जियोसिनेमा विशेषज्ञ, आकाश चोपड़ा ने कहा- यशस्वी जयसवाल के चयन के बारे में अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ आईपीएल रनों के कारण नहीं है। हां, वह आईपीएल के इस संस्करण में बिल्कुल अभूतपूर्व और शानदार थे, लेकिन फिर उन्होंने मुंबई और पश्चिम क्षेत्र के लिए खेलते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया।" भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहाः ह्ववास्तव में, वह जहां भी खेले हैं, जिस भी टीम का उन्होंने अब तक प्रतिनिधित्व किया है, उन्होंने बहुत सारे रन बनाए हैं, और इसलिए, केवल दिन के प्रारूप में खेलने की नब्ज को समझने की आवश्यकता है। दिन के प्रारूप में एक बल्लेबाज के रूप में, यह उसे अच्छी स्थिति में रखेगा।

फीफा ने जिम्बाब्वे से प्रतिबंध हटाया

हरारे। फुटबॉल की वैश्विक नियामक संस्था फीफा ने जिम्बाब्वे पर विश्व टूर्नामेंटों में भाग लेने से प्रतिबंध हटा लिया है। देश की खेल, कला और संस्कृति मंत्री किर्स्टी कोवेंट्री ने ये जानकारी दी। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कोवेंट्री ने हरारे में एक संवाददाता सम्मेलन में 18 महीने के निलंबन की समाप्ति को 'रोमांचक' और 'अविश्वसनीय' बताया। फीफा ने कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले विश्व कप के लिए अफ्रीकी क्वालीफायर के ड्रा से केवल दो दिन पहले सोमवार को बैन हटाया।

कश्मीर में नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट देखने उमड़ी भीड़

श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के एक कस्बे हंदवाड़ा में खेल भावना और सौहार्द की भावना नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई, जहां दूधिया रोशनी में एक आकर्षक नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट देखा गया। हजारों खेल प्रेमी, एथलीट और स्थानीय निवासी बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में उमड़ पड़े, जिससे सड़कें उत्साह के जीवंत केंद्र में बदल गईं। वॉलीबॉल के शौकीनों द्वारा बेसब्री से इंतजार किया जाने वाला यह टूर्नामेंट तब शहर में चर्चा का विषय बन गया, जब दूधिया रोशनी में होने वाले मैचों की खबर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जंगल की आग की तरह फैल गई। रंग-बिरंगी रोशनी के झरने से सजे आयोजन स्थल ने एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला माहौल बना दिया, जिसने खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों का ध्यान समान रूप से आकर्षित किया। जैसे ही पहला मैच शुरू हुआ, वॉलीबॉल हवा में उछलने लगे, साथ ही जयकार और तालियां रात भर गूंजती रहीं।

भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी, स्पेन के लिए रवाना

एजेंसी। बेंगलुरु

भारतीय महिला हॉकी टीम बुधवार को बेंगलुरु से अपने यूरोपीय दौरे के लिए रवाना हुई। टीम तीन मैचों की श्रृंखला के लिए सबसे पहले जर्मनी के लिए उड़ान भरेगी, जहां भारत दो मैचों में मेजबान जर्मनी से भिड़ेगा, जबकि एक मैच में उनका मुकाबला चीन से भी होगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत लिम्बर्ग में करेगी, जहां उनका मुकाबला 16 जुलाई 2023 को चीन से होगा। इसके बाद, भारतीय टीम क्रमशः 18 और 19 जुलाई 2023 को विस्बाडेन और रसेलहेम में मेजबान जर्मनी से भिड़ेगी। भारतीय टीम इस दौरे का उपयोग हांग्जो एशियाई खेल 2023 की तैयारी के लिए करेगी।

इसके बाद भारतीय टीम 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन - अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए 20 जुलाई को टेरासा, स्पेन के लिए उड़ान भरेगी। वे अपने अभियान की शुरूआत 25 जुलाई को मेजबान स्पेन के खिलाफ करेंगे। भारतीय टीम का अगला मुकाबला 27 जुलाई को रिपब्लिक ऑफ साउथ अफ्रीका से होगा। 28 जुलाई को उनका आखिरी ग्रुप मैच इंग्लैंड के खिलाफ होगा।

टीम का नेतृत्व गोलकीपर सविता करेंगी जबकि दीप ग्रेस एक्का को उप-कप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में प्रशिक्षण ले रही थी। भारतीय टीम के रवाना होने से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, "हम वास्तव में इस दौरे का इंतजार कर रहे हैं। एशियाई खेलों से पहले अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने से हमें सीखने का अच्छा अनुभव मिलेगा। आगामी एशियाई खेलों की तैयारी के लिए ये मैच हमारे लिए वास्तव में महत्वपूर्ण होंगे। पिछले कुछ महीनों में अपनी ताकत और कमजोरियों पर काम करने के बाद, हम जर्मनी और स्पेन में अपना सर्वश्रेष्ठ देने का लक्ष्य रखेंगे।"

इस बीच, भारतीय महिला हॉकी टीम की उप-कप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, "हमने पिछले कुछ हफ्तों में कठोर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए हैं।

भारतीय टीम इस प्रकार है

गोलकीपर : सविता (कप्तान), बिच्छू देवी खारिबाम।
डिफेंडर : दीप ग्रेस एक्का (उपकप्तान), निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता, सुशीला चानू पुखरामबम।
मिडफील्डर : निशा, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, बलजीत कौर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, ज्योति छेत्री।
फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, वंदना कटारिया, संगीता कुमारी, दीपिका।

रुबलेव को हरा कर विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच

एजेंसी। लंदन

नोवाक जोकोविच रिकॉर्ड 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने एक सेट से पिछड़ने के बाद मंगलवार को रूस के आंद्रे रुबलेव को 4-6, 6-1, 6-4, 6-3 से हरा कर विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में सर्बियाई खिलाड़ी का मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त जननिक सिनर से होगा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सिनर ने रूस के रोमन सफीउल्लिन को 6-4, 3-6, 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

25 वर्षीय रूबलेव का ये आठवां प्रमुख क्वार्टरफाइनल गेम था। रुबलेव को इसी साल ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर में जोकोविच ने हराया था। रुबलेव के बारे में जोकोविच ने कहा, ग्रैंड स्लैम में मैंने उनका सामना किया, वो एक श्रेष्ठ खिलाड़ी हैं।

क्वार्टर फाइनल में उलटफेर का शिकार इगा स्वियातेक

पोलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इगा स्वियातेक मंगलवार को विंबलडन 2023 के क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलाना के हाथों उलटफेर का शिकार होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। पूर्व विश्व नंबर तीन स्वितोलाना ने फॉर्म में लौटने का अंदेशा देते हुए विश्व नंबर एक स्वियातेक को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराकर दूसरी बार विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार फ्रेंच ओपन और एक बार अमरीकी ओपन जीतने वाली स्वियातेक का यह विंबलडन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह पिछले साल भी इस आयोजन में तीसरे चरण तक ही पहुंच सकी थीं। बीते अक्टूबर अपनी बेटी को जन्म देने के बाद अप्रैल 2023 में कोट 'पर लौटीं स्वितोलीना पहले सेट में 3-5 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले 18 में से 16 पॉइंट अपने हित में किए।

क्रैग ब्रैथवेट ने टेस्ट सीरीज में भारत को पछाड़ने के लिए निरंतरता पर दिया जोर

एजेंसी। डोमिनिका

वेस्टइंडीज के टेस्ट कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने बुधवार से यहां विंडसर पार्क में शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में मेहमान टीम भारत को चुनौती देने के लिए अपने खिलाड़ियों की निरंतरता के महत्व पर जोर दिया है। नई आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 में दोनों टीमों का यह पहला मैच होगा। ब्रैथवेट, 85 टेस्ट के अनुभवी, ने कहा कि अगर वेस्टइंडीज को मेहमानों को पछाड़ना है, तो उन्हें विंडसर पार्क में पहली गेंद से लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ब्रैथवेट ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, हम चुनौती के लिए तत्पर हैं। मुझे लगता है कि हम डोमिनिकन जनता के समर्थन के लिए भी तत्पर हैं। और हमने कुछ संख्या में चर्चा की कि हम कैसे खेलना चाहते हैं और कुंजी निरंतरता है। हम निरंतर बने रहना चाहते हैं। पहली पारी से लेकर पूरे टेस्ट मैच से लेकर दूसरे टेस्ट तक, और हम ऐसा करने के लिए उत्सुक हैं।" उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर हमारे सामने रास्ते में हमेशा चुनौतियाँ होंगी - अच्छे गेंदबाजी स्पैल, अच्छी बल्लेबाजी, अच्छी साझेदारियाँ - लेकिन एक गेंदबाजी समूह के रूप में हमें एक साथ रहना होगा और खुद को एक साथ रखना होगा। लेकिन हम यहां डोमिनिका में चुनौती के लिए तत्पर हैं और हम देख रहे हैं भीड़ के बाहर आने और कुछ अच्छे घरेलू समर्थन देने के लिए आगे बढ़ें, लेकिन हम जाने के लिए तैयार हैं।" अनुभवी तेज गेंदबाज केमार रोच ब्रैथवेट द्वारा अपेक्षित निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों में 11 विकेट लेकर 261 विकेट के साथ वेस्टइंडीज के सर्वकालिक गेंदबाजी चार्ट में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

ब्रैथवेट ने बारबेडियन को आगामी श्रृंखला में भारत को अनलॉक करने की कुंजी में से एक बताया और रोच द्वारा गेंदबाजी आक्रमण में लाए गए प्रभाव की प्रशंसा की। ब्रैथवेट ने कहा, केमार का होना बहुत अच्छा है, खासकर ड्रेसिंग रूम में उनके अनुभव को देखते हुए। मैदान पर वह हमेशा तेज गेंदबाजों को सलाह देते हैं और मदद भी करते हैं - यहां तक ??कि कई बार स्पिनरों को भी। इसलिए उनका होना बहुत अच्छा है। वह एक लीजेंड हैं।वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए मैं उम्मीद करता हूं कि केमार कई वर्षों तक वेस्टइंडीज के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वेस्टइंडीज की सबसे हालिया टेस्ट सीरीज 2023 की शुरूआत में हुई जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया।

दुर्भाग्य से, वे जीत हासिल करने में असफल रहे और 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। जैसे ही वे 2023-25 ??के लिए नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरूआत करेंगे, वेस्टइंडीज सकारात्मक शुरूआत करने और अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए उत्सुक होगा।

बांग्लादेश ने दर्ज की बड़ी जीत

अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप करने से रोका

एजेंसी। चट्टोग्राम

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और कप्तान लिटन दास के नाबाद अर्धशतक की मदद से बांग्लादेश ने मंगलवार को यहां तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से बड़ी जीत दर्ज करके अफगानिस्तान की तीन मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। शोरिफुल ने 21 रन देकर चार विकेट लिए और अफगानिस्तान को 45.2 ओवर में 126 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। अफगानिस्तान के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें अजमुतुल्लाह ओमारजई ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से शोरिफुल के अलावा तासकीन अहमद और ताइजुल इस्लाम ने दो-दो विकेट लिए। अनुभवी शाकिब अल हसन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 13 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

चेन्नई लायंस-पुणेरी पल्टन के बीच मैच से होगा यूटीटी के चौथे सत्र का आगाज

एजेंसी। पुणे

स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल की चेन्नई लॉयंस और मेजबान पुणेरी पल्टन के मुकाबले से अल्टीमेट टेबल टेनिस के चौथे सत्र का यहां बृहस्पतिवार को आगाज होगा। चार साल पहले चेन्नई लॉयंस ने दबंग दिल्ली को फाइनल में हराकर खिताब जीता था और इस बार भी उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी । छह टीमों की यह लीग 13 से 31 जुलाई के बीच खेली जायेगी। शरत उन चार खिलाड़ियों में से हैं जिन्हें टीमों ने इस बार रिटेन रखा है। चीन में इस साल होने वाले एशियाई खेलों और 2024 पेरिस ओलंपिक से पहले उनके प्रदर्शन पर सभी की नजरें होंगी। बेंगलुरू स्मैशर्स ने मनिका बत्रा को और दबंग दिल्ली ने जी साथियान को बरकरार रखा है। मानव ठक्कर मुंबई की कमान संभालेंगे । चार बार के ओलंपियन शरत के अलावा चेन्नई टीम में आस्ट्रेलिया के यांगजी लियू और जर्मनी के बेनेडिक्ट डुडा भी हैं। इनके अलावा भारत की सुतीर्था मुखर्जी, पायस जैन और प्राप्ती सेन भी इसी टीम में हैं। पुणेरी पल्टन में मिस्र के उमर असार पर नजरें होंगी जो इस साल दक्षिण अफ्रीका में विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे अफ्रीकी खिलाड़ी बने।

चिली के मिडफील्डर मेडेल वास्को डी गामा से जुड़े

एजेंसी। रियो डी जेनेरो

ब्राजीलियाई सीरी ए क्लब ने कहा कि वास्को डी गामा ने चिली के मिडफील्डर गैरी मेडेल के साथ फ्री ट्रांसफर पर अनुबंध पूरा कर लिया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेडेल द्वारा सोमवार को रियो डी जेनेरो में मेडिकल पूरा करने के बाद दोनों पक्ष दिसंबर 2024 तक चलने वाले सौदे पर सहमत हुए। वास्को के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर जारी एक वीडियो में 35 वर्षीय ने कहा, आपने जो स्वागत किया है, उसके लिए मैं आपको (प्रशंसकों को) धन्यवाद देना चाहता हूं।

ब्राजीलियाई सीरी ए सीजन में वास्को की खराब शुरूआत के संदर्भ में उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं आपके लिए अपेक्षित सकारात्मक परिणाम ला सकता हूं। मुझे पता है कि एक साथ रहकर हम इस (कठिन) स्थिति को उलटने में सक्षम होंगे। मेडेल, जिन्होंने चिली की राष्ट्रीय टीम के लिए 156 बार मैच खेले हैं, जून में इटली के बोलोग्ना से अलग होने के बाद से बिना किसी क्लब के थे। इस सीजन में अब तक 14 मैचों में से केवल दो जीत के साथ वास्को 20-टीम ब्राजीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में 19वें स्थान पर है।

एशिया कप 2023 | **आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल ने की पुष्टि**

पाक नहीं जायेगी भारतीय टीम

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का बहुचर्चित मैच श्रीलंका में होगा क्योंकि रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जायेगी। आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। धूमल इस समय डरबन में आईसीसी मुख्य कार्यकारियों की बैठक के लिये गए हैं। उन्होंने पुष्टि की कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ की बृहस्पतिवार को होने वाली आईसीसी बोर्ड की बैठक से पहले मुलाकात हुई ताकि एशिया कप का कार्यक्रम तय हो सके। धूमल ने डरबन से पीटीआई से कहा, हमारे सचिव ने पीसीबी प्रमुख जाका अशरफ से मुलाकात की और एशिया कप के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। यह उसी के अनुरूप है जिस पर पहले बात की गई थी। पाकिस्तान में लीग चरण के चार मैच होंगे जिसके बाद नौ मैच श्रीलंका में होंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान का मैच शामिल है। दोनों टीमें फाइनल खेलती हैं तो वह भी श्रीलंका में होगा।

उन्होंने पाकिस्तान मीडिया में आ रही इन अटकलों को खारिज किया कि भारतीय टीम पाकिस्तान जायेगी। पाकिस्तान के खेल मंत्री अहसान मजारी के हवाले से ऐसी खबरें आ रही थीं। धूमल ने कहा, इस तरह की कोई बात नहीं हुई। भारतीय टीम या हमारे सचिव पाकिस्तान नहीं जायेंगे । सिर्फ कार्यक्रम तय किया गया है। भारतीय टीम श्रीलंका के दाम्बुला में पाकिस्तान से खेल सकती है। पाकिस्तान का अपनी धरती पर एकमात्र घरेलू मैच नेपाल के खिलाफ होगा। इनके अलावा पाकिस्तान में अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश, बांग्लादेश बनाम श्रीलंका और श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान मैच होंगे।